दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 1 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-248 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

भाकपा माले के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य का निधन

पटना। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य का निधन पटना के एक निजी अस्पताल में हो गया। वे पार्टी के केंद्रीय संगठन विभाग के प्रभारी और पोलित ब्यूरो के सदस्य थे। उनके निधन को पार्टी ने अपूरणीय क्षति बताया और मुख्यालय में पार्टी का झंडा झुका दिया। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर पटना से आरा ले जाया गया, जहां के क्रांति पार्क में रविवार को सुबह आठ बजे तक आमलोगों के दर्शनार्थ उनका पार्थिव शरीर रहेगा। इसके बाद उन्हें श्रद्धांजलि एवं अंतिम विदाई देने के बाद उनका पार्थिव शरीर को आरा से पटना लाया जाएगा और न्यू एमएलए फ्लैट, वीरचंद पटेल पथ में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा।



उमर अब्दुल्ला ने निधि राजदान से रचाई शादी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पत्रकार निधि राजदान से शादी कर ली है। उमर ने शनिवार को दोनों की 2 तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा- ह्याकल एक नई शुरूआत हुई, निधि।ह्यपोस्ट के साथ उन्होंने रिंग इमोजी भी लगाया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स दोनों की शादी और सगाई को लेकर कयास लगा रहे हैं। निधि ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में रिंग इमोजी के साथ लिखा, इट्स डन ब्रो। उमर का पहली पत्नी पायल के साथ इस साल 31 जुलाई को तलाक हुआ था।

देश की दूसरी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन काशी से दिल्ली के बीच चली

नई दिल्ली। दिल्ली और काशी के बीच रेल यात्रा करने वालों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक है। काशी-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू होने से समय की बचत के साथ ही उनका अनुभव बेहतर होने वाला है। आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है। ट्रेन के शुभारंभ से पहले पीएम मोदी ने वाराणसी के लोगों को शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि काशी से प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल होते हुए दिल्ली तक चलने वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लाखों श्रद्धालुओं, पर्यटकों, युवाओं और व्यापारियों की यात्रा को सुगम बनाएगी।

बिहार में सबसे ऊंची प्रतिमा लौहपुरूष की बनेगी : सम्राट

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह'

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए। साझी विरासत अभियान द्वारा सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित बापू सभागार में आयोजित इस समारोह में सीएम ने लौह पुरुष सरदार पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल देश के सबसे मजबूत गृह मंत्रियों में से एक थे। उन्होंने 567 रियासतों का भारत में विलय कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। यदि सरदार पटेल नहीं होते तो आज भारत का स्वरूप इतना विशाल और एकीकृत नहीं होता। सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में सबसे ऊंची मूर्ति लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक विकसित एवं आर्थिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने सरदार पटेल के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंत्री राम कृपाल यादव, भगवान सिंह कुशवाहा, डॉ. प्रमोद कुमार, शीला कुमारी, विधायक उपेंद्र प्रसाद, अश्वमेघ देवी, रत्नेश कुमार, अरुण माझी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



युवाओं की बड़ी आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी पढ़ाई और बेहतर नौकरी के लिए बिहार के युवा देश-दुनिया में कहीं भी जाएं, लेकिन मजबूरी में किसी को रोजगार एवं जीविकोपार्जन के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। इसके लिए राज्य में उद्योगों का जाल बिछाया जा रहा है। औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। सोलर प्लांट, थर्मल प्लांट और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। बिहार की लगभग 14 करोड़ आबादी में युवाओं की बड़ी भागीदारी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। नवंबर 2030 तक एक करोड़ परिवारों को उद्योग जगत से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो राज्य अपनी कमजोरी को ताकत में बदलता है, वही आगे बढ़ता है।

शहरी विकास एवं आधारभूत संरचना के विस्तार को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री ने उपयोग पोर्टल का किया शुभारंभ

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के अंतर्गत राज्य के सभी नगर निकायों के लिए विकसित किए जा रहे उपयोग पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पोर्टल की कार्यप्रणाली पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई तथा मुख्यमंत्री के समक्ष पोर्टल का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया।



कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव ने उपयोग पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि शहरी सेवाओं को डिजिटल, सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रथम चरण में पोर्टल के 19 में से 10 मॉड्यूल की शुरूआत की गई है। इनमें विज्ञापन प्रबंधन, ट्रेड लाइसेंस, जल एवं सीवरेज कनेक्शन प्रबंधन, परिसंपत्ति प्रबंधन, वाहन बेड़ा प्रबंधन, नगरपालिका लेखा एवं वित्त प्रबंधन, भवन नक्शा स्वीकृति, विधि मॉड्यूल, सामग्री प्रबंधन तथा लेक शिकायत निवारण जैसी समस्याओं का समाधान होगा। इस पोर्टल को राज्य के 264 शहरी स्थानीय निकायों में लागू करने की योजना है। इसके माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शहरी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तथा डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी। भवन निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया भी ऑनलाइन की जाएगी। इससे नागरिकों को सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी तथा सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसी) के बीच विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में समझौता ज्ञापन का हस्तांतरण किया गया। पहली परियोजना के तहत पटना में टीवी टावर के निकट बिहार राज्य आवास बोर्ड के सेक्टर-5 स्थित लगभग 8.5 एकड़ भूमि पर वित्तपोषित आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना है।

एसपी स्वीटी और आशीष भारती समेत 7 पुलिस अफसरों को केंद्रीय दक्षता पदक

- आशीष भारती को रोहतास अपहरण मामले में सम्मान
- स्वीटी सहरावत को पाटलिपुत्र डबल मर्डर के लिए पदक
- सीबीआई डीएसपी अमित कुमार को भी दक्षता पदक मिला

पटना (एनएसबी)। बिहार पुलिस के एसपी आशीष भारती और स्वीटी सहरावत समेत सात पुलिस पदाधिकारियों को वर्ष 2026 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पटना के डीएसपी अमित कुमार और बिहार की विधि-विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के असिस्टेंट डायरेक्टर नीरज कुमार वार्ष्णेय को भी दक्षता पदक के लिए चुना गया है। इस तरह बिहार के खाते में कुल नौ पदक आए हैं। यह पदक पुलिसिंग, जांच, खुफिया सेवा, अभियानों और फारेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों एवं अधिकारियों को प्रदान किया जाता है। इस साल देश के बिहार समेत विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के कुल 490 कर्मियों को पुरस्कार मिला है। पदक की घोषणा हर साल 31 अक्टूबर को देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर की जाती है। आशीष भारती को वर्ष 2022 में बतौर एसपी रोहतास जिले में फिरौती के लिए अपहरण से जुड़े मामले में बेहतर अनुसंधान के लिए पदक मिला है। यह मामला सासाराम टाउन (दरिगांव) थाना कांड संख्या 183/22 से जुड़ा है। इसमें पीड़ित को 72 घंटों के भीतर बिना कोई फिरौती दिए सकुशल बरामद कर लिया गया था। आशीष भारती फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ में डीआईजी के पद पर सेवा दे रहे हैं।

एमएलसी राहुल राज और बंशीधर ब्रजवासी ने भाजपा ज्वाइन की



पटना (एनएसबी)। विधान परिषद चुनाव के नतीजे आने के बाद बिहार में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। तिरहुत स्नातक से दो बार निर्दलीय चुनाव जीतने वाले बंशीधर ब्रजवासी और सारण शिक्षक से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले राहुल राज ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। दोनों निर्दलीयों ने जदयू प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज की है। बिहार भाजपा के प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम सम्राट चौधरी ने दोनों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। हालांकि राहुल राज भाजपा में ही थे। वे प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे हैं। एमएलसी चुनाव मे टिकट नहीं मिलने के कारण वे निर्दलीय चुनाव लड़ गये थे। पार्टी से बगावत करने के कारण भाजपा ने उन्हें छह साल के लिए निकाल दिया था। इन दोनों के भाजपा में शामिल होने से विधान परिषद में भाजपा और एनडीए और मजबूत हो गई । सदस्यता ग्रहण करने के बाद दोनों ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में हिस्सा लिया और विधान परिषद के अंदर भाजपा एवं सम्राट सरकार का समर्थन करने की घोषणा की।

मध्य प्रदेश : वेस्टेज चैंबर में उतरे 4 कर्मचारियों की मौत



उज्जैन (एजेंसी)। देवास रोड स्थित होटल श्रीगंगा के वेस्टेज चैंबर में गिरने से चार कर्मचारियों की मौत हो गई। शनिवार देर रात हुए इस हादसे में कुछ अन्य कर्मचारी घायल भी हुए हैं। देर रात तक बचाव कार्य जारी रहा। होटल के दायीं ओर स्थित वेस्टेज चैंबर में मिष्ठान्न, डेयरी उत्पाद आदि का अवशेष फेंका जाता है। शनिवार रात करीब 10.30 बजे कुछ कर्मचारी सफाई करने चैंबर में उतरे थे, लेकिन बाहर नहीं निकल पाए। उन्हें बचाने के प्रयास में कुछ अन्य कर्मचारी भी गैस की चपेट में आ गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। जानकारी मिलने पर एसपी प्रदीप शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

इंडिया गठबंधन ने ज्ञानेश के खिलाफ चलाया जन महाभियोग

विपक्ष की संसद में खड़गे बोले-ज्ञानेश को हटाएं, एसआईआर रोकें, लगाए छह गंभीर आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया गठबंधन ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग की कार्यवाही की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास 10, राजाजी मार्ग पर आयोजित इस प्रतीकात्मक संसदीय कार्यवाही में विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर मतदाता सूचियों से बड़े पैमाने पर नाम हटाने और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने इस कार्यवाही की अध्यक्षता की, जबकि खड़गे ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ छह आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे और उन्हें समापन संबोधन देना है। कार्यवाही की शुरूआत राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुई। इसके बाद मीरा कुमार ने कहा कि करोड़ों मतदाताओं के नाम कथित तौर पर बिना पारदर्शिता और जवाबदेही के मतदाता सूचियों से हटाए जा रहे हैं। इसी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन ने यह सभा बुलाई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, वे भी इस कार्यवाही में मौजूद हैं। प्रस्ताव पेश करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मिले मतदान के अधिकार पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निदेशों पर काम कर रहे हैं।



राहुल बोले-2024 लोकसभा चुनाव अवैध

राहुल गांधी ने संसद में बोलते हुए कहा कि 2024 का चुनाव अवैध है। एसआईआर में भारत की 15 प्रतिशत जनता के नाम काटे गए। सीईसी ज्ञानेश कुमार बचेंगे नहीं।राहुल शनिवार को दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर चल रही मॉक पार्लियामेंट को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस सहित 19 दल के नेता शामिल हैं। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं।

बंगाल की खाड़ी में फिर आ रहा जलजला

- अर्नब के बाद अब तूफान 'मुरसु' देगा दस्तक

नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तट पर अभी चक्रवाती तूफान अर्नब का असर पूरी तरह थमा भी नहीं है कि एक और तूफान की आहट मिलने लगी है। बंगाल की खाड़ी में मौसम तेजी से कर-वट ले रहा है। समुद्र के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब ताकत पकड़ रहा है. भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक यह सिस्टम रविवार तक चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसके बाद सोमवार शाम तक आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ने की संभावना है। अगर यह तूफान विकसित होता है तो इसका नाम मुरसु रखा जाएगा. इस तरह अर्नब के बाद आंध्र प्रदेश को एक बार फिर भारी बारिश और समुद्र में उठती ऊंची लहरों के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। अभी हाल ही में तूफान अनर्ब ने आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा तबाही मचाई।

बिहार में बिजली कनेक्शन हुआ महंगा, 1 से लागू होगी नई दर



पटना (एनएसबी)। बिहार में नया बिजली कनेक्शन लेना अब महंगा होने जा रहा है. बिजली कंपनियां 1 नवंबर से नई दर लागू करने जा रही हैं। अब घरेलू उपभोक्ताओं को 3 किलोवाट तक के कनेक्शन के लिए 900 रुपये देने होंगे. इससे ज्यादा लोड का कनेक्शन लेने पर शुल्क भी बढ़ जाएगा। नई दरें घरेलू के साथ औद्योगिक बिजली कनेक्शन पर भी लागू होंगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनियों की याचिका पर जुलाई में ही नई दरों को मंजूरी दे दी थी. इसके बाद 29 जुलाई को बिजली कंपनियों ने सभी जिलों को इसकी जानकारी भेज दी थी. अब 1 नवंबर से नई व्यवस्था लागू होगी। बिजली कंपनियों ने 150 किलोवाट तक के नए कनेक्शन के लिए सर्विस कनेक्शन शुल्क तय किया है। इसका मतलब है कि उपभोक्ता को आवेदन करते समय ही पता चल जाएगा कि कनेक्शन लेने के लिए कितनी राशि देनी होगी. नई व्यवस्था में एलटी सिंगल फेज, एलटी थ्री फेज और एचटी श्रेणी के नए कनेक्शन शामिल हैं। यह व्यवस्था उन इलाकों के लिए है, जहां पहले से बिजली की सुविधा उपलब्ध है। शुल्क जमा होने के बाद बिजली कंपनी तकनीकी जरूरत के अनुसार मीटर तक बिजली की लाइन और सर्विस तार उपलब्ध कराएगी। इसके बाद नया कनेक्शन जारी किया जाएगा। दोनों बिजली वितरण कंपनियों ने अपने सभी अंचलों, प्रमंडलों और उपप्रमंडलों को इस संबंध में निर्देश दे दिए हैं।

आजम को जेल के बाहर ईडी ने किया गिरफ्तार

रामपुर (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान बेटे अब्दुल्ला के साथ 11 महीने बाद रामपुर जेल से बाहर आए, लेकिन आजम को जेल के गेट से ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। पहले जेल के बाहर प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने आजम से पूछताछ की, फिर अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गए। ईडी आजम को गाजियाबाद कोर्ट में पेस करगी। इससे पहले ईडी और आजम के बीच काफी देर बहस भी हुई। इस बीच आजम ने भावुक अंदाज में कहा कि अब कहने को क्या है? यह मुसलमान होने की सजा है। गलती यह है कि एक मुसलमान ने यूनिवर्सिटी बनाई। यह हमारा गुनाह है। वहीं, बेटा अब्दुल्ला आजम घर चला गया। दरअसल, आजम की रिहाई से करीब 15 मिनट पहले ईडी की एक टीम जेल के अंदर दाखिल हुई थी। सीआरपीएफ के 24 जवान भी तैनात थे। 29 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 2 पैन कार्ड मामले में आजम और अब्दुल्ला की 10 साल की सजा सस्पेंड कर दिया था।

आरके सिन्हा पंचतत्व में विलीन

राजकीय सम्मान के साथ दीघा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

पटना (एनएसबी)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. रविन्द्र किशोर सिन्हा का दीघा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बेटे और भाजपा नेता ऋतुराज ने मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद लोग आरके सिन्हा अमर रहे के नारे लगाते रहे। इससे पहले, सीएम सम्राट चौधरी और डिप्टी सीएम विजय चौधरी पटना स्थित अन्नपूर्णा आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सीएम सम्राट आरके सिन्हा के बेटे और भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा से बात कर उन्हें ढांढस बंधाते दिखे। वहीं बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल, मिथिलेश तिवारी, सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व मंत्री मंगल पांडे समेत कई नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। बता दें एसआईएस ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन डॉ. आरके सिन्हा ने शुक्रवार को नोएडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। डॉ. आरके सिन्हा ने राज्यसभा सांसद के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके साथ ही वे कारोबारी जगत में भी पहचान रखते थे। उनके निधन की सूचना से राजनीतिक और कारोबारी जगत में शोक की लहर है। आरके सिन्हा के निधन पर बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने शोक जताया।



- सीएम-डिप्टी सीएम व राबड़ी देवी ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने आरके सिन्हा को दी श्रद्धांजलि

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. डॉ० रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) के पाटलिपुत्र स्थित आवास अन्नपूर्णा भवन जाकर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व. सिन्हा के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्व. सिन्हा के परिजन उपस्थित थे।

खबरें : एक नजर में

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मगध महिला कॉलेज की छात्राओं ने ली शपथ, एनएसएस और एनसीसी के बैनर तले सब ने दुहराया देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प



राष्ट्रीय एकता दिवस पर मगध महिला कलेज की छात्राओं ने ली शपथ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मगध महिला कॉलेज, पटना में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर सभी छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली और देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने तथा राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने का संकल्प दुहराया।

एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. ज्योति दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्र के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का बोध कराना था। कार्यक्रम भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय एकता दिवस का यह आयोजन देश की विविधता में एकता की भावना को आत्मसात करने तथा एक सशक्त, समरस और अखंड भारत के निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संपन्न कराने में एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. ज्योति दुबे एवं नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की सीटीओ डा. कविता चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बारिश से किसानों को हुए नुकसान पर मुआवजा दिया जाए : तेजस्वी



पटना (दैनिक नवसंदेश)। तेजस्वी यादव ने कहा है कि चक्रवात अर्नब के प्रभाव से राज्य भर में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से खरीफ की फसलों धान, केला, मक्का, दालों और हरी सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। विशेषकर खेतों में जो धान की फसल काटकर रखी हुई थी, वह लगातार बारिश के पानी में पूरी तरह से डूब कर भींग गई। राज्य सरकार से आग्रह है कि नुकसान झेलने वाले सभी किसानों को यथाशीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मुआवजे की राशि खानापूर्ति मात्र ना हो और इसके लिए किसानों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़े।

शिक्षिका के खाते से एटीएम कार्ड बदलकर 97,381 रुपये उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दनियावां एक शिक्षिका के खाते से एटीएम कार्ड बदलकर 97,381 रुपये उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शिक्षिका सुमनलता है जो प्राथमिक कन्या विद्यालय में तैनात है, ने दनियावां थाने को इसकी लिखित सूचना दी है। शिक्षिका की माने तो वह बीते शुक्रवार को दनियावां स्थित एसबीआई के एटीएम सेंटर में कुछ पैसे निकालने गयी थी। एटीएम कार्ड से उनका पैसा निकल पा रहा था। पहले से मौजूद एक शख्स ने उनकी मदद करने का आश्वासन दिया तथा उनका कुछ पैसा निकाल कर एटीएम कार्ड लौटा दिया। थोड़ी देर बाद ही उनके खाते से कई बार में 97,381 रुपए निकाले जाने की मैसेज प्राप्त हुई। यह देख जब वह अपना एटीएम कार्ड जांच की तो पता चला कि यह एटीएम कार्ड उनका नही है तथा बदला हुआ है। ठगी का एहसास होते ही उन्होने दनियावां थाना को सूचित किया।

फतुहा में छापा : कोलकाता की टीम ने पकड़ा एक करोड़ से अधिक का नकली फर्च्यून तेल, एक गिरफ्तार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में नकली खाद्य उत्पादों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। कोलकाता की आईटी लीगल सर्विस टीम और स्थानीय पुलिस ने शनिवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कोअपरेटिव कलोनी स्थित एक घर में चल रहे नकली रिफाइन और सोयाबीन तेल के अवैध कारखाने का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में फर्च्यून ब्रांड के नाम पर बनाए जा रहे एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नकली उत्पाद और सामग्री जब्त की गई है।

कार्रवाई के दौरान टीम ने भारी मात्रा में तैयार नकली फर्च्यून रिफाइन, सोयाबीन तेल, रैपर, सील करने वाली मशीन और कच्चा माल बरामद किया है। मौके पर मौजूद फरेसिंक टीम ने सभी जब्त सामग्रियों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, जब्त किए गए सामानों की कुल कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है, और माल की गिनती तथा मिलान का कार्य अभी भी जारी है।

आईटी लीगल सर्विस टीम के निदेशक टुनटुन चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि कंपनी को लगातार इस बात की शिकायत मिल रही थी कि फतुहा के कोअपरेटिव कलोनी में विजय साव के पुत्र विकास कुमार के घर पर फर्च्यून के नाम से नकली तेल बनाने का अवैध धंधा चल रहा है। आरोपी कंपनी के ट्रेडमार्क और लोगो का अवैध रूप से इस्तेमाल कर बाजार में नकली उत्पाद खपा रहे थे। पुख्ता सूचना मिलते ही टीम ने फतुहा पुलिस के सहयोग से तुरंत यह छापेमारी की।

फतुहा थानाध्यक्ष मंत कुमार सुमन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्य आरोपी विकास कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस और जांच टीम इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि यह नकली माल बाजार में कहां-कहां सप्लाई किया जा रहा था। इस बड़ी कार्रवाई से नकली उत्पाद बनाने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

अवैध निकासी की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट दें : सीके अनिल

तीन दिनों में राशि की भरपाई हो वरना कानूनी कार्रवाई, मेंटेनेंस कार्यों में अनियमितता की भी जांच कर दोषियों पर करें कार्रवाई : अपर मुख्य सचिव

दैनिक नवसंदेश

पटना / मोतिहारी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने कहा है कि किसी भी शिक्षक, पदाधिकारी या कर्मी द्वारा अधिक वेतन का उठाव किया गया है तो अगले दो से तीन दिनों के अंदर राशि वापस करना सुनिश्चित करें। अवैध निकासी की जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन दें। राशि वापस नहीं करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयों में कराए गए मेंटेनेंस कार्यो की भी जांच कराएं। अनियमितता मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। श्री अनिल शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले के समाहरणालय स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जानबूझ कर गलती करना गंभीर मामला

जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गलती हो जाना अलग बात है, लेकिन जानबूझकर गलती करना गंभीर मामला है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने क्षेत्र के शिक्षकों एवं कर्मियों को अधिक वेतन उठाव की राशि वापस करने संबंधी निर्देश से अवगत कराएं।

विद्यार्थियों के साथ अभिभावक जैसा व्यवहार करें शिक्षक



अपर मुख्य सचिव ने पूर्वी चंपारण में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के साथ अभिभावक जैसा व्यवहार करें और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने पदाधिकारियों को विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत करने और उनके साथ बैठकर मध्या भोजन करने का निर्देश दिया। इससे बच्चों के साथ बेहतर संवाद स्थापित होगा और विद्यालयों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भी मिलेगी।

नशामुक्त बिहार अभियान में हों सक्रिय

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि पूरे बिहार में एक माह तक सघन नशामुक्त बिहार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शिक्षा विभाग सक्रिय भागीदारी निभाए। विद्यालयों के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा नियमित रूप से योगाभ्यास एवं व्यायाम कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही, विद्यालयों में सामाजिक कार्यो (सोशल वर्क) को बढ़ावा देने की बात कही, ताकि बच्चों में सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

पूर्वी चंपारण में 33 मॉडल विद्यालय स्थापित

बैठक में डीएम ने बताया कि पूर्वी चंपारण में 33 मॉडल विद्यालय स्थापित किए गए हैं। हर विद्यालय की जिम्मेदारी एक वरीय पदाधिकारी को दी गई है। ये पदाधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर रहे हैं और वहां कक्षाएं भी ले रहे हैं। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत करने और उनके साथ बैठकर मध्याहन भोजन करने का भी निर्देश है, जिसका अनुपालन किया जा रहा है। इस पहल पर अपर मुख्य सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी कार्यप्रणालियों को अन्य विद्यालयों में भी लागू किया जाना चाहिए।

भवनहीन विद्यालयों के लिए अगले 15 दिनों के अंदर भूमि चिति कर भेजें रिपोर्ट

समीक्षा के दौरान उन्होंने भवनहीन विद्यालयों के लिए अगले 15 दिनों के अंदर भूमि चिति कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। कायाकल्प अभियान के तहत स्वीकृत सभी कार्यो को 20 नवंबर तक हर हाल में पूरा करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वेतन या अन्य मदों में राशि की आवश्यकता होने पर संबंधित आवंटन की मांग समय पर की जाए, ताकि कार्यो में बाधा नहीं आए।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, शिक्षा विभाग के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं विभाग के सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

बैकठपुर मंदिर अंकेक्षण : जांच टीम के सामने न्यास समिति नहीं पेश कर सकी कागजात, वर्तमान कोषाध्यक्ष बोले- नहीं मिला है प्रभार

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। समाहरणालय पटना के जिला पंचायत राज शाखा के निर्देश पर शनिवार को श्रीगौरीशंकर बैकुंठधाम मंदिर,बैकठपुर पहुंची जिला स्तरीय विशेष जांच टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। मंदिर के विगत वर्षो के आय-व्यय के लेखा और विस्तृत अंकेक्षण के लिए प्रखंड के अंकेक्षक द्वारा मंदिर कार्यालय में जांच की प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि, जांच टीम के सामने मंदिर न्यास समिति कोई भी वित्तीय दस्तावेज या रिकर्ड प्रस्तुत नहीं कर सकी। दस्तावेज न मिलने पर जब टीम ने पूछताछ की, तो वर्तमान कोषाध्यक्ष बेचन सिंह द्वारा कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने आवश्यक कागजात जुटाने और प्रभार की प्रक्रिया पूरी करने के लिए जांच दल से और समय की मांग की है।

गौरतलब है कि जिला पदाधिकारी-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी, पटना द्वारा 30 मार्च 2026 को पारित अंतरिम आदेश के आलोक में इस जांच दल का गठन किया गया है। उप विकास आयुक्त,पटना द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश ज्ञापांक 4423 के तहत इस तीन सदस्यीय टीम को 02 नवंबर 2026 तक अचूक रूप से अंकेक्षण कार्य पूरा कर अपनी रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी पटना सिटी को सौंपनी है। शनिवार को जब प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी इन्दु बाला के नेतृत्व में अंकेक्षक अस्मिता सोनिका और कार्यपालक सहायक नागमनी कुमार की टीम मंदिर परिसर पहुंची, तो वित्तीय विवरणों की मांग की गई। कोषाध्यक्ष द्वारा प्रभार न मिलने की बात कहे जाने और रिकर्ड उपलब्ध न होने के बाद समिति ने समय देने का अनुरोध किया। तय आदेश के मुताबिक टीम के पास अपनी फाइनल रिपोर्ट सौंपने के लिए अब महज दो दिन का समय बचा है। ऐसे में वर्तमान कोषाध्यक्ष द्वारा प्रभार न मिलने का हवाला देने और समय मांगे जाने के बाद अब यह देखना होगा कि प्रशासन उन्हें और वक्त देता है या तय समय सीमा के भीतर कागजात न मिलने पर कोई कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाती है। इस नए मोड़ से मंदिर प्रशासन और न्यास समिति की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं।

विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सर्वोच्च प्राथमिकता : अपर मुख्य सचिव

सीवान / पटना (दैनिक नवसंदेश)। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दें। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास करें। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने शनिवार को सीवान में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए।



सीके अनिल।

जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में डीएम की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

कायाकल्प अभियान की समीक्षा : अपर मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कायाकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में रंग-रोगन, आंतरिक एवं बाहरी पेंटिंग तथा छोटी-मोटी मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों की स्थिति की जानकारी लेते हुए ऐसे विद्यालयों के लिए भूमि एवं भवन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

वृक्षारोपण अभियान पर जोर : उन्होंने सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और इसकी लगातार निगरानी करने पर जोर दिया। साथ ही, सभी सरकारी विद्यालयों में वृक्षारोपण अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की सेवा लेने पर भी विचार : शहर के विद्यालयों में अंग्रेजी, गणित एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई में सहयोग के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की स्वैच्छिक सेवाएं लेने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके तहत सेवानिवृत्ति के बाद पढ़ाने की इच्छा रखने वाले योग्य पदाधिकारियों के अनुभव एवं विशेषज्ञता का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने की संभावना पर चर्चा हुई।

खबरें : खास-खास

जीकेसी की बिहार राज्य कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियां पूरी, आज जुटेंगे पदाधिकारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ग्लोबल कायस्थ कन्फ्रेंस (जीकेसी) की बिहार राज्य कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक एक नवंबर को ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल, किदवईपुरी, पटना में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। बैठक में संगठन के विस्तार, जिला इकाइयों की सक्रियता, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।



जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती सामूहिक सहभागिता और समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रयासों पर निर्भर करती है। बिहार में जीकेसी को और अधिक व्यापक एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य कायस्थ समाज को एकजुट कर उसकी सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्तिक और आर्थिक उन्नति के लिए प्रभावी पहल करना है। राज्य कार्यकारिणी की बैठक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। जीकेसी सामाजिक सरोकारों के साथ कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन की गतिविधियों को केवल राज्य मुख्यालय तक सीमित न रखकर जिला और प्रखंड स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर आगे की गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

जीकेसी के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक ने बताया कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बिहार के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों और सदस्यों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन की अब तक की गतिविधियों की समीक्षा के साथ सदस्यता अभियान को गति देने, जिला इकाइयों को सक्रिय करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। श्री अभिषेक ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से समय पर बैठक में पहुंचकर अपने सुझाव देने तथा संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

जनता दल यू की राजनीति भाजपा के सामने समर्पण वाली हो गई : राजद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जनता दल यू की राजनीति भाजपा के सामने समर्पण वाली हो गई है दोनों विधान पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद से यह स्पष्ट हो गया।



एजाज अहमद।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने दो विधान पार्षदों के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि किस तरह की राजनीति भारतीय जनता पार्टी ने जनता दल यू के साथ की है यह स्पष्ट रूप से दिख गया। आखिर यह बात भी लोगों के सामने आ गया कि भारतीय जनता पार्टी अपने गठबंधन के दलों के खिलाफ किस तरह से साजिश करके दोनों सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राहुल कुमार एवं तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बृजवासी को निर्दलीय लडवाकर भाजपा ने जनता दल यू को एलिमिनेट करने की राजनीति की और इस मामले पर अब जनता दल के नेता जो भाजपा के विचारों वाले भुंजा पार्टी के लोग हैं वह चुप्पी क्यों साधे हुए हैं,आखिर सत्ता और स्वार्थ की राजनीति में भाजपा के सामने कितना समर्पण करेगी जनता दल यू का नेतृत्व। इस घटना से या स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी के सामने जनता दलवियों ने समर्पण की राजनीति कर दी है और विचारों के आधार पर अब जनता दलों में भाजपा वाले ही कहीं ना कहीं अंदर खाने से भाजपा को मजबूत करने वाली राजनीति कर रहे हैं। जिस कारण ही इस तरह की राजनीति को भाजपा बढ़ावा दे रही है और जनता दल यू के नेता खामोशी अख्तियार किए हुए हैं।

15 सूत्री मांगों को लेकर लोकमंच निकालेगा मौन संकल्प पदयात्रा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोकमंच के संस्थापक अध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा के नेतृत्व में समाज की एकजुटता, सम्मान और अधिकारों से जुड़ी 15 सूत्री मांगों को लेकर रविवार को मिलर स्कूल से मौन संकल्प पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज की चिंताओं और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना है।



लोकमंच के संस्थापक अध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा।

आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा ने कहा कि लोकमंच वर्ष 2004 से मैं सामाजिक गोलबंदी और समाज को संगठित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। मौन संकल्प पदयात्रा किसी के विरोध में नहीं, बल्कि समाज के मुद्दों को लेकर सरकार के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को सरकार के सामने रखने का एक लोकतांत्रिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारा मौन ही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। अंग्रेजों के शासनकाल से ही समाज को खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश होती रही है, जबकि शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

सास की हत्या में दामाद गिरफ्तार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। एयरपोर्ट थाना के राजा बाजार में उर्मिला देवी की हत्या में पुलिस ने दामाद को गिरफ्तार किया है। जांनकारी सीटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश ने दी। बताया गया कि-29-10. को हवाई अड्डा थाना अंतर्गत वादिनी के माता की हत्या पूर्व पति मुकेश कुमार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा बेली रोड के पास किया गया। इस संबंध में वादिनी द्वारा नामजद अभियुक्त 01 मुकेश कुमार एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध हवाईअड्डा थाना कांड संख्या-306/26 दिनांक-29-10-2026 धारा-103 (1)/3(5)/61 (2) 2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सचिवालय-01 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के सदस्यों के द्वारा दिनांक-30-10. को अनुसंधान, तकनीकी एवं आसूचना संकलन के आधार पर अभियुक्त के आवास पर छापामारी किया गया। छापेमारी में उनके फ्लैट नं0-204 स्थित अलमीरा से 21 गोली बरामद किया गया। इस संबंध में दानापुर थाना कांड सं0-1256/26 दिनांक-30-10 दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना एवं तकनिकी अनुसंधान के क्रम में दिनांक 31-10-26 को समय 01:30 बजे छापामारी कर प्राअभि 01 मुकेश कुमार उम्र-29 वर्ष पे-रामकिशुन सिंह को उनके घर सा-लखनी बीघा मुशहरी कुआँ थाना-खगौल जिला-पटना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य को ज्ञात कर छापामारी किया जा रहा है। गोली का खोखाः-01 (पेंदी रगड़ा हुआ), कारतूसः-21, एक चाकू बरामद किया गया है।

गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। चौक थाना के मोर्चा रोड स्थित भागवत प्लेस के एक ट्रांसपोर्ट गोदाम मे शनिवार की देर शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी थी। आगलगी का कारण स्पष्ट नहीं है.। फायर अफसर अफसर अजय कुमार शर्मा ने बताया की आग लगने की सूचना मिलते ही छेटी बड़ी पांच यूनिट घटना स्थल पर भेजी गयी थी। जिसने आग को बुझा दिया.। फायर कर्मियों ने बताया कि पीड़ित मुकेश की ओर से लिखित दिया गया है। बताया जाता है कि गोदाम में रखा थोड़ा बहुत सामान जल कर नष्ट हो गया है। पीड़ित की ओर से नुकसान का आकलन किये जाने की बात कही जा रही है।

जींस पैंट पहन कर कक्षा में सोते मिले शिक्षक निलंबित

सुपौल के मध्य विद्यालय में थी तैनाती

शिक्षा मंत्री ने दिया था कार्रवाई का निर्देश



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सुपौल जिले के जीवछपुर स्थित उत्क्रमित बालक मध्य विद्यालय में कक्षा के दौरान सोते हुए पाए गए विशिष्ट शिक्षक अजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मामले की जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद सुपौल के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मामले की जांच कराई जिसमें आरोप सही निकले। निलंबित शिक्षक के विरुद्ध आरोप पत्र अलग से जारी किया जाएगा।

जांच में पाया गया कि विशिष्ट शिक्षक क्लास रूम के अंदर कुर्सी पर पैर रखकर सो रहे थे। इस दौरान वे जींस पैंट भी पहने हुए थे। बच्चों को पढ़ाने के बजाय उनका सोना शैक्षणिक व्यवस्था के प्रति लापरवाही है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार शिक्षक का आचरण छात्रों के हितों के विरुद्ध और सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन था। इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए अनुशासनिक प्राधिकार ने निलंबन का निर्णय लिया। यह कार्रवाई बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक (संशोधित) नियमावली, 2024 के प्रावधानों के तहत की गई है।

पटना में दिखेगा कबड्डी का रोमांच

1 से 4 नवंबर तक पाटलिपुत्र खेल परिसर में हो रहा 52वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक कबड्डी चैंपियनशिप 2026 का आयोजन

1 नवंबर को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन

देशभर की 29 टीमें लेंगी हिस्सा, प्रो कबड्डी लीग की फ्रेंचाइजी के स्काउट भी पहुंचेंगेय जूनियर भारतीय टीम के संभावित खिलाड़ियों का भी होगा चयन'

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार राज्य कबड्डी संघ तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की संयुक्त मेजबानी में खेल विभाग,बिहार सरकार के सहयोग से राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में 1 से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली 52वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक कबड्डी चैंपियनशिप की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन 1 नवंबर को दोपहर तीन बजे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की 29 टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले दो कोर्ट पर आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्रन शंकरण, बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन सह आयोजन सचिव कुमार विजय सिंह और अध्यक्ष अपूर्वा सुकांत ने आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी।

उद्घाटन समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिहार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। बिहार राज्य



कबड्डी संघ के मुख्य संरक्षक अंजनी कुमार सिंह समारोह की अध्यक्षता करेंगे। खेल विभाग के सचिव दीपक आनंद, अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेंद्र पी ठाकुर और बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

प्रतियोगिता के दौरान अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ के महासचिव तेजस्वी गहलौत, अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन अफ इंडिया के अध्यक्ष विभोर विनीत जैन, कोषाध्यक्ष रामाकांत सिंह, प्रो कबड्डी लीग के सीईओ अनुपम कुमार सहित विभिन्न राज्य कबड्डी संघों के पदाधिकारियों के भी पहुंचने की संभावना है।

प्रो कबड्डी लीग की फ्रेंचाइजी के स्काउट करेंगे खिलाड़ियों की प्रतिभा का आकलन : इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर होगा। टूर्नामेंट के दौरान प्रो कबड्डी लीग की विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों के स्काउट, प्रशिक्षक और टीम प्रबंधन से जुड़े सदस्य भी पटना पहुंचेंगे। वे मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे और अपनी-अपनी टीमों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करेंगे।

इसके साथ ही प्रतियोगिता के दौरान जूनियर भारतीय कबड्डी टीम के संभावित खिलाड़ियों का भी चयन किया जाएगा। इसके लिए अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से तीन सदस्यीय समिति पटना भेजी जा रही है। इस समिति में भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व प्रशिक्षक ई भास्करन, अर्जुन अवार्डी मनजीत चिल्लर और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रिशांत देवारिकर होंगे।

संक्षिप्त खबरें

बनास नदी में डूबे दो मासूम, देर रात तलाश जारी, घंटों बाद भी नहीं मिला बच्चों का सुराग



गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनियां शांतिनगर के सामने बनास नदी में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। नदी मे डूबे दोनो बच्चों की तलाश में एनडीआरएफ की टीम शनिवार को नदी में उतरी। हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ था। घटना के संबंध मे थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि शांतिनगर निवासी चंदन केशरी के दस वर्षीय पुत्र हिमांशु केशरी और रविन्द्र केशरी के दस वर्षीय पुत्र प्रीतम केशरी शाम मे नहाने पास के बनास नदी मे गये थे इसी दौरान गहरे पानी मे डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। ग्रामीण भी अपने स्तर से दोनों बच्चों की तलाश में जुटे रहे। वहीं घटना को लाभ एनडीआरएफ की टीम के पहुंचने में देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। उनका आरोप था कि सूचना मिलने के बावजूद बचाव दल के देर से पहुंचने से महत्वपूर्ण समय बर्बाद हुआ। एनडीआरएफ की टीम के नदी में उतरने के बाद तलाशी अभियान तेज कर दिया गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। परिजन बच्चों की मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि पूरे इलाके में मातम और बेचैनी का माहौल है।

थाने में आने वाले नागरिकों की समस्याएं सुनकर करें त्वरित कार्रवाई-अवधेश दीक्षित

एसपी ने कृष्णगढ़ थाने का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शुक्रवार को कृष्णगढ़ थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाने की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों की स्थिति, अनुसंधान की प्रगति एवं क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में थाने के अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मालखाना की स्थिति तथा गश्ती वाहनों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया गया। साथ ही, लंबित कांडों एवं अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार करने तथा सभी कार्यों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही, थाने में आने वाले नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनकर उन पर त्वरित कार्रवाई करने और पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी गश्त को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील व महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नियमित एवं रात्रि गश्ती के साथ पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कृष्णगढ़ सहित अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।

सरदार पटेल की जयंती पर करनामेपुर थाने में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

पुलिस अधिकारियों और जवानों ने ली एकता-अखंडता की शपथ



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को करनामेपुर थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने की। इस दौरान थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारियों, जवानों और कर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली। थानाध्यक्ष ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, आपसी सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आंतरिक सुरक्षा मजबूत होने से ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता कायम रह सकती है। इस मौके पर थाने के सभी दारोगा, एएसआई, महिला पुलिसकर्मी और चैकीदार मौजूद रहे।

खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया गया जागरूक

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के खुटहां एवं प्रसौन्डा पंचायत स्थित सामुदायिक भवनों में कृषि विभाग की ओर से खेत बचाओ अभियान सह जन कल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के तकनीकी सहायक नीतीश कुमार एवं किसान सलाहकार विश्वकर्मा कुमार ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि खेतों की सेहत बनाए रखने के लिए किसानों को जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। साथ ही मिट्टी की जांच कराने के बाद ही उसकी जरूरत के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे अनावश्यक खाद के इस्तेमाल पर रोक लगेगी और खेती की लागत भी कम होगी। अधिकारियों ने किसानों को खेतों के संरक्षण, संतुलित उर्वरक के उपयोग और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुखिया रामवती देवी, प्रतिनिधि विष्णु राम, सुनील मिश्र, कवींद्र यादव, विनोद राम, शंभु पासवान, विद्यासागर मिश्र, हरेश पांडे, रविन्द्र उपाध्याय, शिवजी यादव एवं धनजी यादव सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

फोरलेन पर सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी गंभीर



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बिलौटी गांव के समीप पटना-बक्सर फोरलेन पर शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मृतक की पहचान पांडेपुर गांव निवासी सुजीत कुमार पांडे (46) पिता-हृदयानंद पांडे के रूप में हुई है। घायल पत्नी मुन्नी देवी का आरा के एक निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा है। सुजीत कुमार पांडे शनिवार को करीब ढाई बजे अपनी पत्नी के साथ बाइक से गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान बिलौटी पोखरा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में दंपती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुजीत कुमार पांडे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में मंझले थे और पूजा-पाठ कराने का कार्य करते थे। उनके एक पुत्र सिद्धांत पांडे और एक पुत्री सोनाक्षी पांडे हैं।

आहर में डूबने से युवक की मौत

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो थानान्तर्गत शहर के नटवा बाल स्थित आहर में गिरने से एक युवक की मौत गई। मृतक भरत चैधरी उर्फ लकठू नटवा बाल निवासी दरोगा चैधरी के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि भरत चैधरी अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़ने गया था। वहां से लौटने के क्रम में वह अपने गांव पहुंच कर आहर में मछली मारने लगा। इस दौरान वह आहर में मौजूद पानी में गिर गया। काफी देर तक पानी में पडे रहने की वजह से उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे आहर में गिरे देखकर उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक भरत चैधरी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। कुछ समय पहले ही रेनु देवी से उनकी शादी हुई थी।

2 नवंबर का महाधरना को लेकर मुसहर टोलियों में जनसंपर्क अभियान तेज

नौ सूत्री मांगों को ले युवाओं ने किया भागीदारी की अपील



आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुसहर समाज के अधिकार, सम्मान एवं विकास से जुड़ी नौ प्रमुख माँगों को लेकर 2 नवंबर 2026 को आरा समाहरणालय के समक्ष प्रस्तावित महाधरना की तैयारी तेज हो गई है। ह्यमाता शबरी संघर्ष समितिह्य के युवा सदस्य विभिन्न मुसहर टोलियों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं तथा महाधरना में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। आज युवाओं द्वारा इस महाधरना को लेकर बामपाली, छोटकी सासाराम, बड़का गांव, गोढ़ना, अनाईठ एवं चंदवा आदि टोलों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में बृजनंदन राम, धरमू राम, लाल बिहारी राम, भरत मांझी, जयकिशन मांझी, गोलू मांझी, अरविंद मांझी, रंजीत मांझी, भानु मांझी एवं अमीर सहित समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से लोगों से संपर्क कर रहे हैं। अभियान के दौरान युवाओं द्वारा मुसहर समाज की गरीबी एवं अशिक्षा के मद्देनजर अनुसूचित जाति में विशेष दर्जा, मुसहर जाति आयोग का गठन, शिक्षा एवं रोजगार के लिए विशेष अभियान, आवास एवं आवासीय भूमि की व्यवस्था, मुसहर टोलों में पेयजल, शौचालय, गली-नाली, उज्जवला योजना से आच्छादन, पात्र परिवारों के आवश्यक दस्तावेज तथा चतुर्थ वर्गीय सेवाओं में सर्वोच्च प्राथमिकता आदि मांगों की चर्चा की जा रही है। समिति के सदस्यों का कहना है कि बिहार में मुसहर जाति की आबादी 3 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद किसी भी क्षेत्र में उनकी भागीदारी नहीं है। आलम यह है कि राज्य में करीब 42 लाख की आबादी के बावजूद मात्र 98 हजार लोग मैट्रिक पास हैं। आज भी इस जाति के लोग अपने टोलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। समाज की समस्याओं के समाधान के लिए जागरूकता, एकजुटता और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। इसी उद्देश्य से विभिन्न मुसहर टोलियों में पहुँचकर लोगों को इस पहल से जोड़ रहे हैं। युवाओं ने महाधरना में शांतिपूर्ण ढंग से भाग लेकर अपनी माँगों को सरकार एवं प्रशासन तक पहुँचाने में सहयोग की अपील करें।

सांस्कृतिक आयोजन मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहयोगी : नूपुर ठाकुर

बीएसडीएवी में दीपावली, भाई-दूज और छठ पूर्व सांस्कृत आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय बीएसडीएवी परिसर में दीपावली, भाई-दूज और छठ पर्व के पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में चैथी कक्षा से लेकर सातवीं कक्षा तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियाँ दी। प्रधानाचार्या नूपुर ठाकुर ने कहा कि हमारे जीवन में त्योहारों का व्यापक महत्व है। ये त्योहार जहाँ हमारी एकता, स्नेह, भाईचारे को मजबूती प्रदान करते हैं वहीं जीवन में उमंग-उत्साह का संचार भी करते हैं। क्लास रुम और पाठ्यक्रम से इतर होनेवाली ये वो गतिविधियाँ हैं जो किताबी पढ़ाई के अलावा छात्रों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहयोगी होती हैं। छात्र-छात्राओं ने जहाँ दीप व फुलझड़ियाँ जलाकर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये वहीं भाई दूज को प्रदर्शित करती हुई छात्राओं ने अपने भाई की मंगल कामनाओं के लिए गोधन कूट कर अपने व्रत का आह्वान किया। पारंपरिक गीत ह्यअवरा कूटीले-भँवरा कूटीले,कूटीले जम्ह के दुआरह्य जैसे गीत पर छात्राओं ने मनमोहक नृत्य किया। सबसे आकर्षण का केंद्र लोक आस्था और प्रकृति के महापर्व छठ की झलक रही। छात्र-छात्राओं ने नहाय-खाय से लेकर घाट पर सूर्यदेव को अर्ध्य देने तक के दृश्य को पारंपरिक गीतों के साथ प्रस्तुत कर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बनाकर सबको अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम में अभिराज सिंह, हेमंत शर्मा, रौशन कुमार, लक्ष्या सम्यक, अंशु,बाल कृष्ण, रुद्र कुमार सिंह, यश राज सार्थक सिंह, नअंश राज, विहान, अंकुश कुमार, पृषा, दिव्यांशी, शिवानी, श्रद्धा, माही राज, अनन्या, श्रुति, स्वीकृति, आराध्या, वंदना, अनन्या, सौम्या कुमारी, अमृता कुमारीपीहू आनंद, परी आनंद, आराध्या प्रियदर्शी, स्तुति पटेल, अनिष्का कनक आनंद, शान्वी प्रसाद, करुणा, एंजल आदि ने प्रमुख रूप से अनपनी सामूहिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रमों का कुशल निर्देशन संगीत शिक्षिका शिवानी कुमारी, शिक्षक विष्णु शंकर, वेदप्रकाश तथा पूनम कुमारी, नंदिनी कुमारी, रिंकी कुमारी, सरिता कुमारी तथा काजल सिंह ने किया।

एस.एन. मेमोरियल स्कूल की अनूठी पहल, 200 से अधिक जरूरतमंद

परिवारों के बच्चों के चेहरों पर बिखेरी खुशियाँ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। एसएन मेमोरियल स्कूल की निदेशक 'डॉ. स्मिता सिंह के नेतृत्व में चलाए गए 'सार्थक दिवाली 2026' अभियान के तहत 200 से अधिक जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के बीच खुशियां बांटी गईं। विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के सामूहिक सहयोग से बच्चों को वस्त्र, मिठाइयां, दीपक, बाती, मोमबत्तियाँ, कॉपी, पेंसिल, इरेजर, गर्म कपड़े तथा अन्य उपयोगी सामग्री भेंट की गई। अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के गणमान्य शिक्षक अमित कुमार एवं विकास कुमार का भी सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बना। इस अवसर पर निदेशक डॉ. स्मिता सिंह ने कहा कि दीपावली की वास्तविक खुशी दूसरों के जीवन में उजाला लाने और जरूरतमंदों के साथ खुशियाँ बाँटने में है। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावकों का सहयोग और उनकी नेक भावना इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत रही। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में सेवा, सहयोग, करुणा और मानवीय मूल्यों का विकास करना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। 'सार्थक दिवाली 2026' अभियान ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियाँ तभी सार्थक होती हैं, जब हम उन्हें दूसरों के साथ बाँटते हैं।

माउंट लिट्रा जी स्कूल, बामपली, आरा में 'नन्हे व्यापारी' व्यापार मेला का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली, आरा में ह्यनन्हे व्यापारी-युवा उद्यमी व्यापार मेलाह्य का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ई-सेल, आईआईटी मुंबई/एनईसी जूनियर की एक पहल थी, जिसे विद्यालय के ह्यउद्यमिता क्लब ह्यद्वारा प्रस्तुत किया गया। इस मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने द्वारा निर्मित हस्तकला, पेंटिंग, पौधे, खाद्य सामग्री और अन्य रचनात्मक उत्पादों के स्टॉल लगाएं। मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम उम्र से ही उद्यमशीलता, रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और व्यावसायिक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या डॉ सहाया मेरी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्यक जैन (मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश इंस्टीट्यूट) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रत्नेश चैबे और जूनियर कॉर्डिनेटर प्रियंका दत्ता भी मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट कर उनका स्वागत कर आभार प्रकट किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा इस अवसर पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों ने इस मेले के लिए पिछले कई दिनों से कड़ी मेहनत की है। आज का यह व्यापार मेला बच्चों को ह्यविचारों से मूल्य बनता है ह्य का व्यावहारिक ज्ञान देता है। इस अवसर पर सभी अभिभावकों को भी सादर आमंत्रित किया गया था। विद्यालय की प्राचार्य प्राचार्या ने कहा, ह्यह्यहमारा लक्ष्य बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल भी सिखाना है। नन्हे व्यापारी मेले द्वारा उन्हें भविष्य का जिम्मेदार नागरिक और सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा देगा।

सैकड़ो बार सनातन पर प्रहार के बावजूद अडिग रहा धर्म : प्रो. नंदजी दूबे

विश्व हिंदू परिषद के मंदिर अर्चक पुरोहित कार्यक्रम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। विश्व हिंदू परिषद के मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क आयाम की बैठक आरण्यदेवी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सूरज बाबा जिला प्रमुख ने किया। जिसमें शहर एवं प्रखंड के प्रत्येक वर्ग से प्रबुद्ध जनों ने एवं पुरोहितों बंधुओं ने भाग लिया। आरण्य देवी मंदिर के पीठाधीश मनोज बाबा ने कहा कि समाज को धर्म से जुड़ने से पहले अपने परिवार के लोगों से आपसी सामंजस्य स्थापित करना होगा तभी धर्म का कार्य आगे बढ़ेगी। प्रो. नंदजी दुबे ने कहा कि आदिकाल से अभी तक सैकड़ो बार हमारे सनातन धर्म पर प्रहार किया गया, बावजूद हमारे धर्म अडिग रहा इसके पीछे हमारे मंदिर एवं आचार्य पुरोहितों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिला प्रमुख सूरज बाबा ने संगठन के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मंदिर की सुव्यवस्था भी हमारी जिम्मावरी है। उन्होंने मंदिर में जुते-चप्पल का स्टैंड की व्यवस्था के साथ पुरोहितों से आग्रह किया कि समाज के हर लोग घर में मूर्ति, फोटो रखते हैं, उनकी सरल पंचोपचार विधि द्वारा पूजन कैसे हो, ये जानकारी दी जाए। विश्वनाथ पांडे ने कहा कि युवाओं को पुरोहित कर्म एवं कर्मकांड की व्यवस्था में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रांत प्रमुख उपेंद्र तिवारी ने कहा कि हर मंदिर में फ्लेक्स बोर्ड द्वारा आरती प्रिंट कराकर मंदिर में लगाना, हर मंदिर पर सूचना सूचना पट, प्रतिदिन पंचांग लेखन, सुविचार लेखन जप के लिए माला पुस्तक आसानी चटाई की व्यवस्था तिलक एवं प्रसाद की व्यवस्था हो। बैठक में मनोज बाबा, अभिषेक चैरसिया, अमित पांडे, गोलू पाठक, मनीष जी, संतोष चैरसिया, हरिओम सिंह, भीम बाबा, पवन तिवारी विवेक पांडे, राजू बाबा पवन तिवारी, नीरज मिश्रा वीरेश, उपाध्याय एवं शहर के कई गणमान्य उपस्थित रहे।

बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर मार्च आज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियोजित विभिन्न कोटि के कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा राज्यकर्मी का दर्जा एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को नोडल विभाग घोषित करने को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा कल रोड मार्च का आयोजन किया गया है।बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा जिला इकाई भोजपुर द्वारा रविवार को साढ़े बारह बजे से जेपी स्मृति पार्क रमना मैदान आरा से प्रारम्भ होकर सांस्कृतिक भवन, शहीद भवन, सुबाष चन्द्र बोस स्मारक, नागरी प्रचारिणी होते हुए अम्बेदकर चैक तक रोड मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

डीएम और एसपी ने बेलाउर सूर्य मंदिर एवं छठ घाट का किया निरीक्षण

छठ घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, का लिया जायजा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से उदवंतनगर थाना अंतर्गत बेलाउर सूर्य मंदिर एवं छठ घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान छठ घाट की साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु सुगम रास्ते, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर रोशनी की समुचित व्यवस्था, खतरनाक एवं गहरे जल वाले स्थानों की पहचान, आवश्यकतानुसार सुरक्षा संकेतक लगाने, भीड़ नियंत्रण तथा वाहनों के सुचारु आवागमन के लिए उचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान छठ घाट पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, नियमित गश्ती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों के साथ जनसंवाद किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं छठ महापर्व से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 सुशील कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात मनोज कुमार सुधांशु, थानाध्यक्ष, उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, आरा नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, उपाधीक्षक, यातायात, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, उदवंतनगर सहित अन्य वरीय एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शांतनु हत्याकांड में फरार नाबालिग पकड़ाया

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पवना थाना पुलिस द्वारा शांतनु हत्याकांड में फरार चल रहे नाबालिग को पकड़ लिया गया। उसे पवना थाना इलाके से शुक्रवार को पकड़ा गया। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने दी। बता दें कि 16 अक्टूबर की रात जब अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी कुंदन सिंह का पुत्र शांतनु कुमार पवना बाजार पर अपने मौसेरे भाई साहिल कुमार एवं उसके दो अन्य साथियों के साथ दुर्गा पूजा घूमने निकला था, उस दौरान बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा उसे पीछे से गोली मार दी गई थी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के पिता कुंदन सिंह के द्वारा पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी अश्वनी कुमार उर्फ मोलू नामजद एवं दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके उपरांत पुलिस ने अश्वनी कुमार उर्फ मोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

भूगोलवेत्ताओं का निष्कर्ष सिर्फ किताबों में ही सीमित न रहे बल्कि जमीनी स्तर पर भी दिखे : प्रो. संजय कुमार चौधरी

स्थापना के स्वर्ण जयंती पर एजीबीजे का 27 वां वार्षिक सम्मेलन सह राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष पर विभाग द्वारा बिहार- झारखंड भूगोलवेत्ता संघ (एजीबीजे) के 27 वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन में "कृषि-जलवायु परिवर्तनशीलता एवं सतत विकास : विकसित भारत @ 2047 की दिशा में" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति सह मुख्य संरक्षक प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के सौजन्य से हाइब्रिड मोड में जुबली हॉल में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि से 500 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, बिहार- गीत एवं कुलगीत का गायन किया। मंचस्थ अतिथियों के साथ ही विभाग के पूर्व अध्यक्षों एवं विशिष्ट भूगोल- वेत्ताओं को पाग, चादर, मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि शिखा एवं डॉ. रानी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत संबोधन भूगोल के विभागाध्यक्ष एवं सम्मेलन के संयोजक डॉ. अनुरंजन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमार सिंह ने। इस अवसर पर कार्यक्रम संबंधी स्मारिका, एजीबीजे द्वारा प्रकाशित जर्नल, 2025 में आयोजित 26 वें सम्मेलन का दो भागों में सारांश- रिपोर्ट, विश्वविद्यालय भूगोल विभाग द्वारा प्रकाशित 'जियोविजन' पत्रिका के तीन संस्करणों, डॉ. शैलेन्द्र कुमार की पुस्तक तथा एक अन्य पुस्तक का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। विगत 1 वर्ष में दो भूगोलवेत्ताओं- प्रो. जीपी झा एवं प्रो. विद्यासागर यादव के निधन पर सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयोजक डॉ. अनुरंजन ने बताया कि उद्घाटन सत्र के बाद भूगोल विशेषज्ञों का दो पैनल सत्र तथा बिहार एवं झारखंड जोगर्फर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की जा रही है।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, जिनके विकास के लिए भारत में पंचवर्षीय योजनाएं चालू की गई थीं। जलवायु परिवर्तन से कृषि में उत्पन्न प्रभाव एवं उनके निदान की जानकारी भूगोलवेत्ता समाज को बताएं, ताकि उसके प्रभाव को कम कर विकास की गति तीव्र किया जा सके। कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चर्चा करते हुए कहा कि इस व्यावहारिक शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से ही विकसित भारत-2047 का रास्ता आसान होगा। उन्होंने कहा कि भूगोलवेत्ताओं के इस वार्षिक सम्मेलन का निष्कर्ष सिर्फ किताबों तक ही सीमित न रहे, बल्कि कृषि आदि सभी क्षेत्रों में इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर भी दिखे, तभी समाज में खुशहाली और देश में समृद्धि आएगी। इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, नोएडा के प्रो. राम शंकर कुरील ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की जनसंख्या 40 करोड़ थी, वहीं आज 140 करोड़ से अधिक हो गई है। वहीं उस समय अनाज का उत्पादन 50 मिलियन टन था जो अब बढ़कर 350 मिलियन टन से अधिक हो गया है। उन्होंने संघ की गतिविधियों एवं इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. जीएस चौहान, यूजीसी, नई दिल्ली के सेवानिवृत संयुक्त सचिव ने कहा कि भूगोलवेत्ताओं के सामने आज बड़ी चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, कृषि कार्य में बाधाएं तथा अन्नदाता किसानों की दयनीय स्थिति में सुधार आदि बड़ी समस्याएं हैं। इन समस्याओं को दूर कर ही हम विकसित भारत 2047 का सपना साकार कर सकते हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर एवं पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. साहब फजल ने कीनोट स्पीकर के रूप में कहा कि सतत एवं सामूहिक विकास से ही स्थाई प्रसन्नता एवं समृद्धि संभव है। स्वतंत्रता के बाद विकास हुआ है। कृषि के बहुआयामी विकास से ही विकसित भारत बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत में सर्वाधिक युवा है जो क्रियाशील एवं उपभोक्ता भी हैं, उनके सही रोड मैप पर चलने से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। संघ के संरक्षक एवं पटना विश्वविद्यालय के प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरा होने पर 2047 में विकसित भारत बनाना है। कहा कि यह सम्मेलन जेनरेशन चेंज के लिए भी जाना जाएगा, क्योंकि डॉ अनुरंजन के पिता ने पटना विश्वविद्यालय में बतौर विभागाध्यक्ष रहते हुए, संयोजक के रूप में प्रथम सम्मेलन कराया था और आज मिथिला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में 27 वां सम्मेलन विभागाध्यक्ष डॉ अनुरंजन के संयोजकत्व में किया गया है। पटना विश्वविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष एवं संघ के महासचिव प्रो. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि इसमें 1600 से अधिक आजीवन सदस्य हैं। इसकी सारी जानकारियां संघ के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। उन्होंने विस्तार से संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हजारीबाग से आए संघ के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप सिंह, मगध विश्वविद्यालय के पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. राणा प्रताप तथा डॉ. मनुराज शर्मा आदि ने विकसित भारत 2047 के निर्माण में खेती, जलवायु एवं किसान आदि के महत्त्वों को रेखांकित करते हुए सेमिनार के विषय को प्रासंगिक, विस्तृत एवं समाजोपयोगी बताया। संयोजक डॉ. अनुरंजन ने बताया कि सम्मेलन में कुल 35 समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह कल आयोजित किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

करवाचौथ मनाने ससुराल जाने में जख्मी बाइक सवार पति की मौत

दरभंगा (एनएसबी)। करवाचौथ व्रत पर चांद संग अपना चेहरा दिखाने ससुराल जाने के दौरान सड़क हादसे में जख्मी पति की मौत इलाज के दौरान शुक्रवार रात को हो गई।

देकुली चौक पर ट्रक रौंदकर हो गया फरार, पलंबर मिस्त्री का कार्य कर रहा था

मृत कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर वार्ड नंबर 13 निवासी सूरज राम का पुत्र संतोष राम(28) है। जो पलंबर कार्य कर जीवनयापन करता था। सूचना पर पहुंची बेंता पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृत के चाचा बहुरन राम ने बताया कि संतोष की पत्नी अपने मायके समस्तीपुर के शिवाजी नगर गई हुई थी। 29 अक्टूबर को उसने करवाचौथ का व्रत रखा था। इसके चलते संतोष चांद संग अपना चेहरा दिखाने पत्नी से किया वादा निभाने बाइक से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान कुशेश्वरस्थान सिंघिया समस्तीपुर सड़क के देकुली चौक के निकट एक ट्रक रौंदकर फरार हो गया। पुलिस के द्वारा बहेड़ी पीएचसी में भर्ती कराने के बाद रेफर करने पर स्वजन उसका इलाज डीएमसीएच में करा रहे थे। उन्होंने बताया कि संतोष की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी। उसे एक तीन वर्षीय पुत्री और तीन माह का दुधमुंहा पुत्र है। उसकी मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन और सरकार को जल्द मुआवजा देने की पहल करनी चाहिए।

48 घंटे में जख्म प्रतिवेदन नहीं देने पर डॉक्टरों पर गिरेगी गाज : अधीक्षक

दरभंगा (एनएसबी)। जिला लेवल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें अधीक्षक जगदीश चंद्र गए हुए थे। उन्हें कहा गया कि अभी तक आपके अस्पताल से जख्म प्रतिवेदन सही समय पर नहीं पहुंच पाता है।जिसके फलस्वरूप न्यायालय द्वारा फैसला लेने में दिक्कत हो रही है।जिला न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार 48 घंटे के अंदर में जख्म प्रतिवेदन देना जरूरी है। जिससे कि न्यायालय उचित फैसला कर सके।अधीक्षक जगदीश चंद्र बैठक से आने के बाद उन्होंने एक नोटिस जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि 48 घंटे के अंदर जख्म प्रतिवेदन सभी डॉक्टर देने का कष्ट करें नहीं देने के बाद उनका नाम न्यायाधीश के पास भेज दिया जाएगा। जिससे कि आम जनता को परेशानी नहीं हो सके।

पूर्व सांसद डॉ. आर.के. सिन्हा के पार्थिव शरीर पर सांसद ने पुष्पांजलि अर्पित



पुष्पांजलि अर्पित करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात समाजसेवी डॉ. आर.के. सिन्हा के निधन पर दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद डॉ ठाकुर ने पूर्व सांसद के पटना स्थित आवास पर आज शनिवार को पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. ठाकुर ने पूर्व सांसद के पुत्र तथा वरीय भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा को ढाढ़स बधाया।सांसद डॉ ठाकुर ने पूर्व सांसद को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी राजनेता बताते हुए कहा कि डॉ. आर.के. सिन्हा का निधन सामाजिक, राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में भाजपा संगठन के साथ साथ समाज और राष्ट्र के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कार्यशैली, सामाजिक सरोकार एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।सांसद ने कहा कि डॉ. सिन्हा का जीवन समाजसेवा, संगठनात्मक क्षमता और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनके निधन से हमने एक अनुभवी मार्गदर्शक एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व को खो दिया है।

माय एडमिशन लीड के शिक्षा मेला में शामिल हुए 15 से अधिक विवि के प्रतिनिधि



शिक्षा मेला में शामिल विभिन्न विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि एवं अन्य

दरभंगा (एनएसबी)। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और करियर के प्रति सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से शहर के होटल एपी पैलेस में माय एडमिशन लीड की ओर से शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। यह शिक्षा मेले का पांचवां संस्करण था। इसमें देश के 15 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिक्षा मेले में जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हरिद्वार यूनिवर्सिटी, मानव रचना यूनिवर्सिटी, यूपीईएस, तुलास यूनिवर्सिटी, शिवालिक यूनिवर्सिटी, एसआर यूनिवर्सिटी, गणपत यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, जेआईएस ग्रुप, मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और श्रीराम कॉलेज ग्रुप ऑफ कॉलेजेज सहित कई संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर माय एडमिशन लीड के निदेशक ई. सजल यादव ने कहा कि शिक्षा मेले का मुख्य उद्देश्य उत्तर बिहार के विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से सीधे जोड़ना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए सही दिशा प्रदान करना है। मेले में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम, दाखिले की प्रक्रिया, कॉलेज चयन, छात्रवृत्ति तथा रोजगार और करियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विशेष रूप से 12वीं के बाद सही कोर्स और संस्थान के चयन को लेकर विद्यार्थियों की काउंसलिंग की।आयोजकों के अनुसार, मेले में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया। साथ ही जेईई, नीट और डीयूबीजेईई के फॉर्म शुल्क पर विशेष छूट की जानकारी भी दी गई। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस मेले से क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़ने और भविष्य की शिक्षा संबंधी योजनाओं को समझने का अवसर मिला।

प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गाँधी की पुण्यतिथि एकता दिवस के रूप में मनाई गई

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में कटहलबाड़ी में 1 बजे भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गाँधी की पुण्यतिथि एकता दिवस के रूप में मनाई गई।इस अवसर पर स्व इन्दिरा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज विभाग के पूर्व महासचिव अमरेन्द्र कुमार अमर ने कहा कि स्व० इन्दिरा जी ने जिस साहस,धैर्य,सूझबूझ,कर्मठता,व्यापक,दृष्टिकोण,मजबूत इरादों और दृढ़ता के साथ बाहरी और भीतरी संकटों का सामना किया वह विश्व में अप्रतिम है। 1971 में पाकिस्तान द्वारा लादे गए युद्ध में राष्ट्र के मनोबल को बढ़ाकर सभी साधन मुहैया कराकर भारत को विजय दिलाई। रूस के साथ 25 वर्षीय मित्रता और सहयोग की संधि अपने आप में बड़ी उपलब्धि थी। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।गोष्ठी को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में सुशील कुमार सिंह,विजय कुमार महासेठ,प्रेमचंद यादव,मो० खुर्शीद रब्बानी,महेश कुमार पासवान,सुरेंद्र लाल कर्ण,संजीव कुमार,मो० नासिर,संजय कुमार पासवान,राकेश महतो,मो० इलियास,वकील अहमद,चंदन कुमार,मो० सुल्तान एवं विवेकानन्द झा शामिल थे।

अलीनगर में चल रही थी देसी शराब की मिनी फैक्ट्री



शराब कारोबारी को गिरफ्तार करती पुलिस।

अलीनगर (एनएसबी)। अलीनगर थाना क्षेत्र के अलीनगर में पसीखाना में पुलिस ने अवैध देसी शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने 102 लीटर देसी चुलाई शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अलीनगर निवासी बैजू महतो एवं मनटून महतो, दोनों पिता जीवछ महतो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों के घरों में विधिवत छापेमारी की गई, जहां शराब निर्माण से जुड़े उपकरण और भारी मात्रा में तैयार देसी शराब मिली। अलीनगर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि पसीखाना में कई महीनों से चोरी-छिपे देसी शराब बनाने का धंधा चलाए जाने की सूचना मिल रही थी। गुप्त सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम गठित कर सुनियोजित तरीके से छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण के कारोबार का पदार्फाश हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

वन स्टॉप सेंटर दरभंगा द्वारा किया गया संयुक्त निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम, एसएसपी वं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा द्वारा वन स्टॉप सेंटर, दरभंगा का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्र परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता, उपलब्ध आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा केंद्र परिसर एवं भवन में साफ-सफाई तथा स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।साथ ही इसके अतिरिक्त, सखी वन स्टॉप सेंटर के भवन एवं आधारभूत संरचना का भी निरीक्षण किया गया। भवन की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्यों को पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएँ।जिला पदाधिकारी द्वारा वन स्टॉप सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं को संवेदनशीलता, तत्परता एवं सम्मान के साथ सहायता उपलब्ध कराने तथा केंद्र की सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने पर विशेष बल दिया गया।वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिस एवं वन स्टॉप सेंटर के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।वन स्टॉप सेंटर, दरभंगा महिलाओं को हिंसा एवं संकट की परिस्थितियों में एक ही छत के नीचे चिकित्सीय सहायता, पुलिस सहायता,विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं अस्थायी आश्रय जैसी समेकित सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी चाँदनी सिंह द्वारा बताया गया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य केंद्र की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेना, ताकि केंद्र में आने वाली पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर वातावरण में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, जिला मिशन समन्वयक ऋषि कुमार, केंद्र प्रशासक, अजमतुन निशा, समेत ओ एस सी के सभी कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सिंहवाड़ा में सरदार पटेल की जयंती आयोजित



जयंती समारोह में भाग लेते शिक्षक व छात्र-छात्राए।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सनहपुर, सिंहवाड़ा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर डॉ. सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल ने 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश के सामने बिखराव का गंभीर संकट था, जिसे पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से टाल दिया।

आज का भारत उनके उसी अथक परिश्रम का परिणाम है। महाविद्यालय के बर्सर अमित कुमार ने अपनी स्वरचित कविता ह्यआर्यावर्त के अमीर वीरह्ण की पंक्तियाँ ह्यलोहे के जैसा जिगरा था, वो लौह पुरुष कहलाता थाह्ण का सस्वर वाचन कर कार्यक्रम को रोचक एवं भावपूर्ण बना दिया। उनकी कविता ने उपस्थित विद्यार्थियों में देशप्रेम और उत्साह का संचार किया तथा सभागार तालियों से गूँज उठा। ऋषभ महण ने सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्पशक्ति पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकता को एकरूपता न समझें, असहमति को शत्रुता न मानें और संस्थाओं की गरिमा को व्यक्तियों से ऊपर रखें। यही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे विविधता का सम्मान करते हुए देश की एकता और अखंडता की रक्षा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के अंतर्गत ह्यवाक फॉर यूनिटीह्ण का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही ह्यएकता यात्राह्ण के रूप में राष्ट्रीय एकता का बैनर लेकर महाविद्यालय परिसर से गाँव के विभिन्न टोलों और गलियों से होते हुए गांधी चौक तक पदयात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ण और ह्यसरदार पटेल अमर रहेंह्ण जैसे नारों के साथ स्थानीय लोगों को आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के महत्व के प्रति जागरूक किया। रास्ते में ग्रामीणों, दुकानदारों और महिलाओं ने यात्रा का स्वागत किया और कई लोग स्वयं भी इसमें शामिल हो गए। गांधी चौक पर पहुँचकर सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. लक्षणा गुप्ता, डॉ. धर्मवीर, कस्तूरी सरकार एवं कौशलेंद्र कुमार सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा डॉ. सृजिता की सहभागिता तथा महाविद्यालय की प्राचार्य अमिता मिश्र के सानिध्य में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं तथा महाविद्यालय और समाज के बीच जुड़ाव को गहरा करते हैं। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अंश श्रीवास्तव ने मंच का संचालन किया, जबकि समाजशास्त्र विभाग की डॉ. दुर्गा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉ. शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरदार पटेल की जयंती व इंदिरा गांधी की मनाई गई शहादत दिवस



कार्यक्रम में प्रदीप कुमार चौधरी व अन्य।

बहेड़ी (एनएसबी)। प्रखंड की पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेममाया देवी के पघारी स्थित निवास स्थान पर शनिवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न आयरन लेडी इन्दिरा गाँधी का 42 वाँ शहादत दिवस मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया।

इन महापुरुषों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के स्वतंत्र राष्ट्र को एकीकृत करने की संगठनात्मक प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया।जिसके लिए उन्हे बिस्मार्क ऑफ इंडिया के रूप में उन्हे याद किया जाता है।लौह पुरुष ने आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।उन्होंने भारतीय संविधान में नागरिकों की सम्पति के अधिकार व स्वतंत्र उद्यम की वकालत कर लागू करवाया।श्री चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमति गाँधी ने राष्ट्र की प्रगति के लिए निर्धनों का देखभाल न्यूनतम आवश्यक है को सैद्धांतिक व व्यवहारिक रूप दिया।उनका मानना था कि राजनीति के अभाव में अर्थशास्त्र और अर्थशास्त्र के अभाव में राजनीति की सही दिशा की परिकल्पना नही की जा सकती है। श्रीमति गाँधी ने पाकिस्तान का विभाजन कर बंगलादेश को अलग राष्ट्र बनाकर विश्व के मानचित्र को बदल दिया।जबकि सिक्किम को मिलाकर भारत के मानचित्र में विस्तार किया। 19 निजी बैंको का राष्ट्रीयकरण, प्रथम परमाणु विस्फोट व तृतीय भारत - पाक युद्ध में 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करना उनके प्रधानमंत्रित्व काल की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ है।इन दोनों महापुरुषों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की काफी प्रतिष्ठा बढ़ाई। जिसके कारण राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।इस अवसर पर गौड़ी शंकर चौधरी, ललन मंडल, विकास कुमार चौधरी, गौरव मंडल, आनंद मंडल, रामबाबू चौधरी, सत्यम यादव, बालकृष्ण चौधरी, शुभम कुमार राम, प्रकाश सदा, आशीष कुमार चौधरी सहित कई अन्य लोगों ने भी इन महापुरूषों की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

12 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य, एसडीएम ने दिए निर्देश

बेनीपट्टी (एनएसबी)। अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंगपाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने जिला पदाधिकारी, मधुबनी के निदेर्शों का हवाला देते हुए दोनों विभागों की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया।

एसडीएम ने कहा कि इस कार्य के लिए सभी सड़कों का सर्वेक्षण हर हाल में 12 नवंबर 2026 से पूर्व पूरा कर लिया जाए। सर्वेक्षण के दौरान सड़कों की वास्तविक स्थिति से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर जिला पदाधिकारी, मधुबनी को उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने सभी कनीय एवं सहायक अभियंताओं को इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में सर्वेक्षण कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं द्वारा किए जाने वाले सर्वेक्षण की निगरानी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी करेंगे, जबकि पथ निर्माण विभाग के सर्वेक्षण कार्य का अनुश्रवण संबंधित प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी करेंगे।



क।

इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंताओं ने प्रखंडवार सड़कों की स्थिति की जानकारी दी। बताया गया कि मधवापुर प्रखंड में कुल 72 सड़कों में 55 को मेंटेनेंस के लिए लिया गया है। हरलाखी प्रखंड में 64 सड़कें मेंटेनेंस के लिए चयनित हैं। वहीं, बेनीपट्टी प्रखंड की कुल 211 सड़कों में 95 तथा बिस्फी प्रखंड की कुल 171 सड़कों में 132 सड़कों को मेंटेनेंस के लिए लिया गया है।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण पूरा कर सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो।

जलस्रोतों की स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : डीपीओ

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति नमामि गंगे अंतर्गत चल रहे विशेष अभियान विशेष अभियान 6.0 के तहत आज नगर निगम, मधुबनी द्वारा महासेठी तालाब में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब में स्थित जलकुंभी एवं अन्य कूड़ा-कचरा को निकालकर साफ-सफाई की गई। साथ ही आगामी छठ पर्व के मद्देनजर छठ घाट की भी साफ-सफाई की गई, ताकि श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान स्वच्छ एवं साफ-सुथरा घाट उपलब्ध हो सके।

इस स्वच्छता अभियान में सफाईकर्मियों एवं स्वच्छता साथियों के साथ उपस्थित आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब एवं छठ घाट की स्वच्छता में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि जलस्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के साथ-साथ पर्व-त्योहारों के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई भी महत्वपूर्ण है। जलस्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं, नगर निगम, मधुबनी के स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन ने कहा कि विशेष अभियान 6.0 के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं जलस्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। छठ पर्व को देखते हुए घाटों की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। अभियान में नगर निगम के सफाईकर्मी, स्वच्छता साथी अविनाश चौधरी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



स्वाछता करते।

संक्षिप्त खबरें

मानव व्यापार कांड के अभियुक्त चंदन कुमार कामत पदमा चौक से गिरफ्तार

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां थाना पुलिस ने मानव व्यापार कांड के अभियुक्त 20 वर्षीय चंदन कुमार कामत उर्फ चंदू कामत को शुक्रवार की शाम पदमा चौक से गिरफ्तार कर लिया गया। इस कांड के अनुसंधानक एस आई नीतू कुमारी के मुताबिक आरोपी चंदन कुमार कामत उर्फ चंदू कामत पिता इंदरदेव कामत पदमा गांव का निवासी है। जो मानव व्यापार कांड संख्या - 379 / 026 दिनांक 29 सितंबर 026 का नामजद अभियुक्त है। जिसे शनिवार को गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया गया।

कॉलेज में विदाई सह सेवांत लाभ वितरण समारोह आयोजित



विदाई समारोह में उपस्थित शिक्षक।

लदनियां (एनएसबी)। मधुबनी स्थित देवनारायण यादव कॉलेज के शिक्षक प्रकोष्ठ में शनिवार को शासीनिकाय के सचिव गया प्रसाद यादव व कॉलेज के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर प्रसाद की उपस्थिति में विदाई सह सेवांत लाभ वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवकाशोपरांत वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. रामपरीक्षण यादव की भावभीनी विदाई सेवांत लाभ के साथ की गई। कार्यक्रम में इससे पूर्व अवकाश ग्रहण कर चुके हिन्दी विभाग के प्राध्यापक प्रो हरिश्चन्द्र यादव, प्रो. सत्यनारायण यादव, मनोविज्ञान के प्राध्यापक प्रो. सूरज नारायण यादव, प्रो. सत्यनारायण यादव, अर्थशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. रामनारायण यादव, जन्तु विज्ञान के प्रयोगशाला प्रभारी धर्मदेव यादव व आदेशपाल मधुसूदन प्रसाद मधुप व हरिनारायण यादव को भी पाग, दोपटा,शॉल, अंगवस्त्र, फूल माला आदि से सम्मानित करते हुए सेवांत लाभ चेक स्वरूप दिया गया। सचिव श्री यादव ने सेवांत लाभ के रूप में प्रति प्राध्यापक एक लाख, प्रयोगशाला प्रभारी को 75 हजार व आदेशपाल को 51 हजार का चेक हस्तगत कराया। कहा कि राष्ट्रनिर्माण का कार्य करते रहे इन कर्मियों को आध्यात्मिक व नैतिक चिंतन तकरते हुए समाज सेवा करनी चाहिए। प्राचार्य श्री प्रसाद ने सेवांत लाभ की प्रक्रिया को जीवंतता प्रदान करते रहने के लिए सचिव महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कॉलेज कर्मियों ने अवकाशप्राप्त कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की और उनके दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर प्रसाद ने की। मौके पर डॉ. कृष्ण कुमार, प्रो. सुरेश प्रसाद, प्रो. विमल कुमार सिंह, प्रो. अखिलेश्वर यादव, प्रो अरुण कुमार यादव, प्रो. उपेंद्र कुमार केसरी, धर्मेन्द्र कुमार यादव, मुन्ना ठाकुर, गंगाराम यादव, हरिनारायण यादव, रामविलास राम, जीबछ यादव,राजकुमार यादव समेत सभी कार्यरत कर्मी उपस्थित थे।

50 ग्राम गाँजा एवं 2.5 ग्राम स्मैक (मादक पदार्थ) के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया है कि 30 अक्टूबर को नरहिया थाना की गस्ती टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम-भपटियाही स्थित दुर्गा मंदीर के पास बने सरकारी यात्री सेड में कुछ व्यक्ति स्मैक, गाँजा (मादक पदार्थ) का सेवन कर रहे हैं। उक्त सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित कर प्राप्त निदेर्शानुसार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गस्ती टीम द्वारा ग्राम-भपटियाही स्थित दुर्गा मंदीर के पास बने सरकारी यात्री सेड के पास पहुँच कर देखा गया कि 02 व्यक्ति यात्री सेड के निचे स्मोकिंग कर रहे है एवं अपने सामने जमीन पर कुछ पदार्थ रखे हुए है। पुलिस को देखते हीं उक्त दोनों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस बल द्वारा उन्हे पकड़ लिया गया तथा जीस स्थान पर वे स्मोकिंग कर रहे थे उस स्थान से कुछ मादक पदार्थ पाया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्तियों से नाम/पता पुछने पर उसने अपना नाम 01. कौशल कुमार, पे०-विजय साह, सा०-पकड़ीया, थाना-फुलपरास, जिला-मधुबनी एवं 02. संजीव कुमार, पे०- राजकुमार यादव, सा०-गिहा, थाना-घोघरडीहा, जिला-मधुबनी बताये। भागने का कारण पुछे जाने पर उनलोगों द्वारा कोई भी संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। शक के आधार पर विधिवत तलाशी के क्रम में घटना स्थल से एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एवं प्लास्टिक का छोटा डिब्बा जिसमें गाँजा एवं स्मैक (मादक पदार्थ) पाया गया। बरामद प्रदर्श का वजन करने पर स्मैक-2.5 ग्राम एवं गाँजा 50 ग्राम पाया गया। बरामद सभी प्रदर्श को विधिवत जप्ती सुची बनाकर जप्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया!

नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की बैठक में वेतन-पेंशन भुगतान एवं मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा उठा

जयनगर (एनएसबी)। नगर पंचायत जयनगर के सफाई कर्मियों की एक बैठक किसान भवन, जयनगर में सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सफाई मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के सचिव शोभित मंडल ने कहा कि सफाई मजदूर शहर एवं पंचायत को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। उन्होंने मांग की कि सफाई कर्मियों को बरसात के मौसम में रेनकोट, ठंड के मौसम में गर्म कपड़े, जूते तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व नजदीक होने के बावजूद नगर पंचायत जयनगर के स्थायी, दैनिक एवं संविदा कर्मियों सहित पेंशनभोगियों को कई महीनों से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने पर्व से पूर्व सभी बकाया वेतन एवं पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी।यूनियन के संरक्षक भूषण सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष बात रखने पर उनके द्वारा असंतोषजनक जवाब देना तथा कर्मचारियों को नौकरी छोड़कर दिल्ली, मुंबई और पंजाब चले जाने की सलाह देना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।

जागरूक विद्यार्थी ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज की मजबूत नींव : डॉ. मीनाक्षी



स्वच्छता अभियान में।

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति नमामि गंगे, मधुबनी द्वारा संचालित विशेष अभियान 6.0 के तहत आज उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सलहा में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता रैली सह क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रेरक नारों के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जलस्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान 'गंदगी पे रहम-मौत का करम', 'गांव में कचरा-जीवन को खतरा', 'पेड़ को मत काटो भैया-डूबेगी जीवन की नैया', 'स्वच्छ रहें-स्वस्थ रहें', 'नहीं रुकेंगे-स्वच्छ करेंगे', 'हर-हर गंगे-नमामि गंगे', 'हर युवाओं का एक ही नारा-स्वच्छता है संकल्प हमारा' एवं 'पेड़ लगाएं-जीवन बचाएं' जैसे नारों से विद्यालय परिसर एवं आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। रैली के क्रम में छात्र-छात्राओं ने तालाब के समीप पहुंचकर स्थानीय लोगों को नदियों, तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों के महत्व तथा उनके संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान एवं विचारों का प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतिकरण किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी ने प्रथम, सोनी कुमारी ने द्वितीय तथा निशु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षक दुगानंद मंडल एवं चंदा कुमारी ने निभाई। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी (कक्षा-9) ने प्रथम, नंदन कुमार (कक्षा-10) ने द्वितीय तथा नंदनी कुमारी (कक्षा-11) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में शिक्षक इंद्रदेव मंडल एवं अनिल कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। दोनों प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक दायित्व भी है। बच्चों में शुरू से ही स्वच्छता, जलस्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। विद्यार्थी जागरूकता के संदेश को अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाकर सकारात्मक बदलाव के वाहक बन सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार, शालू कुमारी, संजीव कुमार लाहा, राकेश सिंह, धर्मदेव रमण, मुकेश झा, रूद्रा कुमारी, राकेश राम, राजेश झा, प्रियंका कुमारी, अर्चना कुमारी, मीना कुमारी, राजेश रंजन सहित अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला गंगा समिति नमामि गंगे, मधुबनी द्वारा विशेष अभियान 6.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम लोगों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा नदियों एवं अन्य जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता को और मजबूत करना है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व बिहार प्रभारी हरीश द्विवेदी जी का मिथिला परंपरा के अनुसार किया अभिनंदन

मधुबनी (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रभारी आदरणीय हरीश द्विवेदी जी के प्रथम पटना आगमन पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर मिथिला की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप पाग एवं मिथिला अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री झा ने हरीश द्विवेदी जी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार के विकास को नई गति मिलेगी तथा भारतीय जनता पार्टी का संगठन और अधिक सशक्त, समरस, सर्वव्यापी एवं व्यापक बनेगा। मुलाकात के दौरान बिहार की वर्तमान राजनीतिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों, राज्य के विकास और संगठनात्मक विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि हरीश द्विवेदी जी का राजनीतिक जीवन छात्र जीवन से प्रारंभ होकर संगठन और संसदीय राजनीति के विभिन्न पड़ावों से गुजरता हुआ राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचा है। वे लगातार सांसद रहे हैं तथा संसद के भीतर जनहित से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाते रहे हैं। आम जनता के साथ उनका सहज जुड़ाव और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद उनकी सार्वजनिक राजनीतिक यात्रा की महत्वपूर्ण विशेषताएं रही हैं। इस दौरान बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की गतिविधियों, राज्य के 646 संस्कृत विद्यालयों की स्थिति, संस्कृत शिक्षा के विकास एवं सुदृढ़ीकरण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन से जुड़े विषयों को भी विस्तार से रखा गया। श्री झा ने आग्रह किया कि संस्कृत शिक्षा के व्यापक विकास के लिए केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के समन्वित सहयोग से ठोस पहल हो। संस्कृत विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संस्कृत शिक्षा को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। श्री झा ने विश्वास व्यक्त किया कि हरीश द्विवेदी जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से बिहार में संस्कृत शिक्षा के उन्नयन, भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रसार और संस्कृत विद्यालयों के सशक्तीकरण के प्रयासों को नई दिशा एवं गति मिलेगी।



सम्मानित करते।

हाईकोर्ट के आदेश पर निजी जमीन में बनी पीसीसी सड़क पर चला बुलडोजर, प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

बिस्फी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सिमरी गांव में पटना हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निजी जमीन पर पंचायत निधि से निर्मित पीसीसी सड़क को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी मधुबनी आनंद शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, सिमरी गांव में करीब सात धूर निजी जमीन पर पंचायत निधि से पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। इस मामले को लेकर रामचन्द्र पासवान सहित अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन ने सड़क हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान बिस्फी अंचल की राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी मौके पर मौजूद रहीं। प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में बुलडोजर चलाकर निजी जमीन पर बनी सड़क को हटाया गया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिस्फी, पतौना एवं औंसी थाना की पुलिस भारी संख्या में तैनात रही। पूरी कार्रवाई प्रशासनिक निगरानी और पुलिस सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। इस दौरान पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, औंसी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, बिस्फी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, बिस्फी अंचल के बड़ा बाबू जितेंद्र कुमार, अंचल अमीन अजय कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल रहा।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जयनगर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

जयनगर (एनएसबी)। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल जयनगर की ओर से जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जयनगर के काली मंदिर, कमला रोड परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद और रोचक प्रस्तुति के जरिए आम लोगों को बताया कि किस प्रकार घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है तथा बिजली बिल में बचत की जा सकती है।नुक्कड़ नाटक के दौरान कलाकारों ने सरल एवं स्थानीय भाषा में योजना के उद्देश्य, इसकी उपयोगिता और आम उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों को प्रस्तुत किया। कलाकारों ने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल बिजली खर्च को कम करने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करने तथा सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम से जोड़ना है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार सब्सिडी का लाभ दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं को अपने घरों में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने का अवसर मिलता है। साथ ही अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने की सुविधा भी उपलब्ध हो सकती है।कार्यक्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता राहुल कुमार, एसडीओ वरुण कुमार, जेई गौरी शंकर प्रसाद, एलाइनमेंट संतोष कुमार, राम संजीवन कुमार एवं अशोक पासवान सहित एमएनआरई (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) की नुक्कड़ नाटक टीम के सदस्य मौजूद रहे।इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भी लोगों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए इसकी जानकारी अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को आगे आना चाहिए और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।नुक्कड़ नाटक देखने के लिए स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया कि सौर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है और इसका अधिक से अधिक उपयोग करके बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।विद्युत आपूर्ति प्रमंडल जयनगर की ओर से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों की जानकारी बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा'



कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक।

आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज में शिक्षक की भूमिका में दिखे केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी निषाद शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने मेडिकल छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर उन्हें विभिन्न बीमारियों, उनके उपचार और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर भविष्य बनाने के गुर बताए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, मेहनत और चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने की सलाह दी।

डॉ राजभूषण चौधरी निषाद ने मेडिकल छात्रों को पढ़ाया चिकित्सा का पाठ

बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आभा रानी सिन्हा ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, संस्थापक डॉ. मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक राजीव कुमार शर्मा, निदेशक प्रोफेसर डॉ उदय कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ रोहित कुमार सिंह सहित कॉलेज के कई चिकित्सक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा कि मेडिकल छात्रों के बीच जाना उन्हें अच्छा लगता है। दिल्ली में रहने के दौरान भी वे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कार्डियोलॉजी सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सेमिनारों में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि जिंदगी में शॉर्टकट जैसा कुछ नहीं होना चाहिए। सफलता के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत जरूरी है। विद्यार्थियों को किताबें पढ़ने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मेडिकल के क्षेत्र में केवल एमबीबीएस तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पीजी की पढ़ाई और किसी विशेष चिकित्सा विधा में विशेषज्ञता हासिल करना भी जरूरी है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं में काफी क्षमता है। जरूरत है कि वे मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। मरीजों के प्रति चिकित्सकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मरीज हमारे लिए भगवान के समान हैं। उनके साथ हमेशा सौम्य और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। चिकित्सकों को हर संभव प्रयास करना चाहिए कि मरीज की जान बचाई जा सके। चिकित्सा का क्षेत्र केवल पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के इंटर्न चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें आईजीआईएमएस की चिकित्सा प्रोफेसर डॉ. स्वाति सिंह ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बेसिक लाइफ सपोर्ट की उपयोगिता, आपातकालीन स्थिति में मरीज को तत्काल सहायता देने और जीवन बचाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इंटर्न छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक रूप से इस प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ अभिषेक प्रसाद, डॉ कमलकांत मिश्रा, डॉ विकास रंजन, डॉ राज्यवर्धन, डॉ रागिनी रंजन, डॉ कुमार सौरभ, डॉ आलोक प्रीतम, डॉ ममता सिंह, डॉ खुशबू रानी, डॉ प्रज्ञा सिंह सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं बीएलएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ रागिनी, डॉ नीतिका निशु, डॉ आलिया प्रवीण, डॉ सौरभ और डॉ रवि कुमार सहित अन्य चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक पदाधिकारी मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिकल छात्र छात्राओं को चिकित्सा ज्ञान देते केंद्रीय मंत्री डॉ राजभूषण चौधरी निषाद।।

संक्षिप्त खबरें

3साल से लापता छात्रा की बरामदगी पर कोर्ट सख्त, मिठनपुरा थानेदार से माँगा स्पष्टीकरण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र से करीब तीन साल पहले लापता हुई छात्रा की बरामदगी नहीं होने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-8 (पूर्वी) की अदालत ने मिठनपुरा थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण तलब किया है। अदालत ने पुलिस से पूछा है कि इतने लंबे समय बाद भी छात्रा की बरामदगी और अनुसंधान में अब तक क्या प्रगति हुई है। इस मामले में छात्रा की बरामदगी और पुलिस की कथित लापरवाही को लेकर सूचक के अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव ने न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने थानाध्यक्ष से जवाब मांगा है। मामले के अनुसार, छात्रा की मां ने 3 मार्च 2023 को मिठनपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि 24 फरवरी 2023 की शाम छात्रा रोज की तरह कोचिंग के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार घटना की रात छात्रा के मोबाइल नंबर से उनके पास फोन आया था। फोन करने वाले ने छात्रा का अपहरण किए जाने की बात कही थी। इस घटना के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पुलिस से छात्रा की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई, लेकिन उनका कहना है कि अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव ने न्यायालय में छात्रा की बरामदगी और अनुसंधान की प्रगति को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अब अदालत की ओर से मिठनपुरा थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं। परिजनों को उम्मीद है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से अनुसंधान में तेजी आएगी और लापता छात्रा का पता लगाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

औराई के गोलू हत्याकांड में मानवाधिकार आयोग का एसएसपी को नोटिस, आठ सप्ताह में मांगा जवाब

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के औराई थाना क्षेत्र के सुंदरखौली निवासी प्रियांशु कुमार उर्फ गोलू हत्याकांड में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने मामले की सुनवाई करते हुए मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को नोटिस जारी कर आठ सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 4 फरवरी को निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार, विगत 7 अगस्त को सुंदरखौली निवासी विपिन कुमार ठाकुर के पुत्र प्रियांशु कुमार उर्फ गोलू की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में औराई थाना में कांड संख्या 269/26 दर्ज कराया गया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस की जांच और कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मामले में साजिश के तहत हत्या की गई, लेकिन पुलिस ने शुरू से ही अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। परिजनों का आरोप है कि मामले के महत्वपूर्ण साक्ष्यों को जानबूझकर नष्ट किया गया और घटनाक्रम को इस तरह प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, जिससे पूरी घटना हादसा प्रतीत हो। पुलिस की कथित भूमिका और जांच में अनियमितताओं को लेकर मृतक के पिता ने मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा के माध्यम से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविकता सामने लाने की मांग की थी। परिजनों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर को नोटिस जारी आठ सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने आयोग के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि आयोग के हस्तक्षेप से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही हत्याकांड की वास्तविकता सामने आने का रास्ता भी प्रशस्त होगा। फिलहाल, आयोग के नोटिस के बाद इस मामले में पुलिस की अगली कार्रवाई और जवाब पर सबकी नजरें टिकी हैं।

मुजफ्फरपुर में 2 नवंबर को लगेगा इंटर्नशिप मेला

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। युवाओं एवं युवतियों को रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने और उनके कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2 नवंबर को इंटर्नशिप मेला सह कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग (बिहार कौशल विकास मिशन) के तत्वावधान में मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत जिला नियोजनालय, मुजफ्फरपुर परिसर में होगा। सरकार के आदेश के आलोक में आयोजित इस मेले में पात्र युवक-युवतियां भाग लेकर योजना का लाभ उठा सकेंगे। जिला प्रशासन की ओर से योग्य अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में शामिल होने की अपील की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मेले का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने तथा इसके सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाना और उन्हें इंटर्नशिप के अवसरों से जोड़ना है।

मोतीपुर में लंबे समय से बंद पड़ी चीनी मिल की 266 एकड़ भूमि पर होगा औद्योगिक विकास

151 एकड़ जमीन पर लगेंगे दूसरे उद्योग

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले के मोतीपुर में लंबे समय से बंद पड़ी चीनी मिल की जमीन पर अब औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं आकार लेंगी। बिहार राज्य चीनी निगम की इस इकाई की कुल 266 एकड़ जमीन के औद्योगिक उपयोग की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य मंत्रिपरिषद ने 115.08 एकड़ जमीन पर चीनी मिल की स्थापना तथा शेष 151.58 एकड़ जमीन को अन्य उद्योगों की स्थापना के लिए उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी है।

सरकार के इस फैसले से मोतीपुर और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जमीन उपलब्ध होने से निवेशकों को उद्योग स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। योजना के तहत 115.08 एकड़ जमीन चीनी मिल की स्थापना के लिए निर्धारित की गई है।

वहीं, 151.58 एकड़ जमीन पर अन्य औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की योजना है। इसके लिए जमीन उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। इस व्यवस्था से चीनी उद्योग के विकास के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों में निवेश का रास्ता भी खुल सकता है। यह पहल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' के लक्ष्य के अनुरूप बताई जा रही है। बंद पड़ी चीनी मिल की जमीन का सुनियोजित उपयोग होने से लंबे समय से औद्योगिक विकास की प्रतीक्षा कर रहे मोतीपुर क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। मोतीपुर और आसपास का क्षेत्र कृषि प्रधान है। ऐसे में यहां कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आधारित उद्योग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में निवेश होने से किसानों को भी अपने उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन के बेहतर अवसर मिल सकते हैं।

हालांकि अन्य उद्योगों की स्थापना, निवेश और रोजगार सृजन की वास्तविक तस्वीर आगे की कार्ययोजना और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के बाद स्पष्ट होगी। फिलहाल, बंद चीनी मिल की जमीन के औद्योगिक उपयोग को मंजूरी मिलने से मुजफ्फरपुर जिले में औद्योगिक विकास की उम्मीदें बढ़ी हैं।



मोतीपुर चीनी मिल की प्रतिकात्मक फोटो।

पानी टंकी चौक स्थित पार्क में धूमधाम से मनाई गई लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को पानी टंकी चौक स्थित पार्क में समारोहपूर्वक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष विनोद पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने देश के विभाजन को रोकने के लिए भी काफी प्रयास किए थे। यदि उस समय उनकी बातों को मान लिया गया होता तो शायद देश का विभाजन नहीं होता। आजादी के बाद देश के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने कानून-व्यवस्था संभालने के साथ-साथ विभिन्न रियासतों का भारत में विलय कर राष्ट्रीय एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं भाजपा नेता राकेश पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल अपने दृढ़ निश्चय और मजबूत फैसलों के लिए जाने जाते थे। उनकी बातों को लोग गंभीरता से लेते थे। यही वजह है कि उन्हें लौहपुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना भी गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश पटेल, शशि भूषण पटेल, राजेश पटेल, नवल किशोर सिंह, विजय मंडल, राकेश कुमार पटेल, रामनारायन कुमार, राजू कुमार, अमित पटेल एवं अंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया।

साकेतपुरी में युवक की मौत, बंद कमरे से बरामद हुआ शव



घटनास्थल पर मामले की जांच करती पुलिस।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र के साकेतपुरी इलाके में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव उसके कमरे में मिला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार, युवक अपने कमरे में था। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद बंद कमरे का दरवाजा खुलवाकर युवक के शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण था, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही इस घटना के बाद साकेतपुरी इलाके में शोक का माहौल है।

नहर से मिले राहुल ठाकुर की लाश के मामले में नया मोड़, लॉक कार में खून के निशान और 25 लाख रुपये गायब



मामले की जांच के लिए घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। करजा थाना क्षेत्र स्थित तिरहुत नहर से शनिवार को बरामद जगन्नाथ पताही निवासी राहुल ठाकुर (50) के शव मामले में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। घटनास्थल के पास लावारिस हालत में खड़ी उनकी महाराष्ट्र नंबर की कार में खून के निशान मिलने और मृतक के हाथ की नस कटी होने की बात सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। परिजनों ने लूटपाट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार, राहुल ठाकुर पटना में मेडिकल कॉलेज में नामांकन से संबंधित कंसल्टेंसी का काम करते थे। वह शुक्रवार से लापता थे। शनिवार को तिरहुत नहर से उनका शव बरामद किया गया। इसके बाद घटनास्थल के पास खड़ी उनकी कार की जांच की गई, जिसमें सीटों और अन्य हिस्सों पर खून के धब्बे मिलने की बात सामने आई। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक के हाथ की नस भी कटी हुई थी। इन परिस्थितियों के कारण घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

मृतक की पत्नी ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि राहुल शुक्रवार को किसी काम से 20 से 25 लाख रुपये नकद लेकर घर से निकले थे। पत्नी के अनुसार उक्त राशि अब गायब है। हालांकि नकदी गायब होने और हत्या के बीच संबंध की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिँह प्रभाकर और सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया।

टीम ने कार से खून के नमूने और फिंगरप्रिंट एकत्र किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड सहित विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। फिलहाल, घटना के पीछे की वास्तविक वजह और कथित लूटपाट की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

फूड सेफ्टी विभाग की कई स्वीट हाउस और डेयरी प्रोडक्टस दुकानों मे छापामारी

200 किलो दुर्गंधयुक्त स्पंज व एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक जब्त

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दीपावली और छठ महापर्व से पहले मुजफ्फरपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों और लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग की ओर से शहर और आसपास के इलाकों में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार को बोचहां थाना क्षेत्र के सरफुद्दीनपुर स्थित दो मिठाई और बेकरी प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान करीब 200 किलो दुर्गंधयुक्त स्पंज और सैकड़ों लीटर एक्सपायरी डेट के कोल्ड ड्रिंक बरामद किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में जब्त सामग्री को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। जानकारी के मुताबिक, दीपावली और छठ पर्व को लेकर बाजारों में मिठाई, बेकरी उत्पाद और शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है।

इसी बीच कुछ प्रतिष्ठानों में खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ और एक्सपायरी डेट के पेय पदार्थ बेचे जाने की सूचना विभाग को मिली थी। मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि बोचहां थाना क्षेत्र के सरफुद्दीनपुर स्थित आर बेकरी और ए एन एन जल मिष्ठान भंडार में की गईं छापेमारी में अनुपयोगी खाद्य सामग्री मिले थे, जिसे तत्काल विनष्ट कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विभाग की निगरानी लगातार जारी रहेगी।



दुकान मे मिली खराब स्पंज एवं एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक, जांच करते पदाधिकारी।

आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा, 30 हजार का जुर्माना

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में दोषी विकास कुमार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी मिठनपुरा थाना क्षेत्र के कन्हौली का निवासी है। अदालत ने उस पर 30 हजार रुपये का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं भरने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष पॉक्सो कोर्ट संख्या -3 की पीठासीन न्यायाधीश नूर सुल्ताना की अदालत ने यह फैसला सुनाया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजीव रंजन राजू ने पक्ष रखा। अभियोजन ने अदालत में कुल 10 गवाहों को पेश किया। पीड़िता के बयान, चिकित्सकीय साक्ष्य और गवाहों की गवाही के आधार पर अदालत ने विकास कुमार को दोषी करार दिया। मामले में पीड़िता की मां ने 17 मई 2022 को मुजफ्फरपुर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 16 मई 2022 को सकरा थाना क्षेत्र की रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची अपने घर के दरवाजे पर खेल रही थी। इसी दौरान आरोपित विकास कुमार बाइक से वहां पहुंचा और बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को घटना के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद पीड़िता की मां ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए। सभी पक्षों को सुनने तथा उपलब्ध साक्ष्यों के मूल्यांकन के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। फैसले को नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों के मामलों में न्यायिक कार्रवाई के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



संक्षिप्त खबरें

पुलिस केंद्र स्थित आनंद भवन में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की उपस्थिति में पुलिस केंद्र स्थित आनंद भवन में पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों ने गुजरात के एकता नगर में आयोजित एकता परेड-2026 का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-1 एवं 2), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सार्जेंट मेजर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। वहीं, जिले के विभिन्न थाना परिसरों एवं क्षेत्रों में भी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक और थानाध्यक्षों की उपस्थिति में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ ली।



कार्यक्रम में एकता परेड का लाइव प्रसारण देखते पुलिस अधीक्षक अमित रंजन व अन्य।

नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का 14वां स्थापना दिवस समारोह आज डीसीआर परिसर में, जिलाधिकारी कुमार गौरव होंगे मुख्य अतिथि

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) का 14वां स्थापना दिवस समारोह रविवार, एक नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कंपनी की ओर से नगर के डीसीआर परिसर में शाम 6:30 बजे समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी श्री कुमार गौरव, आईएएस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह का आयोजन सेवा, समर्पण और सतत विकास के संकल्प के साथ किया जा रहा है। कंपनी की ओर से जारी आमंत्रण पत्र में शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्युत उपभोक्ताओं से समारोह में शामिल होने की अपील की गई है। आरडीएस कॉलेज के निकट स्थित डीसीआर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कंपनी की उपलब्धियों, विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को रेखांकित किया जाएगा। कंपनी प्रबंधन ने समारोह में लोगों की गरिमामयी उपस्थिति को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को सादर आमंत्रित किया है।

39 वर्षों की बेदाग सेवा के बाद मिडिल स्कूल केथरिया के प्रधानाध्यापक शंभू कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। डुमरा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय केथरिया के प्रधानाध्यापक शंभू कुमार की सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विद्यालय परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के वरीय शिक्षक दिगंबर ठाकुर ने की, जबकि संचालन संजय कुमार कर्ण ने



किया। इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने अंगवस्त्र, शॉल, कलम आदि भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार शाही ने शंभू कुमार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 39 वर्षों तक बेदाग सेवा देकर शिक्षक समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बिहार सरकार से शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, सभी कोटि के शिक्षकों के लिए एक संवर्ग एवं समान वेतनमान लागू करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा शिक्षकों को मध्याह्न भोजन सहित गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी मंडल ने कहा कि शंभू कुमार हंसमुख, योग्य, कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे हैं। उनके कार्य और व्यवहार अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय हैं। समारोह में द्विजेंद्र कुमार, विनोद कुमार राय, प्रणव कुमार, अशोक कुमार, रविंद्र प्रसाद, शंभू कुमार यादव, गजेंद्र कुमार निराला, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार मंडल, मंजू यादव, ममता कर्ण, निक्की कर्ण, सुरेंद्र प्रसाद कर्ण, कुमुद कर्ण, मेनका कुमारी, स्मृति कुमारी, प्रमोद कुमार एवं देवेंद्र महतो सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

350 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण



सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्धपीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत माता श्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां भक्तों के मंगलमय जीवन की कामना की। इसके बाद माता रानी को खिचड़ी का भोग लगाया गया और लगभग 350 जरूरतमंदों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशंकर प्रसाद एवं उनके पुत्र भाजपा नेता विशाल कुमार के सौजन्य से किया गया।

कायाकल्प अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

वी.बी.-जी राम जी योजना के तहत जिले में 258 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा निर्माण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को विमर्श सभा कक्ष में कायाकल्प अभियान एवं विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता, लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) तथा निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पंचायत सरकार भवन, विभिन्न विद्यालयों, कल्याण छात्रावास भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता तथा संबंधित अंचलों से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की स्थिति की योजना-वार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, उनसे संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित अंचलाधिकारी अविलंब निर्गत करना सुनिश्चित करें, ताकि निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाने में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।



कायाकल्प अभियान एवं विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया व उपस्थित अन्य।

कायाकल्प अभियान को गति देने के लिए प्रतिदिन होगी प्रखंड स्तरीय समन्वय बैठक : बैठक में वर्तमान में संचालित कायाकल्प अभियान की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित प्रखंड स्तरीय एवं तकनीकी पदाधिकारी प्रतिदिन समन्वय बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि प्रखंड, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर चिन्हित योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत विभिन्न संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती एवं अन्य आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश : आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं सभी नगर परिषद क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख सड़कों एवं आवागमन वाले क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने को कहा।

वीबी-जी राम जी योजना के तहत 258 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा निर्माण : बैठक में जानकारी दी गई कि वी.बी.-जी राम जी योजना के तहत जिले में 258 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाना है। इस योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को भूमि की उपलब्धता, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं निर्माण से जुड़ी आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय, नियमित समीक्षा और समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती, एडीएम राजस्व संजीव कुमार,सिविल सर्जन डॉ आर के यादव सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सभी तकनीकी विभागों के अभियंता वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे।

बैरगनिया स्थित कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में मनी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। बैरगनिया स्थित कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं लौह महिला स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष पासवान ने की।इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके राजनीतिक संघर्ष, साहसिक निर्णयों, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश के विकास में दिए गए योगदान को याद किया।



श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसजन।

प्रखंड अध्यक्ष संतोष पासवान ने कहा कि इंदिरा गांधी का देश के प्रति समर्पण, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ संकल्प सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके विचारों एवं आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर जगदीश झा, नरेश गिरी, सुरेश यादव, दिनेश महतो, अच्छे लाल राम, सक्षम जी, भरोस राय, जयनारायण ठाकुर, इश्तिखार आलम, गन्नी खान, शिवजी गुप्ता, गुल मोहम्मद, अनिल पटेल एवं लक्ष्मण गुप्ता सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी के शहादत दिवस एवं सरदार पटेल की जयंती पर जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

सीतामढ़ी (एनएसबी)। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी के शहादत दिवस एवं प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम गांधी मैदान में श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने दोनों नेताओं के तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष सीताराम झा, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, ताराकांत झा, आलोक सिंह राठौर, घनश्याम मिश्र, प्रो. राज कुमार गुप्ता ने कहा कि 31 अक्टूबर भारतीय इतिहास की दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक विरासतों को याद करने का दिन है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जहां बिखरी रियासतों को जोड़कर भारत की एकता का आधार मजबूत किया, तो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने फैसलों से देश की सामरिक शक्ति और राजनीतिक दिशा पर गहरी छाप छोड़ी। दोनों दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व के प्रतीक थे। भारत राष्ट्र के निर्माण में उनके बहुमूल्य योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान धीरज कुमार सिंह, संजय कुमार शर्मा, सोहन प्रसाद, ऋतु ठाकुर, उमेश सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, नंदन कुमार, वेदांशु सिंह, रिपु कुमार आदि ने राष्ट्र के दोनों महानायकों को श्रद्धांजलि दिया।



जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी में कांग्रेसजन।

त्योहार के मद्देनजर स्वच्छ जिले में पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को विमर्श सभा कक्ष में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, पेयजल आपूर्ति की स्थिति एवं लंबित कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिले में आमजन को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अपने अधीन संचालित सभी पेयजल योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियाशील रखना सुनिश्चित करे। विशेष रूप से बंद पड़ी सभी नल-जल योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अभियंताओं एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्देशित किया कि बंद एवं खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मती कार्य अविलंब पूरा करें, ताकि आम लोगों को नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।



लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षात्मक बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

इसके अतिरिक्त, लंबित नल-जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा शेष बचे घरों में गृह जल संयोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अभियंताओं एवं कार्य एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन एवं मरम्मती कार्यों की नियमित निगरानी करने पर भी बल दिया, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से आम नागरिकों तक पहुंच सके। बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी सहायक अभियंता एवं विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सुप्पी में मनी सरदार पटेल की 151वीं जयंती

सुप्पी/सीतामढ़ी (एनएसबी)। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सुप्पी में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. मो. सनाउल्लाह ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्रीय एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।



प्रो. सनाउल्लाह ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। आज आवश्यकता है कि हम सरदार पटेल के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को व्यवहार में उतारने की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने 'रन फॉर यूनिटी' में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्रों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। समारोह में डॉ. संजली कौसर, प्रो. गुड़िया कुमारी, डॉ. अहाना विक्रम, प्रो. नेहा शर्मा, प्रो. मनोहर लाल, डॉ. अहमद नवाज, डॉ. नंदिनी कुमारी, प्रो. धर्मवीर सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संकल्प के साथ हुआ।

बैरगनिया में मनी सरदार पटेल की 151वीं जयंती, उनके आदर्शों पर चलने व राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शुक्रवार को बैरगनिया में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति ट्रस्ट, बैरगनिया के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष डॉ. अभय पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। ट्रस्ट अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, रियासतों के एकीकरण तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजकुमार सिंह ने किया। वहीं, बैरगनिया थाना परिसर में भी राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस दौरान सरदार पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय एकता के लिए उनके योगदान को याद किया गया।



वार्ता के लिए नगर आयुक्त ने 2 नवंबर को बुलाई बैठक, 3 नवंबर को प्रस्तावित धरना प्रशासन के निर्णय पर निर्भर

पांच सूत्री मांगों को लेकर वार्ड-7 एकता मंच ने दी थी धरने की चेतावनी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। वार्ड-7 एकता मंच की ओर से पांच सूत्री मांगों के समर्थन में 3 नवंबर को प्रस्तावित शांतिपूर्ण धरना कार्यक्रम को लेकर नगर निगम प्रशासन ने पहल की है। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने मंच के अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला को पत्र भेजकर 2 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। बैठक नगर आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निर्धारित की गई है।

नगर आयुक्त की ओर से 31 अक्टूबर को जारी पत्र में कहा गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के 29 अक्टूबर के पत्र के आलोक में मंच की ओर से 3 नवंबर को आंदोलन की अग्रिम सूचना दी गई है। इस संबंध में पांच सूत्री मांगों पर विचार-विमर्श के लिए बैठक बुलाई गई है। नगर आयुक्त ने निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर वार्ता में भाग लेने का अनुरोध किया है, ताकि मांगों पर विचार किया जा सके।



अरुण कुमार शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता व अध्यक्ष वार्ड-7 एकता मंच।

गौरतलब है कि वार्ड-7 एकता मंच ने 20 अक्टूबर को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रशासन को लिखित सूचना एवं ज्ञापन सौंपा था। इसकी प्रतियां जिला समाहरणालय, समस्तीपुर एवं सोनपुर के रेल मंडल प्रबंधक, नगर आयुक्त तथा पूर्वी अनुमंडल पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई थीं।

मंच लोकतांत्रिक परंपरा एवं कानून के दायरे में रहकर अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : अरुण शुक्ला

मंच का आरोप है कि बार-बार पत्राचार एवं आश्वासन के बावजूद अब तक समन्वय समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है। वहीं, रेलवे अधिकारियों की ओर से गुमती नंबर-2 मार्ग को मोटरेबल बनाने की बात कही गई, लेकिन अब तक किए गए कार्यों से नागरिकों की परेशानी कम नहीं हुई है।

मंच ने पूर्व में स्पष्ट किया था कि यदि 2 नवंबर तक जिला समन्वय समिति की आपात बैठक बुलाकर पांचों मांगों पर सकारात्मक वार्ता की जाती है, तो 3 नवंबर का प्रस्तावित आंदोलन स्थगित किया जा सकता है। अन्यथा 3 नवंबर को सुबह 10 बजे से मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेलवे लाइन के गुमती नंबर-2, आनंदपुरी-बबीगंज में शांतिपूर्ण एवं गैर-हिंसात्मक धरना दिया जाएगा।

मंच के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने कहा कि मंच लोकतांत्रिक परंपरा एवं कानून के दायरे में रहकर अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अब सभी की नजरें 2 नवंबर को होने वाली बैठक और उसमें निकलने वाले निर्णय पर टिकी हैं।

सम्पादकीय

अर्णव ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

किसान पहले से ही कभी बाढ़ तो कभी सूखे की दोहरी मार झेलते आ रहे हैं। अब अर्णव तूफान के प्रभाव से हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लगातार बारिश और तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल बड़े पैमाने पर गिरकर पानी में डूब गई है। इससे हजारों हेक्टेयर में लगी धान की फसल प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों के सामने अब अपनी महीनों की मेहनत और खेती में लगाई गई पूंजी को बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

बारिश के कारण खेतों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं तेज हवा के चलते धान की तैयार होती फसल जमीन पर गिर गई है। खेतों में पानी जमा रहने से फसल के सड़ने और उत्पादन में भारी गिरावट आने की आशंका है। किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार होने के समय मौसम की इस बेरुखी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कई किसानों को इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन तूफान के बाद हुई बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। अर्णव तूफान के दौरान हुई बारिश से खेत में लगी धान की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर गई और पानी में डूब गई है। फसल की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब उसके सुरक्षित बचने की उम्मीद काफी कम है। खेती में खाद, बीज, मजदूरी और अन्य संसाधनों पर काफी रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। इस नुकसान से उन्हें लाखों रुपये की आर्थिक क्षति होने की आशंका है। यदि मौसम का यही मिजाज बना रहा और खेतों में लंबे समय तक पानी जमा रहा तो इसका असर आगामी रबी फसल की खेती पर भी पड़ सकता है। खेतों से समय पर पानी नहीं निकलने की स्थिति में रबी फसल की बुआई में देरी होगी, जिससे किसानों को दोहरी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह मौसम पर निर्भर है। पहले कभी सूखे के कारण धान की रोपनी प्रभावित होती है तो कभी अधिक बारिश और बाढ़ से तैयार फसल बर्बाद हो जाती है। ऐसे में किसान लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस बार अर्णव तूफान की बारिश ने उनकी बची-खुची उम्मीदों को भी झटका दिया है। पीड़ित किसानों ने राज्य सरकार से मांग की है कि क्षेत्र में बारिश और तेज हवा से प्रभावित धान की फसलों का जल्द सर्वेक्षण कराया जाए। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, उन्हें कृषि विभाग के माध्यम से उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि प्रातिक आपदा से हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो सके और किसान अगली फसल की तैयारी कर सकें।

अर्णब तूफान के प्रभाव से हुई लातार बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है। वहीं, कटाई के बाद खेतों में रखी धान की फसल भी बारिश में भींकर खराब होने के कागार पर है। शुरुआती आकलन के अनुसार, सैकड़ों एकड़ में ली धान की फसल प्रभावित हुई है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट की आशंका है।बारिश और तेज हवा के कारण कई खेतों में धान की तैयार फसल जमीन पर गिर गई है। इससे धान की बालियां मिट्टी और पानी के संपर्क में आ गई हैं।

खेतों में जलजमाव के कारण किसानों के लिए फसल की कटाई करना भी मुश्किल हो या है। वहीं, जिन किसानों ने धान की कटाई कर फसल खेतों में रखी थी, उनका धान भी बारिश में भींग गया है। लागातार नमी रहने से धान के दाने काले पड़ने, सड़ने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। तूफान के असर ने आलू और सरसों की खेती करने वाले किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। आलू की बुवाई कर चुके किसानों के खेतों में पानी जमा होने से बीज सड़ने और अंकुरण प्रभावित होने का खतरा है। वहीं, सरसों की बुवाई के बाद हुए जलजमाव से बीज लगाने और पौधों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।किसानों का कहना है कि खेती के लिए बीज, खाद, जुताई और मजदूरी पर पहले ही काफी खर्च किया जा चुका है। ऐसे में अचानक मौसम बदलने से उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। यदि जल्द खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई और मौसम अनुकूल नहीं रहा, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

एआई पर ऐतबार अब आसान नहीं



शाम्भवी शरण

श्री शिक्षायतन महाविद्यालय, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहाँ तकनीकी तरक्की ने हमें चकित तो कर दिया है, लेकिन इसकी चमक-दमक के पीछे एक ऐसा खतरनाक जाल फैल रहा है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं रह गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने हमारी जिंदगी को आसान बनाने के साथ-साथ धोखाधड़ी, भ्रामक प्रचार और निजता के उल्लंघन के नए रास्ते भी खोल दिए हैं। ऐसे में हमें भविष्य के किसी काल्पनिक संकट की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसके दुष्परिणाम वर्तमान में ही दिखाई देने लगे हैं। सवाल यह है कि जिस गति से हम तकनीकी विकास की ओर बढ़ रहे हैं, क्या उसी तत्परता से उसके खतरों से निपटने की तैयारी भी कर रहे हैं

एक समय था, जब साइबर अपराध आम लोगों के लिए अपरिचित शब्द था और ऑनलाइन धोखाधड़ी केवल बैंक खातों से पैसे निकालने या निजी जानकारी चुराने तक सीमित थी। लेकिन डिजिटल विस्तार के साथ अपराध का स्वरूप बदल चुका है। आज किसी की आवाज, चेहरा और प्रतिष्ठा भी अपराध का माध्यम बन सकती है। डीपफेक जैसी तकनीकों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है, जहाँ झूठ भी वास्तविकता से कहीं अधिक सच प्रतीत हो सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल इंडिया, तकनीकी नवाचार और एआई के विकास को प्राथमिकता दी है। भारत को वैश्विक एआई शक्ति बनाने की आकांक्षा आर्थिक अवसरों और प्रशासनिक सुधारों के लिहाज से महवपूर्ण हो सकती है। लेकिन एक कड़वा सच यह भी है कि क्या हमारी सामाजिक और आर्थिक संरचना अभी एआई के इस तीव्र विकास को संभालने के लिए तैयार है ।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, भारत में दर्ज साइबर अपराध के मामले 2020 में 50,035 थे, जो 2024 में बढ़कर 1,01,928 हो गए। यानी चार वर्षों में इन मामलों की संख्या दोगुने से भी अधिक हो गई। इसी अवधि में धोखाधड़ी के मामले भी 10,395 से बढ़कर 29,758 हो गए। यद्यपि इन आँकड़ों को केवल एआई के कारण हुई वृद्धि का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं माना जा सकता, लेकिन ये इस बात की ओर संकेत करते हैं कि डिजिटल अपराध अब एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती बन चुका है।

इस बदलते खतरे का सबसे चिंताजनक पहलू महिलाओं की निजता और गरिमा पर पड़ने वाला प्रभाव है। डीपफेक और फेस मॉर्फिंग के जरिए किसी की तस्वीर को अश्लील या आपत्तिजनक सामग्री में बदलकर प्रसारित किया जा सकता है। इससे पीड़िता को मानसिक आघात, सामाजिक अपमान और ऑनलाइन उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। फर्जी तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से महिलाओं को निशाना बनाने की घटनाएँ इस खतरे का गंभीर उदाहरण हैं। यह समस्या केवल सार्वजनिक हस्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल मंचों पर मौजूद आम महिलाएँ भी इसकी चपेट में आ सकती हैं।

वॉयस क्लोनिंग ने धोखाधड़ी को और भयावह बना दिया है। इसके माध्यम से किसी परिचित की आवाज की नकल करके दुर्घटना या अपहरण जैसी आपातकालीन स्थिति का झूठा दावा किया जाता है और घबराए हुए परिजनों से पैसे ऐंठे जाते हैं। इस तरह अपराधी केवल तकनीकी कमियों का ही नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं और पारिवारिक विश्वास का भी गलत फायदा उठाते हैं। जब झूठ वास्तविकता का रूप धारण कर लेता है, तो सवाल केवल गलत सूचना का नहीं रह जाता, बल्कि यह भी बन जाता है कि नागरिक अपने निर्णय किन तथ्यों के आधार पर लें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल इंडिया, तकनीकी नवाचार और एआई के विकास को प्राथमिकता दी है। भारत को वैश्विक एआई शक्ति बनाने की आकांक्षा आर्थिक अवसरों और प्रशासनिक सुधारों के लिहाज से महवपूर्ण हो सकती है। लेकिन एक कड़वा सच यह भी है कि क्या हमारी सामाजिक और आर्थिक संरचना अभी एआई के इस तीव्र विकास को संभालने के लिए तैयार है ।

सरकार और राजनेता अक्सर विकास और वैश्वीकरण की चमक-दमक में यह भूल जाते हैं कि भारत की बड़ी आबादी अभी तकनीकी रूप से पर्याप्त साक्षर नहीं है। पर्याप्त सुरक्षा उपायों और प्रभावी नियमों के बिना एआई को बढ़ावा देने का नतीजा यह हो सकता है कि भारतीय नागरिक डिजिटल अपराधियों के आसान शिकार बन जाएँ।

आधुनिकीकरण की दिशा में उठाए गए कदमों का अंधाधुंध स्वागत, यदि सुरक्षा और जागरूकता की अनदेखी के साथ किया जाए, तो यह देश के आम आदमी के लिए महवाकांक्षा के बजाय एक बड़ा संकट बन सकता है। इसका खामियाजा आज भी लोगों को भुगतना पड़ रहा है और आने वाले समय में यह चुनौती और गंभीर हो सकती है।

सरकार ने इंडिया एआई मिशन, साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 जैसी पहलों के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश की है। इन प्रयासों के बावजूद मूल प्रश्न कायम है कि क्या सुरक्षा व्यवस्था और जन-जागरूकता भी तकनीकी विकास की गति के साथ कदम मिला पा रही हैं एआई से जुड़े सुरक्षा जोखिमों के प्रति सरकारी संस्थानों, तकनीकी कंपनियों और आम नागरिकों को लगातार सतर्क रहने की आवश्यकता है।

एआई अब विज्ञान-कथा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करने वाली एक शक्तिशाली तकनीक बन चुका है। इसका उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जा सकता है, लेकिन नियंत्रण, जवाबदेही और नैतिकता के अभाव में यही तकनीक खतरनाक हथियार भी साबित हो सकती है।

जब तक सरकारें, तकनीकी कंपनियाँ और आम जनता यह नहीं समझेंगी कि विकास की दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए, तब तक यह डिजिटल मायाजाल हमारे समाज को अंदर से खोखला करता रहेगा। अब वक्त आ गया है कि अंधी तरक्की की वाहवाही करने के बजाय इस बात पर गंभीरता से विचार किया जाए कि क्या हम तकनीकी विकास को नियंत्रित करने की क्षमता खोते जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या के नए शो के नाम से उठा पर्दा, नवंबर के अंत में दस्तक दे सकता है दिल की बेवफाइयाँ

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या को बालाजी टेलीफिल्म्स के ऑफिस पहुँचते दिखाने वाले टीजर के बाद, स्टार प्लस ने अब उनके बहुप्रतीक्षित शो के नाम से भी पर्दा उठा दिया है। दिल की बेवफाइयाँ नाम के इस रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा को एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। दोनों कलाकार पहली बार पर्दे पर एक साथ नजर आएँगे। यह शो 'अनुपमा' के बाद गौरव और कुंडली भाग्य के बाद श्रद्धा की डेली फिक्शन में वापसी का भी मौका होगा। कुंडली भाग्य से लंबे समय तक जुड़ी रहीं श्रद्धा दूसरी बार बालाजी के साथ काम करेंगी,



जबकि गौरव पहली बार एकता के किसी शो का हिस्सा बनेंगे।

इस जोड़ी को लेकर एकता कपूर ने कहा, दोनों को दर्शकों का बहुत प्यार मिला है और मैं लंबे समय से इन्हें एक साथ पर्दे पर देखना चाहती थी। अब जब यह आखिरकार होने जा रहा है, तो मैं उत्साहित भी हूँ और थोड़ी नर्वस भी। अभी से सोच रही हूँ कि दर्शक इन्हें साथ देखकर कैसी प्रतिक्रिया देंगे।

शो का नाम सामने आने के साथ ही इसे दर्शकों तक पहुँचाने की तैयारियाँ भी जारी हैं। हाल ही में गौरव और श्रद्धा ने इस नई शुरुआत से पहले एक पूजा में हिस्सा लिया था, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आए। फिलहाल शूटिंग शुरू नहीं हुई है और शो के लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के सेट में बदलाव किए जा रहे हैं।

दिल की बेवफाइयाँ को दिवाली के बाद, संभवतः नवंबर के आखिरी हफ्ते में लॉन्च करने की तैयारी है। इसके स्टार प्लस पर रात 9 बजे प्रसारित होने की उम्मीद है। हालाँकि, चैनल ने अभी इसकी शुरुआत की तारीख और प्रसारण समय की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

दिल की बेवफाइयाँ को दिवाली के बाद, संभवतः नवंबर के आखिरी हफ्ते में लॉन्च करने की तैयारी है। इसके स्टार प्लस पर रात 9 बजे प्रसारित होने की उम्मीद है। हालाँकि, चैनल ने अभी इसकी शुरुआत की तारीख और प्रसारण समय की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

समाज का सुकून छीन रही है धन-दौलत की अंधी दौड़



रेयाज आलम

वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रोफेशनल सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता

पटना (दैनिक नवसंदेश) धन-दौलत, ऐशो-आराम, सामाजिक प्रतिष्ठा और दूसरों की प्रशंसा पाने की बढ़ती होड़ पर चिंता व्यक्त करते हुए रेयाज आलम ने लोगों से भौतिक सुख-सुविधाओं की अंतहीन दौड़ से बाहर निकलने और मानसिक शांति, पारिवारिक मूल्यों, नैतिकता तथा आध्यात्मिक संतुष्टि को अधिक महत्व देने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि आज का समाज सफलता को पैसे, महंगी जीवनशैली, ऊंचे पद और सामाजिक प्रभाव से मापने लगा है। इस अंधी दौड़ में लोग धन कमाने के लिए स्वास्थ्य, करियर के लिए परिवार, सफलता के लिए अपने सिद्धांत और दूसरों की स्वीति पाने के लिए मानसिक शांति तक कुर्बान कर रहे हैं।

इन पंक्तियों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा-

ख्वाहिशों के बोझ में बशर,
तू क्या-क्या कर रहा है,
इतना तो जीना भी नहीं,
जितना तू मर रहा है!

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आज हमारे पास आनंद उठाने के साधन तो पहले से अधिक हैं, लेकिन उनका आनंद लेने के लिए मन की शांति और संतुष्टि लगातार कम होती जा रही है।

इस्लाम की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए रेयाज आलम ने कहा कि धन कमाना, महत्वाकांक्षी होना और जीवन की सुख-सुविधाओं का आनंद लेना गलत नहीं है, बशर्ते ये सब ईमानदारी और जायज तरीकों से हासिल किए जाएं तथा जीवन का अंतिम उद्देश्य न बन जाएं। उन्होंने सूरह अल-हदीद (57:20) का हवाला देते हुए कहा कि पवित्र कुरआन दुनिया की अस्थायी चमक-दमक और आखिरत की स्थायी जिंदगी के बीच स्पष्ट अंतर बताता है।

उन्होंने पैगंबर हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की उस शिक्षा का भी उल्लेख किया, जिसके अनुसार वास्तविक अमीरी अधिक धन-दौलत रखने में नहीं, बल्कि दिल की संतुष्टि में है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी योग्यता और जीवन की सफलता को दूसरों की संपत्ति तथा भौतिक उपलब्धियों से न आंकें।

वास्तविक सफलता ईमानदार कमाई, मजबूत पारिवारिक रिश्तों, इंसानियत, दूसरों के प्रति संवेदना, अल्लाह की नेमतों के प्रति शुक्रगुजारी और समाज के लिए सकारात्मक योगदान में निहित है। धन और पेशेवर उपलब्धियां सेवा तथा सामाजिक भलाई का माध्यम बननी चाहिए, न कि अहंकार, लालच और असंतोष का कारण।

उनके अनुसार, वास्तविक सफलता ईमानदार कमाई, मजबूत पारिवारिक रिश्तों, इंसानियत, दूसरों के प्रति संवेदना, अल्लाह की नेमतों के प्रति शुक्रगुजारी और समाज के लिए सकारात्मक योगदान में निहित है। धन और पेशेवर उपलब्धियां सेवा तथा सामाजिक भलाई का माध्यम बननी चाहिए, न कि अहंकार, लालच और असंतोष का कारण।

आत्ममंथन की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने लोगों से सवाल किया कि क्या वे वास्तव में सार्थक जीवन जी रहे हैं या केवल कमाने, जमा करने और दूसरों की प्रशंसा पाने की दौड़ में अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि दुनिया की दौलत, पद और प्रतिष्ठा अस्थायी हैं, जबकि अच्छे कर्म, चरित्र और अपने सृजनहार के प्रति जवाबदेही ही स्थायी महत्व रखते हैं।

उन्होंने कहा, हमें अपने सपनों और महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें पूरा करने की कोशिश में अपने सिद्धांतों, रिश्तों, ईमान और मानसिक शांति को कुर्बान करने से बचने की जरूरत है। ईमानदारी से कमाएं, सीी से जिएं, दिल से मोहब्बत करें, उदारता से दूसरों की मदद करें और हमेशा शुक्रगुजार रहें। यह दुनिया एक अस्थायी ठिकाना है, हमारी अंतिम मंजिल नहीं।

समाज के व्यापक हित में उन्होंने लोगों से अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए समय निकालें, माता-पिता का सम्मान करें, बुजुर्गों की देखभाल करें, जरूरतमंदों की मदद करें, अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और फिजूलखर्ची से बचें तथा आर्थिक लाभ के लिए ईमानदारी से कभी समझौता न करें।

उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को सामाजिक प्रतिष्ठा से अधिक चरित्र, लालच से अधिक संतुष्टि और तुलना से अधिक इंसानियत का महत्व सिखाएं।

अंत में उन्होंने कहा कि सफल जीवन की असली पहचान यह नहीं है कि कोई व्यक्ति अपने पीछे कितनी दौलत छोड़कर गया, बल्कि यह है कि वह दूसरों के जीवन में कितनी अच्छाई, इंसानियत और खुशियां छोड़कर गया।

उन्होंने कहा, यह पूछने से पहले कि हम और कितना कमा सकते हैं, हमें यह पूछना चाहिए कि हम दूसरों को कितना दे सकते हैं। दूसरों से अधिक अमीर बनने की होड़ लगाने के बजाय बेहतर इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए।

जिंदगी इतनी अनमोल है कि इसे और अधिक पाने की अंतहीन दौड़ में बर्बाद नहीं करना चाहिए।

दिवाली की सफाई से दांतों की सफाई तक रहे चौकस : सोनिया

त्योहारों के मौसम में मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखने पर डा. सोनिया दत्ता की राय

पटना (दैनिक नवसंदेश) देश भर में लोग दिवाली के मौके पर अपने घरों की सालाना साफ-सफाई कर रहे हैं। कोई घर के अनछुए कोनों से धूल-मिट्टी हटा रहा है, तो कोई अलमारियों को व्यवस्थित कर रहा है। कोई अपने घर को सजा रहा है, तो कोई परिवार और दोस्तों के स्वागत की तैयारी में जुटा है। ये तैयारियां जहां घरों में स्वच्छ और उत्सवपूर्ण माहौल बनाती हैं।

वहीं दंत विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरान एक और तरह की सफाई पर समान रूप से ध्यान देना जरूरी है और वह है मौखिक स्वच्छता यानी ओरल हाइजीन की अच्छी आदतों को बनाए रखना। विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना दांतों की बेहतर देखभाल के लिए सही टूथपेस्ट का चुनाव भी बेहद जरूरी है। डाबर रेड पेस्ट में लौंग का तेल, तोमर बीज और पुदीना सत्व जैसे आयुर्वेदिक तत्व शामिल हैं, जो दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने, कीटाणुओं से लड़ने और लंबे समय तक ताजगी बनाए रखने में मदद करते हैं।

त्योहार अक्सर हमारी दिनचर्या को इस तरह से प्रभावित करते हैं कि हमें तुरंत पता भी नहीं चलता। व्यस्त शेड्यूल, बार-बार होने वाली पार्टियों, देर रात तक चलने वाले जश्न और मिठाइयों व स्नैक्स के अधिक सेवन के कारण, कभी-कभी हम अपने दांतों की देखभाल को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन, दांतों की अच्छी सेहत के लिए नियमित देखभाल बहुत जरूरी है। रोजमर्रा की देखभाल में थोड़ी सी भी लापरवाही आगे चलकर दांतों से जुड़ी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती है।



डा. सोनिया दत्ता ।

दंत विशेषज्ञों के अनुसार, दांतों पर हर दिन प्लाक (बैक्टीरिया की परत) जमता है। यदि नियमित रूप से सही तरीके से ब्रश करके इसे साफ न किया जाए, तो इससे दांतों में सड़न, मसूड़ों की समस्याएं और मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य परेशानियां हो सकती हैं। त्योहारों के मौसम में इन जोखिमों के बढ़ने की आशंका और अधिक रहती है, खासकर जब मीठे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का सेवन सामान्य से अधिक किया जाता है।

जिस तरह हम अपने घर की सफाई केवल साल में एक बार नहीं करते, उसी तरह दांतों को भी कभी-कभार नहीं, बल्कि नियमित देखभाल की जरूरत होती है। दिन में दो बार ब्रश करना, दांतों के बीच की जगहों की सफाई करना, बार-बार मिठाइयां खाने से बचना और सोने से पहले मुंह की अच्छी तरह सफाई सुनिश्चित करना कुछ ऐसे आसान लेकिन प्रभावी उपाय हैं, जो पूरे त्योहारों के मौसम में मौखिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

विशेषज्ञ प्रभावी दैनिक ओरल केयर रूटीन के हिस्से के रूप में एक भरोसेमंद टूथपेस्ट चुनने के महत्व पर भी जोर देते हैं। डाबर रेड पेस्ट में कई आयुर्वेदिक सामग्रियों के गुण शामिल हैं, जैसे कि लौंग का तेल - जो कीटाणुओं से लड़ने और दांतों की तकलीफ को कम करने के लिए जाना जाता है। तोमर बीज - जो दांतों और मसूड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है। और पुदीना सत्व - जो लंबे समय तक ताजगी बनाए रखता है। इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीकृति मुहर से प्रमाणित यह टूथपेस्ट रोजाना मौखिक स्वच्छता बनाए रखने में एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है, खासकर त्योहारों के व्यस्त समय में।

जैसे-जैसे परिवार दिवाली के लिए अपने घरों को तैयार कर रहे हैं और खुशियों व उत्सव के साथ इस त्योहार का स्वागत कर रहे हैं, दंत चिकित्सक लोगों को अपने मौखिक स्वास्थ्य के प्रति भी उतनी ही देखभाल और ध्यान देने की सलाह देते हैं। आखिरकार, साफ-सुथरा और सजा हुआ घर भले ही एक त्योहार के मौसम तक अपनी रौनक बनाए रखे, लेकिन मुंह की देखभाल की अच्छी आदतें पूरे साल आपकी मुस्कान को चमकदार बनाए रखने में मदद कर सकती हैं।

सूर्य की ऊर्जा, गुरु की समृद्धि, शनि की स्थिरता का दुर्लभ संयोग है पुष्य नक्षत्र

रवि-पुष्य योग में खरीदारी व निवेश का बना दुर्लभ संयोग

कई शुभ संयोग में आज व कल रहेगा पुष्य नक्षत्र

दैनिक नवसंदेश / धर्म-अध्यात्म

पटना (दैनिक नवसंदेश) । कार्तिक कृष्ण अष्टमी में रविवार को रवि-पुष्य योग का महामुहूर्त बना है । वैदिक ज्योतिष में पुष्य नक्षत्र को सुख, समृद्धि, स्थिरता व निरंतर उन्नति का प्रतिक माना गया है । पोषण, ऊर्जा और शक्ति प्रदान करने वाला यह नक्षत्र शुभ और कल्याणकारी होता है । यह शुभ-सुंदर, सुख, सम्पदा और सौभाग्य देने वाला है । इस नक्षत्र के अधिष्ठाता देवगुरु बृहस्पति और स्वामी शनि है । पुष्य नक्षत्र में सभी प्रकार की खरीदारी, नए कारोबार की शुरुआत, निवेश, बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी करना उत्तम रहेगा । रवि-पुष्य में स्वर्ण, चांदी, भूमि-भवन, तांबे की वस्तु, लोहा व कीमती धातुओं की खरीदारी, निवेश तथा सोम-पुष्य में कपड़ा, अनाज, बर्तन, रजत पात्र, मोती, बही खाता, परिधान व अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ होगा ।

चार शुभ योग का बना महामुहूर्त : ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश झा ने बताया कि आज कार्तिक मास में दीपावली से पहले पुष्य नक्षत्र का उत्तम संयोग बन रहा है । यह नक्षत्र रविवार की सुबह 10: 49 बजे से शुरू होगा तथा सोमवार दो नवंबर की सुबह 09:18 बजे तक रहेगा । इस दोनों दिन पुष्य नक्षत्र के साथ अन्य कई शुभ योग भी बन रहे है । रविवार को रवि-पुष्य योग के अलावे सर्वार्थ सिद्धि योग, रवियोग एवं त्रिपुष्कर योग का महामुहूर्त बन रहा है । रविवार को पुष्य नक्षत्र पड़ने से रवि-पुष्य योग बनता है । इसमें सूर्य की ऊर्जा, गुरु की समृद्धि और शनि की स्थिरता का दुर्लभ संयोग होता है ।



आचार्य राकेश झा

सोम-पुष्य में खरीदारी से अक्षय लाभ : ज्योतषीय गणना के अनुसार दो नवंबर सोमवार को पुष्य नक्षत्र होने से सोम-पुष्य योग का संयोग बन रहा है । इसके अलावे इस दिन बुधादित्य और लक्ष्मी-नारायण योग का पावन संयोग रहेगा । ऐसे उत्तम संयोग में चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, बर्तन, वाहन, लोहा, मशीनरी, जमीन या मकान, नए बही-खाता, इत्र, पूजा सामग्री, चंदन, शंख, कौड़ी, स्वस्तिक चिन्ह, मिट्टी के दीपक तथा श्रीयंत्र की खरीदारी करना शुभ रहेगा ।

शुभता का प्रतीक है पुष्य नक्षत्र : पुष्य नक्षत्र सताइस नक्षत्रों में 8वां नक्षत्र एवं नक्षत्रों का राजा है । अन्य सभी नक्षत्रो के तुलना में इस नक्षत्र को सबसे शुभ और उत्तम माना गया है । शनि की स्थिरता और बृहस्पति की शुभता का योग ही इस नक्षत्र को शुभ व महान बनाता है । ऋग्वेद में इस नक्षत्र को मंगलकर्ता कहा गया है । ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पुष्य नक्षत्र को स्थायी नक्षत्र होता है और इसमें खरीदी गई वस्तु अधिक समय तक उपयोगी तथा अक्षय होती है । पुष्य नक्षत्र को स्वास्थ्य के लिए भी शुभ माना गया है ।

इन कार्यों के लिए शुभ होता है पुष्य नक्षत्र : पुष्य नक्षत्र में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, मंत्र दीक्षा, उच्च शिक्षा ग्रहण करना, भूमि क्रय-विक्रय, यज्ञ अनुष्ठान और वेद पाठ आरंभ करना, पुस्तक दान या विद्या दान करना और विदेश यात्रा आरंभ करना श्रेष्ठ होता है ।

राशि अनुसार खरीदारी से अक्षय लाभ :
मेष : सोना, बर्तन, वाहन, विद्युत उपकरण
वृष : चांदी, आभूषण, वस्त्र, सजावटी सामान
मिथुन : मोबाइल, लैपटप, पुस्तक, व्यापारिक उपकरण
कर्क : चांदी के बर्तन, मोती, रसोई सामग्री, फर्नीचर
सिंह : स्वर्ण धातु, तांबा के पात्र, वाहन, प्रतिष्ठान फर्नीचर
कन्या : विद्युत गैजेट, बही-खाता, मशीनरी
तुला : हीरे के आभूषण, चांदी, वस्त्र, सजावटी सामान
वृश्चिक: सोना, तांबा, भूमि-भवन, घरेलू उपकरण
धनु : धार्मिक पुस्तक, पूजा सामग्री, वाहन, सोना
मकर : स्थायी निवेश, भूमि, मकान, सामान्य बर्तन
कुंभ : वाहन, मशीनरी, तकनीकी उपकरण, अनाज
मीन : सोना-चांदी, पीतल के बर्तन, धार्मिक पुस्तक

रवि-पुष्य योग में खरीदारी का मुहूर्त
अमृत काल मुहूर्त : सुबह 10: 09 बजे से 11:33 बजे तक
अभिजित मुहूर्त : सुबह 11: 11 बजे से 11: 55 बजे तक
शुभ योग मुहूर्त : दोपहर 12 : 56 बजे से 02 : 20 बजे तक
प्रदोष काल मुहूर्त : शाम 05 : 07 बजे से 07: 50 बजे तक
शुभ-अमृत-चर मुहूर्त : शाम 05: 07 बजे से रात्रि 09 : 57 बजे तक

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित । इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी जरूरी : डॉ. अमित रंजन

मोतिहारी(एनएसबी)। तुरकौलिया प्रखण्ड के क्षेत्र के राम उग्रह सिंह कुशवाहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण गति विधि एवं नेत्रिका फाउंडेशन के बैनर तले वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण की पाठशाला सह पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पाठशाला में बच्चों को सम्बोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो ड अमित रंजन ने अप्टोजेनेटिक्स पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान और प्रति में गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ और देवी देवताओं की आराधना तभी सार्थक होगा , जब हमें प्रति को समझेंगे और उसकी रक्षा करेंगे। जिस प्रति की गोद में हमारा जीवन पलता है, उसकी रक्षा करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है।के वी सी विजेता पर्यावरणविद सुशील कुमार ने जैव विविधता पर प्रकाश डाला, वहीं ड विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हो रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण आज का



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

यह कार्यक्रम है।चम्पारण के चिन्तामनपुर की बेटी पूर्व अधिकारी एसबीआई श्रीमती ऋतु रानी जो घटती हरियाली, पेड़ों की कटाई, बढ़ते प्रदूषण और बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी भूमिका निभा रही है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं श्रीमती रानी ने अपनी 50 वीं जन्मदिन पर पौधों की सुरक्षा के लिए गेबियन भेंट कर युवाओं को सन्देश में कही पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित रखने की संदेश है। जब कि ड कमलेश कुमार ने प्रति और प्रगति विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा की हम अपने घरों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के खाली स्थानों की साफ सफाई के साथ पेड़ लगा कर प्रति संरक्षण के एक सकारात्मक संदेश से जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रति की रक्षा केवल पौधे लगाने से नहीं, उन्हें पेड़ बनने तक सँभालने को कहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नवीन कुमार पाण्डेय व संचालन सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने की।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों के साथ विद्यालत परिसर में सुरक्षा के साथ पौधरोपण किया । मौके पर प्राचार्य ड दुर्गेश मणि त्रिपाठी, नवनीत कुमार गिरि ने बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर राज गुरु,राजकिशोर सिंह, आनन्द भारती, जेया कमाल,पंकज कुमार, अमृत कुमार, विकास कुमार पांडेय, अभिमन्यु कुमार, मंजय कुमार, आशुतोष कुमार, सोनी कुमारी, रमेश कुमार द्विवेदी, गुलाम मोहिउद्दीन के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला मीडिया प्रभारी।

भारत-नेपाल उच्च शिक्षा साझेदारी, आईआईटीएम में होगा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

रक्सौल(एनएसबी)। भारत और नेपाल के बीच उच्च शिक्षा साझेदारी के तहत नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित होगा। इसको लेकर गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी अंतर्गत इंस्टीट्यूट अफ इंफर्मेशन टेक्नोलजी एंड मैनेजमेंट (आईआईटीएम) में एक बैठक हुई।बैठक आईआईटीएम की डायरेक्टर ड़ रचिता राणा और वरीय प्राध्यापक ड़ स्वयंभू शलभ के संयोजकत्व में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आने वाले वर्ष में श्क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबिलिटी एंड ग्लोबल एनवायरनमेंटल थ्रेटरू चौलेंजेस एंड इनोवेशंसश विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार होगा। इसकी मेजबानी आईआईटीएम करेगा।सेमिनार में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर फटने और फ्लैश फ्लड जैसी प्रातिक आपदा झेल रहे देशों की चुनौतियों और समाधान पर चर्चा होगी।बैठक में रिसर्च सेल सदस्य ड़ अनुराग तिरुवा, मैनेजमेंट हेड ड़ दीपिका अरोड़ा, बीबीए हेड ड़ दीपाली सलूजा और प्लेसमेंट हेड मंदीप सिंह मौजूद रहे। बता दें कि मई में आईआईटीएम और त्रिभुवन विश्वविद्यालय अंतर्गत वीरगंज स्थित ठाकुरराम बहुमुखी कैंपस के बीच एमओयू हुआ था। इस सेमिनार में ठाकुरराम कैंपस के छात्र और शिक्षक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

संक्षिप्त खबरें

सेमरी भवानीपुर के इज्तिमा में शांति अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का संदेश

मोतिहारी(एनएसबी)। पश्चिम चंपारण जिले के जोगापट्टी प्रखंड स्थित सेमरी भवानीपुर में आयोजित तीन दिवसीय अवामी दावत-ए-इज्तिमा शांतिपूर्ण माहौल, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान आपसी भाईचारे, इंसानियत, शांति और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, तीन दिनों



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

तक चले इस धार्मिक कार्यक्रम में किसी प्रकार के सांप्रदायिक टकराव, भड़काऊ नारेबाजी अथवा दूसरे धर्मो के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की घटना सामने नहीं आई। आयोजन में अनुशासन, सी और शांतिपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। आयोजकों, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम का संचालन शांतिपूर्ण ढंग से किया गया।इज्तिमा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और लोगों में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम बनने चाहिए। इस्लाम की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए शांति, न्याय, करुणा, विनम्रता, मानव सेवा और दूसरों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा पर जोर दिया गया।वक्तव्य में कहा गया कि धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय पहचान एक-दूसरे की विरोधी नहीं हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म के प्रति निष्ठावान रहते हुए संविधान, देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकता है। भारत की खूबसूरती उसकी विविधता और ताकत आपसी एकता में निहित है।आयोजन की सफलता का आकलन केवल इसमें शामिल लोगों की संख्या से नहीं, बल्कि समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव से किया जाना चाहिए। धार्मिक आयोजनों से शांति, सद्भाव, सामाजिक जिम्मेदारी और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी विश्वास मजबूत होना चाहिए।आयोजन से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग देने वाले आयोजकों, स्वयंसेवकों, प्रतिभागियों और स्थानीय समुदाय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग आस्थाओं के बावजूद इंसानियत, संविधान और राष्ट्रीय एकता सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

संक्षिप्त खबरें

बालू लदा 18 चक्का ट्रक पलटा,अरेराज-बेतिया मुख्य पथ पर लगा जाम

पहाड़पुर(एनएसबी)। पहाड़पुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव स्थित एसएच-54 पर शुक्रवार की देर रात बालू लदा एक 18 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद अरेराज-बेतिया मुख्य पथ पर आवागमन बाधित हो गया तथा सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई,मिली जानकारी के अनुसार, उक्त ट्रक अरेराज की ओर से बालू लोड कर बेतिया जा रहा था। इसी दौरान शुक्रवार की रात करीब 3रू30 बजे पहाड़पुर उच्च विद्यालय के समीप अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटते ही मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई,बताया जाता है कि ट्रक चालक एवं खलासी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली घटना की सूचना मिलते ही पहाड़पुर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क से ट्रक हटवाकर यातायात बहाल कराने में जुट गई,ट्रक पलटने के कारण अरेराज-बेतिया मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से कुछ घंटों की मशक्कत के बाद सड़क से ट्रक हटाया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

पीपराकोठी में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई

पीपराकोठी(एनएसबी)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर सरकारी कार्यालयों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने एकता का संदेश दिया। गुजरात के केवड़िया स्थित एकतानगर में हुए समारोह और परेड का कई जगह लाइव प्रसारण किया गया। सदर-2 डीएसपी कार्यालय, जीवधारा में डीएसपी जितेश पांडेय के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने प्रसारण देखा। पीपराकोठी थाना परिसर में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण, देशी रियासतों के एकीकरण और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया गया। षि विज्ञान केंद्र परिसर में विधायक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने पटेल के व्यक्तित्व और काम को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसआई शाहिल कुमार, संतोष जायसवाल, शशिभूषण कुमार, मुखिया उपेंद्र पासवान, कुणाल पटेल, गौरीशंकर साह, पूर्व प्रमुख सुदर्शन राय, पूर्व मुखिया रविंद्र सहनी, दिवाकर पांडेय, गुंजन प्रकाश, राजू सिंह पटेल, लवकिशोर निषाद, धर्मवीर महतो और बंटी पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पॉलिटेक्निक के शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों ने जानी तकनीक की दुनिया

मेहसी(एनएसबी)। किताबों में पढ़े विज्ञान और तकनीक को जब बच्चों ने प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं में प्रत्यक्ष रूप से देखा तो उनके चेहरे उत्साह और जिज्ञासा से खिल उठे। 'ट्यूनिंग अफ स्कूल' कार्यक्रम के अंतर्गत पियर टू लर्निंग गतिविधि के तहत पीएम श्री सर्वोदय विद्यालय, जहिंगरा के छात्र-छात्राओं ने राजकीय पलिटेक्निक, मोतिहारी का शैक्षणिक भ्रमण कर तकनीकी शिक्षा की बारीकियों को समझास प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देश में नोडल शिक्षक चंदन चौधरी, कुंदन कुमार एवं नीतू कुमारी के नेतृत्व में आयोजित भ्रमण में बच्चों ने विपरीत मौसम के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया। पलिटेक्निक के जयंत कुमार ने बच्चों को विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का भ्रमण कराया और आधुनिक उपकरणों, मडलों तथा तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी।पलिटेक्निक के प्राध्यापकों ने इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाया। वहीं, पियर टू लर्निंग के माध्यम से वरिष्ठ विद्यार्थियों ने स्कूली बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किए। बच्चों ने कहा कि किताबों से बाहर निकलकर प्रत्यक्ष रूप से सीखना अधिक रोचक और याार अनुभव रहा।विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा से जोड़ने के साथ विज्ञान और तकनीक के प्रति उनकी रुचि बढ़ाते हैं। वरीय शिक्षक अब्दुल समद ने कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने सहयोगी शिक्षकों एवं पलिटेक्निक प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि ऐसे प्रयास बच्चों को भविष्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज में बवाल

मोतिहारी(एनएसबी)। मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय (मोतिहारी इंजीनियरिंग कलेज) में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस-प्रशासन सख्त हो गया हैस पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कलेज प्रशासन को नोटिस जारी कर पूरे मामले की जांच एसडीएम और एसडीपीओ को सौंपी गई हैस बताया जा रहा है कि 2025 बैच और 2026 बैच के छात्रों के बीच दीपावली पर पटाखा बजाने को लेकर विवाद चल रहा था। देर रात से ही दोनों बैचों के बीच तनातनी थी। शनिवार को इसी बात को लेकर विवाद फिर बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट हुई और काफी देर तक कलेज परिसर अखाड़ा बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पायास एसपी ने कहा कि रैगिंग के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही कलेज प्रबंधन की भूमिका की भी जांच होगी। लापरवाही पाए जाने पर प्रबंधन पर भी कार्रवाई होगी। इस मामले में कलेज प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया हैस इधर घटना के बाद डीएसपी अभिषेक कुमार ने कलेज के कन्फ्रेंस हल में छात्रों और कलेज प्रशासन के साथ बैठक कर मामले को शांत कराया। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने परिसर में छात्रों से बातचीत भी की। घटना के बाद से कलेज में भय का माहौल है, कई छात्र हस्टल छोड़कर सामान लेकर जाते देखे गएसइस बावत कलेज के प्राचार्य से संपर्क साधा गया किंतु उनसे बाते न हो सकी।

सरदार पटेल ने 560 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में कराया था ऐतिहासिक विलय

चकिया(एनएसबी)। शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित पुराने एसआरएपी महाविद्यालय के निकट एक निजी होटल के सभागार में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवनी व उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल वकील थे और उन्होंने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी की थी। स्वतंत्रता के समय भारत 500 से अधिक छोटी-बड़ी रियासतों में बंटा हुआ था। सरदार पटेल ने अपनी कुशल कूटनीति, संवाद क्षमता और ढ़ इच्छाशक्ति के बल पर 560 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में ऐतिहासिक विलय कराया। हैदराबाद और जूनागढ़ जैसी जटिल रियासतों के विलय में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल ने व संचालन पंकज कुमार ने किया। मौके पर सभापति पवन सर्राफ, उपसभापति सुभाष कुमार, राधेश्याम गुप्ता, बैद्यनाथ भगत, जयप्रकाश पटेल, भोला बैठा, रवि ओझा, रोहित सिंह, रामानंद पटेल, मिंटू श्रीवास्तव, रोशन ओझा, शंभू शाह, मो फिरदौस, बलिंदर शाह, सुनील यादव, मनीष कुमार, प्रकाश पटेल, ओम प्रकाश कुमार, सौरभ सुमन,राजकुमार पासवान,राहुल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



दीप प्रज्वलित करते सभापति के साथ अन्य।

श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए सभी प्रखंडों में लगा वृहत कैंप

मोतिहारी(एनएसबी)। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों में वृहत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि कैंप के माध्यम से जिले के श्रमिकों को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए श्रमिकों से सहयोग का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत निबंधित जिन श्रमिकों के लेबर कार्ड का नवीकरण समाप्त हो चुका है, वे श्रम अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी अथवा संबंधित प्रखंड में स्थित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर अपने लेबर कार्ड का नवीकरण अवश्य करा लेंस श्रम अधीक्षक ने कहा कि लेबर कार्ड का समय पर नवीकरण नहीं कराने की स्थिति में श्रमिक बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

अवैध निकासी की जांच कर दो-तीन दिनों में रिकवरी करें सुनिश्चित : अपर मुख्य सचिव

मेंटेनेंस कार्यो में अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने कहा कि शिक्षा विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध निकासी की जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक वेतन उठाव की राशि की दो से तीन दिनों के अंदर रिकवरी सुनिश्चित करें। राशि वापस नहीं करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालयों में कराए गए मेंटेनेंस कार्यो की भी जांच कराने तथा अनियमितता मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।हैस अपर मुख्य सचिव शुक्रवार को समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की उपस्थिति में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गलती हो जाना अलग बात है, लेकिन जानबूझकर गलती करना गंभीर मामला है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक वेतन उठाव से संबंधित जानकारी अपने-अपने प्रखंड के शिक्षकों एवं कर्मियों को उपलब्ध कराएं और निर्धारित समय में राशि की वापसी सुनिश्चित कराएं।



बैठक में शामिल अधिकारी।

बच्चों से अभिभावक की तरह व्यवहार करें शिक्षक

अपर मुख्य सचिव ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ अभिभावक की तरह व्यवहार करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी बच्चों से संवाद करें तथा उनके साथ पंगत में बैठकर मध्यान्ह भोजन भी ग्रहण करें। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया।उन्होंने बताया कि पूरे बिहार में एक माह तक सघन नशामुक्त बिहार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शिक्षा विभाग सक्रिय भागीदारी निभाए तथा बच्चों और अभिभावकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करे। विद्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित करने, नियमित योगाभ्यास एवं व्यायाम कराने तथा सोशल वर्क को अनिवार्य करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों में सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होस 15 दिनों में भूमि चिन्हित करने का निर्देश समीक्षा के दौरान भवनहीन विद्यालयों के लिए अगले 15 दिनों में भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। कायाकल्प अभियान के तहत स्वीत सभी योजनाओं को 20 नवंबर तक हर हाल में पूरा करने को कहा गया। वेतन मद अथवा अन्य मद में राशि की आवश्यकता होने पर संबंधित आवंटन की मांग शीघ्र करने का निर्देश भी दिया गयास बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्वी चंपारण में 33 मडल विद्यालय स्थापित किए गए हैं। सभी मडल विद्यालयों को एक-एक वरीय पदाधिकारी ने गोद लिया है और उनका नियमित भ्रमण किया जा रहा है। इन विद्यालयों में पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं भी ली जा रही हैं। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद कर उनके साथ मध्यान्ह भोजन करने का निर्देश दिया गया हैस जिलाधिकारी की इस पहल पर अपर मुख्य सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में किए जा रहे अच्छे प्रयासों को अन्य स्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण वह धरती है जहां महात्मा गांधी ने कदम रखा था। यहां कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी एवं कर्मी इस गौरव की अनुभूति के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, डाटा एंट्री अपरेटर सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

ओडीएफ की स्थिति बनाए रखने के लिए परिसंपत्तियों के रख-रखाव पर दें विशेष ध्यान : डीएम

मोतिहारी(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में शनिवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत ओडीएफ सस्टेनेबिलिटी (खुले में शौच मुक्त स्थिति की स्थिरता) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वाड्स फाउंडेशन ॅ।वै थ्वनदकंजपवद) एवं यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में डीआरडीए निदेशक, यूनिसेफ के प्रशिक्षक, जिला स्वच्छता टीम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक शामिल हुए। इस दौरान यूनिसेफ के प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ओडीएफ की स्थिति को स्थायी बनाए रखने के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्मित सभी परिसंपत्तियों के रख-रखाव एवं संधारण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसंपत्तियों का बेहतर रख-रखाव जरूरी है, ताकि उनका दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित हो सके। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने तथा पहले से निर्मित शौचालयों का नियमित उपयोग सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने जहां भी मरम्मत एवं रख-रखाव की आवश्यकता है, वहां शीघ्र कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण कर कायाकल्प अभियान के तहत लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा कराने को कहा। साथ ही नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भूमि का प्रस्ताव जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया।वहीं, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने कहा कि ओडीएफ की स्थिति को स्थायी बनाए रखने के लिए स्वच्छता को व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से लोगों की आदत में शामिल करना जरूरी है। स्वच्छता को महज सरकारी अभियान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और नियमित व्यवहार परिवर्तन से ही खुले में शौच मुक्त स्थिति को लंबे समय तक कायम रखा जा सकता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली एकता यात्रा, सांसद राधा मोहन सिंह ने किया संबोधित

मोतिहारी (एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बापू सभागार में 25 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद एवं रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन कियास इस अवसर पर सांसद ने कहा कि 31 अक्टूबर भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। सरदार पटेल ने अपनी ढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से स्वतंत्रता के बाद 562 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनका जीवन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है।उन्होंने सुबह जिला स्कूल मैदान से पटेल चौक तक निकाली गई एनसीसी कैडेट्स की एकता यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि कैडेट्स ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर में छह राज्यों से आए कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाषा, वेशभूषा और संस्कृति की विविधता के बावजूद हमारी पहचान एक हैहम भारतीय हैं। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।उन्होंने युवाओं से जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कैडेट्स ने देशभक्ति एवं पारंपरिक गीत-संगीत पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।मौके पर एनसीसी के अपर महानिदेशक मेजर जनरल रविंद्र सिंह, ब्रिगेडियर संजीव मेहरोत्रा, विधायक प्रमोद कुमार, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, एसपी स्वर्ण प्रभात, उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, नगर आयुक्त आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस उप-महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र ने किया यातायात थाना का निरीक्षण



गार्ड आफ आनर देते यातायात थाना पुलिस।

सहरसा शहर (एनएसबी)। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र डा कुमार आशीष द्वारा सहरसा जिलान्तर्गत यातायात थाना, सहरसा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक, सहरसा एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, सहरसा उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित पंजियों एवं संचिकाओं का समुचित तरीके से सधारित करते हुये अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर अगले माह निष्पादन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया। पुलिस भवनों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। थाना परिसर को साफ-सुथरा रखने हेतु निर्देश दिया गया है। थाना में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यो का भी मूल्यांकन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये। उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में थानाध्यक्ष, यातायात थाना को लंबित काडो और मुआवजा प्रस्तावों का शीघ्र निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा के लिये प्रतिदिन चालान काटने और जागरूकता अभियान बलाने, रास्तों और रोड पर बेवजह कब्जा करने और जाम लगाने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आगामी पर्व-त्यौहार को लेकर ट्रैफिक के विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। ट्रैफिक ट्रॉली, बेटन, जैकेट, बॉडी वॉर्न कैमरा सहित अन्य आधुनिक उपकरणो का सम्यक उपयोग नागरिक के हित में करने, रास्तो की पहचान और परिचालन हेतु निर्देश दिया गया। साथ हीं अच्छे कार्य करनेवाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत और शिथिलता बरतने वालों को उचित दंड देने इत्यादि का निर्देश भी दिया गया है। यातायात से संबंधित पोर्टलों को अद्यतन रखने हेतु भी निर्देशित किया गया।

कोपा में आग लगने दो घर का जलकर राख, लाखों की संपत्ति जले



सहायाता देते मुखिया प्रतिनिधि बबलू महतो।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत कोपा पंचायत के वार्ड संख्या 14 में अज्ञात कारणों से शुक्रवार की देर रात्रि में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। लगी आग से शीला देवी और द्रौपदी देवी के घर सहित घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। अगलगी में बकरी, मोटरसाइकिल, कपड़े, अनाज सहित दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं जल गईं। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पार्षद खोखा यादव एवं कोपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू महतो मौके पर पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाली सहायता दिलाने का भरोसा भी दिया। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि श्याम कुमार साह, राकेश साह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

एटक का स्थापना दिवस एवं एटक के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड गुरुदास दास गुप्ता की 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई



पुण्यतिथि पर एटक के नेता व कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। गांधी पथ स्थित शहीद जयप्रकाश भवन में एटक कार्यकर्ताओं के द्वारा एटक का 106 वी स्थापना दिवस एवं एटक के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड गुरुदास दास गुप्ता की 6 वी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा के जिला सचिव परमानंद ठाकुर ने कहा कि एटक संगठन की स्थापना 1920 ई. में हुई। एटक के द्वारा अंग्रेजों से भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है। हमारी एटक संगठन भारत के तमाम कामगार के हक के लिए आजतक संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि एटक के गोद से भाकपा का स्थापना हुआ। भाकपा को गर्व है उनका सभी संगठन एकजुट होकर अंग्रेजों से लड़ा। कामरेड गुरुदास दास गुप्ता एटक के राष्ट्रीय महासचिव थे और भाकपा के 5 बार सांसद रहे। इनके कार्यकाल में एटक को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। मौके पर एटक के जिला महासचिव प्रभुलाल दास, भाकपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य भवेश यादव, प्रकाश कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, दिलीप दास, सिकेन्दर दास सहित कई मौजूद थे।

डीडीसी और डीआरडीए निदेशक ने बनमा ईटहरी प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड में संचालित सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर शनिवार को उप विकास आयुक्त गौरव कुमार एवं डीआरडीए निदेशक पुलक कुमार ने बनमा ईटहरी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के अभिलेखों, रजिस्टरों और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जांच की। साथ ही संबंधित कर्मियों से योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आवास योजना, स्वच्छता अभियान समेत अन्य सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद वे जी राम जी कार्यालय पहुंचे, जहां संचालित कार्यों और संधारित अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।

नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में 4778 लीटर शराब बरामद, 101 व्यक्ति गिरफ्तार



डीआईजी डा0 कुमार आशीष व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। कोशी क्षेत्रान्तर्गत सहरसा, सुपौल एव मधेपुरा जिला में चलाये जा रहे ह्यनशा मुक्त कोशीह्य अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। इस अभियान में आम जनों का भी अप्रतिम सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, डा कुमार आशीष सहरसा के द्वारा इस अभियान के तहत जारी किये गये हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर आम जनता द्वारा बढ़-चढ़कर सूचना दी जा रही है।

सूचना देने वाले व्यक्ति का मोबाइल न० एवं उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस हेल्पलाईन से प्राप्त सूचना पर सीधे पुलिस उप-महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के अनुश्रवण में कार्रवाई की जाती है। इस अभियान के तहत विगत सप्ताह में कुल 4778.99 लीटर अवैध शराब, गाँजा 9.914 किलोग्राम, स्मैक 392.15 ग्राम, कोडिन सिरप 21 लीटर, देशी कट्टा-01, कारतुस-07, मोटरसाइकिल-18, तीन पहिया-02, चार पहिया वाहन-05, हाईवा-01, गैस सिलेण्डर-01, तसला-03, गैस चुल्हा-01, जावा महुआ-400 लीटर, मोबाइल-06 एव नकद 2,34,520 रूपया बरामद किया गया है। अवैध शराब के मामले में 86 एव सूखा नशा के मामले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा इनलोगों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रारम्भ होने (फरवरी-2026) से अबतक कुल 84261. 948 लीटर अवैध शराब, अवैध कफ सिरप 4440.591 लीटर, गाँजा-8202.69 किलोग्राम, स्मैक-9218. 292 ग्राम, नशीला इंजेक्शन-13202 एम०एल०, नशीला टैबलेट-325 अद्द, सिरिंज-01 पैकेट, विदेश निर्मित पिस्टल 02, पिस्टल 02, देशी कट्टा 08, देशी मस्केट 01, मैगजीन 03, कारतूस 45, मोबाइल-104, चार चक्का-42, नाव-02, भारतीय गुद्रा-64,10,772 रूपया, नेपाली गुद्रा-27570 रूपया, ट्रक-02, हाईवा 01, पासबुक-03, ।ज्ड कार्ड-01, लोहा का भट्टी-01. इलेक्ट्रीक तराजू-04 बरामद किया गया है। इस मामले में कुल 2633 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। डीआईजी कुमार आशीष ने आमजनों से अपील है कि ष्नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत जारी हेल्पलाईन नं0-9060384865 पर नशा से संबंधित सूचना कॉल, मैसेज एवं व्हाट्स एप के माध्यम से दें। उक्त जानकारी / सूचना में अवैध नशा कारोबारी का नाम, पता, अवैध करोबार करने का स्थान यदि संभव हो तो फोटो, वीडियो भी दे सकते हैं। आपका मोबाइल नं० एवं पहचान को पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। जिनकी सूचना पर विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी, उन्हे पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा के द्वारा यथोचित रूप से पुरस्कृत किया जायेगा।

नेताजी सुभाष चैक पर विराजेंगी मां काली भव्य प्रतिमा होगी आकर्षण का केंद्र

फोटो कैप्शनः 8 आकर्षण का केंद्र



आकर्षण का केंद्र।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बनगांव रोड स्थित नेताजी सुभाष चैक पर इस वर्ष काली पूजा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यहां दीपावली की मध्यरात्रि मां काली की लगभग साढ़े पांच फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ भगवान गणेश एवं भैरव की प्रतिमाओं की भी स्थापना होगी। प्रतिमा स्थापना को लेकर पूजा समिति की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पूजा समिति के मनीष कुमार ने बताया कि आगामी 7 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं, 8 नवंबर को दीपावली की मध्यरात्रि विधि-विधान के साथ मां काली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

इस अवसर पर पारंपरिक पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण एवं 56 भोग का आयोजन किया जाएगा।स्थानीय श्रद्धालुओं एवं लोगों के सहयोग से पिछले करीब दस वर्षों से यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था, जो अब पूर्ण होने की स्थिति में है। मंदिर निर्माण के साथ ही मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की परिकल्पना की गई थी। इस वर्ष श्रद्धालुओं का वर्षों पुराना इंतजार पूरा होने जा रहा है। समिति ने बताया कि भविष्य में मंदिर परिसर में शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों को भारत सरकार द्वारा सहरसा की रिफ्यूजी कॉलोनी में बसाया गया था। इसी दौरान तत्कालीन बांग्लादेशी हिंदू शरणार्थियों ने बांग्ला एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से युद्ध में भारत की विजय की कामना को लेकर मां काली की पूजा-अर्चना शुरू की थी।वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की जीत और बांग्लादेश के निर्माण के बाद से यहां प्रत्येक वर्ष मां काली की पूजा आयोजित की जाती रही है। करीब 53 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा में पहली बार मां काली की साढ़े पांच फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इससे इस वर्ष का पूजा आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।मां काली की प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें नामचीन कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही भागवत एवं रामायण कथा वाचन होगा। स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।पूजा समिति ने श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर मां काली का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

प्रेम सागर के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पर टाउन फुटबॉल क्लब परिवार के लिए सबसे बड़ी खुशी का पल : नीतीश कुमार



चयनित खिलाड़ी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। 70वे नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए टाउन फुटबॉल क्लब सहरसा के प्रेम सागर कुमार बिहार टीम में चयनित हुए है। उत्तर प्रदेश के बलिया में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बिहार अंडर-17 फुटबॉल टीम में अपना प्रतिभा दिखायेंगे। इस से पूर्व भी विवेक कुमार अंडर-17 बिहार टीम में चयनित होकर हरियाणा में अपनी प्रतिभा दिखा चुके है। जबकि प्रेम सागर बिहार टीम के तरफ से अपने खेल का जौहर पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे। प्रेम सागर कुमार का चयन बिहार फुटबॉल टीम में होने पर सहरसा जिला फुटबॉल एंड एथलीट विंग के संयुक्त सचिव एवं बिहार रेफरी सह राष्ट्रीय कोच नीतीश मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बलिया में 2 नवंबर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित हैं। प्रेम सागर के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन टाउन फुटबॉल क्लब परिवार और पूरे कोशी क्षेत्र के फुटबाल प्रेमियों के लिए सबसे बड़ी खुशी का पल है। जबकि बिहार टीम के मुख्य कोच पूर्णिया के रोबिन सोरेन श्याम कुमार चैधरी हैं ।प्रेम सागर मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। पिता संतोष कुमार यादव घर से बाहर रहकर प्राइवेट काम करते हैं एवं माता किरण देवी ग्रहणी है। शीशे अगवानपुर जैसे अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र से अपनी फुटबॉल खेल की शुरूआत की लगातार कठिन परिश्रम करने के बाद टाउन फुटबॉल क्लब सहरसा के लिए खेलना शुरू किया और खेल गुरु ब्रह्मदेव हंसदा के मार्गदर्शन में आज उन्होंने बिहार टीम तक का सफर तय किया हैं। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी सुश्री तौसी ने भी प्रेम सागर को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर खेलने के लिए शुभकामनाएं दी हैं और फुटबॉल खेल के विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया है सहरसा जिला फुटबॉल एंड एथलेटिक्स विंग के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद यादव ने शुभकामनाएं देते हुए बताया सहरसा मैं फुटबॉल को और निखारने की जरूरत है। पिछले 4 वर्षों से हमारे खिलाड़ी बिहार टीम में दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से फुटबॉल जैसे महत्वपूर्ण खेल पर ध्यान देने की अपील की है। सहरसा जिला खिलाड़ी संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने प्रेम सागर को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि लगातार सालों से फुटबॉल मैं सहरसा के बच्चे बिहार टीम में अपना स्थान बना रहे हैं। यह हम सबों के लिए गर्व की बात हैं। फूटसल फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ रिभा सिंह ने बिहार टीम में प्रेम सागर का चयन सहरसा में फुटबॉल में के क्षेत्र में क्रांति का रूप ले रही है। हम इनके उज्जवल भविष्य के कामना करते हैं। शुभकामना देने वालों में मधेपुरा जिला फुटबाल संघ के सचिव अमीद्र कुमार अमर मिथुन, चंद्रशेखर अधिकारी केसरी गुप्ता राजेश कुमार सुनील झा राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रश्मि सोरेन एवं राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अरुण हेंब्रम, अशफाक आलम, डब्लू कुमार, मुस्ताक आलम, संजय मुरमुर, अरविंद हेंब्रम, सत्तरकटेया प्रमुख प्रतिनिधि संजय कुमार,मनीष हेंब्रम,राजकुमार हेंब्रम, टाउन फुटबॉल क्लब के संरक्षक सक्षम सिंह, पूर्व सरपंच बिरजू चैधरी, टाउन फुटबॉल क्लब के गणेश गुप्ता, डॉ संजय यादव, लक्ष्मीनाथ गोसाई फुटबॉल क्लब के प्रशांत मेहता, बनगांव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रूपेश कामत,अंशु मिश्रा,शांति फुटबॉल क्लब पुरीख के सचिव मनीष सोरेन, जिल के सभी फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव ने प्रेम सागर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गंगा उत्सव 2026 के अवसर पर भारती मंडन मिश्र सरोवर में होगा भव्य गंगा आरती का आयोजन



नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 13, न्यू कॉलोनी स्थित आई.डी. सिंह चैक के समीप भारती मंडन मिश्र सरोवर में दिनांक 04 नवंबर को गंगा उत्सव 2026 के अवसर पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेर्शानुसार गंगा उत्सव के माध्यम से गंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं निर्मलता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला पदाधिकारी के निर्देश पर नगर आयुक्त, प्रभात कुमार झा के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा आवश्यक तैयारियाँ एवं व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। उनकी कार्यशैली, सक्रियता एवं प्रशासनिक समन्वय से नगर निगम के कार्यो को निरंतर गति मिल रही है। इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह है कि इस पावन आयोजन में सहभागी बनकर इसे सफल बनाएं। आइए, गंगा उत्सव के माध्यम से स्वच्छता, संस्कृति और जल संरक्षण का संकल्प का दीप जलाएं।

अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष के निधन पर विधायक ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



सहरसा शहर (एनएसबी)। अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं बरियाही निवासी सीताराम दास के आकस्मिक निधन से पान समाज सहित सामाजिक एवं राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की दुखद सूचना मिलते ही अखिल भारतीय पान महासंघ सह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सदर विधायक ई आई.पी. गुप्ता ने अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को रद्द कर पटना से सीधे सहरसा पहुंचकर दिवंगत सीताराम दास जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक इंजीनियर आई.पी. गुप्ता ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सीताराम दास का निधन पान समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक मजबूत, समर्पित और कर्मठ जिला अध्यक्ष थे, जिन्होंने संगठन की स्थापना से लेकर उसे मजबूत बनाने तक हर कदम पर हमारा साथ दिया। उन्होंने हमेशा समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। वहीं इस दुखद घड़ी में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के बिहार प्रदेश प्रवक्ता सह प्रभारी सहरसा जिला डॉ. धनोज कुमार ने दिवंगत सीताराम दास जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज हम सबने पान समाज का एक समर्पित बेटा, संघर्षशील साथी और मजबूत संगठनकर्ता खो दिया है। सीताराम दास जी अखिल भारतीय पान महासंघ के ऐसे कर्मठ जिला अध्यक्ष थे।सीताराम दास केवल एक पदाधिकारी नहीं थे, बल्कि समाज को जोड़ने वाले, संगठन को मजबूती देने वाले और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने वाले एक सच्चे सामाजिक योद्धा थे। उनका निधन हम सभी के लिए ऐसी रिक्तता छोड़ गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। भावभीनी श्रद्धांजलि देने में जिला अध्यक्ष विद्या शर्मा, आशीष कुमार प्रदेश महासचिव बिहार कांग्रेस, अमित कुमार विधायक प्रतिनिधि, इमरान, पवन यादव, सनोज तांती, राजद नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रणजीत यादव, गोविंद दास, रणजीत दास, रविंदर शर्मा, रोहित शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, राजेश शर्मा, पल्लू शर्मा, उपेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, अरुण शर्मा, पूर्व मुखिया शुभंकर शर्मा, गावो शर्मा, रिभा शर्मा, आशा शर्मा, रूपम देवी, पिंटू शर्मा, संजय शर्मा, छोटू संगम, मधेपुरा जिला अध्यक्ष भूदेव शर्मा, खगड़िया जिला अध्यक्ष रामचंद्र तांती फौजी साहब एवं सैकड़ों अखिल भारतीय पान महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं को 'माँ द्रौपदी कौशल्या फणीभूषण स्मृति जौहरी पुरस्कार' से किया गया सम्मानित



भव्य सम्मान समारोह छात्र-छात्रा व शिक्षक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर पंचायत बनगांव में शनिवार को माँ द्रौपदी कौशल्या फणीभूषण स्मृति जौहरी पुरस्कार योजना के अंतर्गत एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत बनगाँव स्थित तीन उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पाँच-पाँच मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

समारोह में तीनों विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 15 छात्र-छात्राओं को क्रमशः 1501 रुपये, 1001 रुपये, 501 रुपये, 251 रुपये एवं 251 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों को एक प्रति श्रीमद्भगवद्गीता, एक प्रति श्रीरामचरितमानस, नोटबुक, कलम तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी उपस्थित रहे। समारोह का उद्घाटन प्रो. भवानंद मिश्र ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी दिग्विजय सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर कलावती उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम कुमार, फुलदाय कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय किशोर खां तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय बनगांव दक्षिणी के प्रधानाध्यापक रामाशीष बाबू सहित तीनों विद्यालयों के शिक्षकगण, गणमान्य ग्रामीण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस सम्मान समारोह का आयोजन नगर पंचायत बनगाँव दक्षिण निवासी इंजीनियर अरुण कुमार खाँ द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता एवं दादा-दादी की पावन स्मृति में किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना तथा नई पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को सम्मानित करने की ऐसी पहल समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करती है। इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होने के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह भी बढ़ता है। यह आयोजन न केवल मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बना, बल्कि स्वर्गीय पूर्वजों की स्मृति को समाजसेवा एवं शिक्षा के माध्यम से जीवंत रखने का एक सराहनीय प्रयास भी साबित हुआ।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल

बेलदौर (एनएसबी)। नगर पंचायत अंतर्गत काली स्थान चौक के पास शनिवार दोपहर करीब बारह बजे सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी कुलदीप रजक के पुत्र रमेश भारती और उनकी पत्नी रानी देवी के रूप में हुई है।मिली जानकारी के मुताबिक यह दंपत्ति नगर पंचायत के पार मुशहरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में टोला सेवक के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के निर्देश पर वे अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां सत्यापन के लिए घर से बाइक द्वारा स्कूल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान काली स्थान चौक के समीप अचानक उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

बेलदौर पुलिस ने लड़का के परिजनों को दिया सूचना

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पिरनगरा गांव में ग्रामीणों द्वारा 16 लड़का के साथ मारपीट करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने तुरंत पुलिस बल को मौके पर भेजा और लड़का को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर थाने ले आए। थाने में पूछताछ और आधार कार्ड की जांच के बाद किशोर की पहचान हरियाणा के पानीपत-करनाल निवासी सुरेंद्र के 16 वर्षीय पुत्र मन्नू कुमार के रूप में हुई। बताया गया कि घटना के समय किशोर ने छीटदार टी-शर्ट और काला हाफ पैंट पहन रखा था,जो मुख विदुर थे। पुलिस ने हरियाणा स्थित उसके परिजनों को इस घटना की आधिकारिक सूचना दे दी है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि परिजनों को जानकारी दे दिया गया है।

निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के अमनी मध्य विद्यालय में नशा मुक्त भारत के संस्थापक प्रेम कुमार यशवंत के द्वारा निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। कुल 34 बालक और बालिका को शतरंज खेल के पात्रों के नाम, काम और कौन से पात्रों मे कितना पावर है, बिस्तार से बताया गया। ज्ञात हो कि नशा मुक्त भारत कि ओर से विगत तीन चार महीने से सप्ताह में एक बार विभिन्न विद्यालय में जाकर निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के प्रेरणा और खेल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता प्रवीण कुमार, मानसी प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार, अंचल अधिकारी लीलाबती कुमारी और समाजिक कार्यकर्त्ता संतोष कुमार के सहयोग से हो रहा है। मौके पर मौजूद विधालय के प्रधानाध्यापिका मंजु भारती, सहायक शिक्षिका ओणम भारती, नवनीत कुमार, आत्मंजय कुमार, विशाल कुमार, नन्दकिशोर कुमार, शिवम उपाध्याय सहित 34 खिलाड़ी मौजूद थे।

बेलदौर प्रखंड मुख्यालय के आसपास प्रकाश की व्यवस्था की मांग

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन परिसर और आसपास के सरकारी कार्यालयों में प्रकाश की व्यवस्था लंबे समय से ठप पड़ी है। इसे लेकर बेलदौर नगर पंचायत निवासी ओमप्रकाश क्रांति ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।आवेदक ओमप्रकाश क्रांति ने अपने आवेदन में इस बात पर विशेष रूप से प्रकाश डाला है कि प्रखंड के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर बुनियाद केंद्र, पुराने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, अभिलेखागार, नवनिर्मित पार्क, मनरेगा कार्यालय, किसान भवन, सुढ़ छठ घाट, आवास कलोनी पथ और बाल विकास परियोजना कार्यालय के समीप तक पिछले कई महीनों से स्ट्रीट लाइट और परिसर की लाइटिंग व्यवस्था पूरी तरह खराब पड़ी हुई है। शाम ढलते ही इन महत्वपूर्ण परिसरों में अंधेरा छा जाता है, जिससे यहां आने वाले दूर-दराज के आम नागरिकों, अधिकारियों और कर्मियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

लौह पुरुष ने 562 देशी रियासतों का विलय कर भारत की एकता को दी थी मजबूत नींव : बबलू मंडल

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के कचहरी रोड स्थित जनता दल यूनाइटेड के सदर विधायक कार्यालय सभागार में शनिवार को देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। समारोह का उद्घाटन सदर विधायक एवं जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके सम्मान में गगनभेदी नारे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय एकता और अखंडता के अद्वितीय शिल्पकार थे। महात्मा गांधी के संपर्क में रहकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजादी के बाद देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता, राजनीतिक सूझबूझ और कुशल नेतृत्व के बल पर देश की लगभग 562 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार दिया। विधायक ने कहा कि सरदार पटेल ने न केवल देश को राजनीतिक रूप से एकजुट किया, बल्कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) जैसी अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है कि उन्हें भारतीय सिविल सेवाओं का संरक्षक संत माना जाता है। उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए भी उल्लेखनीय संघर्ष किया। गुजरात के खेड़ा और बारडोली आंदोलनों के माध्यम से उन्होंने किसानों को संगठित कर उनके अधिकारों की आवाज बुलंद की। बारडोली सत्याग्रह में उनके नेतृत्व से प्रभावित होकर ही उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली श्री मंडल ने कहा कि सरदार पटेल का पूरा जीवन देशसेवा, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व और विचार आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य केवल उन्हें याद करना नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के प्रति अपनी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को दोहराना भी है। उन्होंने सभी लोगों से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र की एकता को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में जदयू प्रदेश सचिव नीलम वर्मा,दीपक सिन्हा, अनिल जायसवाल, आचार्य राकेश पासवान शास्त्री,फिरदोस आलम, अनुज शर्मा, पंकज चौधरी, सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में षनिवार को 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत बाल अधिकारों के संरक्षण और यौन शोषण से बचाव के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस विशेष अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सब डिविजनल न्यायिक मजिस्ट्रेट गेसू , सिविल जज सोनम एवं सिविल कोर्ट के पैनल अधिवक्ता ष्ण मुरारी मिश्र द्वारा विद्यार्थियों को अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। न्यायिक पदाधिकारियों ने बच्चों को 'गुड टच और बैड टच' (सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श) की पहचान करना सिखाया, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ सजग रह सकें। इसके साथ ही, बच्चों को उनके मौलिक बाल अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और बाल विवाह निषेध कानून के कड़े प्रावधानों के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। आपात स्थितियों में सहायता के लिए न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, आपात सेवा (112) और जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता (विधिक सहायता) के बारे में विस्तार से बताया और इन नंबरों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य कुमार ठाकुर द्वारा सभी आगंतुक न्यायिक अधिकारियों का पौधा भेंट करके की गई। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षिका रेणुका भी उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन सुजीत कुमार गुप्ता ने किया। इस अभियान में पोक्सो एक्ट और विभिन्न सुरक्षा कानूनों की जानकारी पाकर विद्यार्थी बेहद लाभान्वित हुए।इस विशेष अभियान में न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को बेहद सरल और व्यावहारिक भाषा में बाल अधिकार कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को यौन शोषण से बचाव के तरीकों और पोक्सोएक्ट के कड़े प्रावधानों के बारे में जागरूक किया, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें और बिना किसी डर के अपनी आवाज उठा सकें। इसके साथ ही, सिविल कोर्ट खगड़िया के पैनल अधिवक्ता ष्ण मुरारी मिश्र ने भी विद्यार्थियों को कानूनी सुरक्षा चक्र और विधिक सहायता प्राप्त करने के तौर-तरीकों से अवगत कराया।



कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी।

महिला महाविद्यालय युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

खगड़िया (एनएसबी)। महिला महाविद्यालय में शनिवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 100 सप्ताह के 'नशा मुक्त युवा अभियान' के अंतर्गत साइक्लोथन एवं जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही महाविद्यालय के आसपास स्वच्छता अभियान भ चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मद्यनिषेध पदाधिकारी मो़ अब्दुल सत्तार, महेश प्रसाद मेहता,महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ड़ तौसीफ मोहसिन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला मद्यनिषेध पदाधिकारी मो़ अब्दुल सत्तार ने कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद कर देता है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। पुलिस एवं वन विभाग के पदाधिकारियों ने भी नशे के विरुद्ध सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता को आवश्यक बताया। प्रभारी प्राचार्य ड़ तौसीफ मोहसिन ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक चेतना और जिम्मेदार नागरिकता के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने की अपील की। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष ड. कुमार प्रभाष ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। यह युवा पीढ़ी की ऊर्जा, रचनात्मकता और राष्ट्र की विकास क्षमता को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, शिक्षित, जागरूक और नशामुक्त होगा। युवाओं को खेल, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। मंच संचालन कर रही कार्यक्रम पदाधिकारी ड. कुमारी प्रियंका ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवकों एवं छात्राओं को नशामुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचाने तथा इस अभियान को जनआंदोलन बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक ड एस एन मंडल,ड़ सिद्धार्थ गौतम, ड. कमलेश कुमार, ड कमलेश कुमार, ड मोनिका कुमारी,ड़ इंद्रभूषण सिंह, ड प्रमिला सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में प्राचार्य।

कन्हैयाचक में 150 वर्षो से विराजमान हैं मां काली

अंग्रेजी हुकूमत के जमाने से चली आ रही पूजा की परंपरा

परबत्ता (एनएसबी)। आस्था जब पीढ़ियों की परंपरा बन जाती है तो उसका इतिहास केवल मंदिर की दीवारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे इलाके की सांस्तिक पहचान बन जाता है। कुछ ऐसी ही ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान नगर पंचायत परबत्ता के कन्हैयाचक गांव स्थित मां काली मंदिर की है। यहां मां काली की पूजा-अर्चना की परंपरा लगभग डेढ़ सौ वर्षो से चली आ रही है। अंग्रेजी हुकूमत के दौर से ही यहां मां काली की आराधना के साथ-साथ नाटक मंचन की परंपरा भी कायम है। यही वजह है कि कन्हैयाचक की काली पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्ति और लोकनाट्य की विरासत का प्रतीक बन चुकी है।ग्रामीणों के अनुसार, कन्हैयाचक गांव में मां काली मंदिर की स्थापना वर्ष 1875 ईस्वी में हुई थी। उस समय मिट्टी और खपरैल से बने छोटे से मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरू की गई थी। मंदिर की स्थापना और पूजा की शुरुआत में तत्कालीन हरनाथ सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। शुरुआती दौर में सीमित संसाधनों के बीच शुरू हुई यह पूजा धीरे-धीरे गांव की सामूहिक आस्था का केंद्र बन गई। समय बीतने के साथ ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ और मां के प्रति श्रद्धा भी बढ़ती गई। इसके बाद मिट्टी-खपरैल के पुराने मंदिर की जगह पक्के मंदिर का निर्माण कराया गया और पूजा का आयोजन भव्य रूप लेने लगा। बताया जाता है कि कन्हैयाचक की काली पूजा की एक खास पहचान यहां होने वाला नाट्य मंचन भी है। ग्रामीणों के मुताबिक, वर्ष 1938 ईस्वी में यहां मां काली नाट्य कला परिषद की स्थापना हुई थी। उस समय नाट्य कला परिषद से जुड़े स्मृतिशेष भुवनेश्वर मिश्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके बाद परिषद से जुड़कर कई निर्देशकों और कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से इस सांस्तिक परंपरा को आगे बढ़ाया।नाट्य कला परिषद कन्हैयाचक से जुड़े स्मृतिशेष जगदंबा गुरुजी, तारणी शर्मा, सहदेव शर्मा और गोखले चौधरी जैसे चर्चित निर्देशकों ने अपने निर्देशन और अभिनय के माध्यम से अमिट छाप छोड़ी। इन लोगों के प्रयासों से नाटक मंचन की परंपरा गांव की पहचान बन गई। आज भी काली पूजा के अवसर पर नाटकों का मंचन किया जाता है, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। नई पीढ़ी भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभा रही है। कन्हैयाचक के लोगों की मां काली के प्रति गहरी आस्था है। ग्रामीणों का मानना है कि मां के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं। यही विश्वास श्रद्धालुओं को दूर-दराज के क्षेत्रों से यहां खींच लाता है। काली पूजा के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मां काली की पा से गांव में खुशहाली और संपन्नता बढ़ी है। इसी आस्था और बदलते समय के साथ मंदिर को भी नया स्वरूप दिया गया। लगभग तीन वर्ष पूर्व पुराने मंदिर को तोड़कर भव्य नए मंदिर का निर्माण कराया गया। वर्तमान मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर का मुख्य द्वार दक्षिणेश्वर शैली से प्रेरित है, जो इसकी सुंदरता और आकर्षण को और बढ़ाता है। काली पूजा के अवसर पर यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विशेष आराधना की जाती है। तीन दिवसीय काली पूजा महोत्सव मेला को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 8 नवंबर को मां काली की प्रतिमा पिंडी पर विराजमान की जाएगी। इसके साथ ही नाट्य कला परिषद की ओर से आहुति नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं, 9 नवंबर को दिन में विशेष पूजा-अर्चना होगी। संध्या के समय सामूहिक भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रात्रि में श्कौशल्या हरणश् नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाट्य प्रस्तुति को लेकर स्थानीय लोगों और दर्शकों में विशेष उत्साह रहता है। 10 नवंबर को वर्षो पुरानी परंपरा के अनुसार पटाखों से आकर्षक आतिशबाजी के बीच मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। कन्हैयाचक में प्रतिमा विसर्जन का श्य देखने के लिए आसपास के गांवों और दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। पारंपरिक तरीके से होने वाला विसर्जन इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहता है।कन्हैयाचक की काली पूजा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां धार्मिक परंपरा के साथ लोकनाट्य और सांस्तिक विरासत का भी संरक्षण किया जा रहा है। वर्ष 1875 में शुरू हुई पूजा और 1938 में स्थापित नाट्य कला परिषद की परंपरा आज भी लोगों को अपनी जड़ों से जोड़े हुए है। समय बदला, पीढ़ियां बदलीं और मंदिर का स्वरूप भी बदला, लेकिन मां काली के प्रति श्रद्धा और नाटक मंचन का उत्साह आज भी बरकरार है।



काली मंदिर।

संक्षिप्त खबरें

विज्ञान एवं गणित के 231 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार सरकार एवं खान एकेडमी इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्टेम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए विज्ञान एवं गणित विषयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 से 31 अक्टूबर 2026 तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खान एकेडमी इंडिया के शहनवाज अहमद खान, प्रषिक्षक अबरार अब्बासी एवं मनोज साहू (जिला समन्वयक) द्वारा जिले के कक्षा 6 से 10 तक के विज्ञान एवं गणित विषयों के कुल 231 शिक्षकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को खान एकेडमी पोर्टल के उपयोग एवं उसकी शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी गई। शिक्षक इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को बिहार बैन्टज् के पाठ्यक्रम के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षण सामग्री उपलब्ध करा सकेंगे। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कक्षा 9 से 12 तक के ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करने पर विशेष जोर दिया, जो आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रतिभाशाली एवं मेधावी होने के बावजूद अपने शैक्षणिक सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों को खान एकेडमी पोर्टल के माध्यम से अनलाइन शिक्षा से जोड़कर जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस पहल से विद्यार्थियों को अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज आवास बोर्ड में कार्यक्रम का आयोजन

खगड़िया (एनएसबी)। भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज आवास बोर्ड खगड़िया में एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेज के प्राचार्य डक्टर इंद्रजीत एवं सभी प्राध्यापकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्राचार्य एवं सभी सहायक अध्यापक ने उनके जीवन पर चर्चा करते हुए उनके महान कार्यो को याद किया गया। साथ ही प्रशिक्षु ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्य डक्टर इंद्रजीत,एनएसएस के प्रोग्राम अफिसर प्रो ड प्रदीप कुमार, प्रो हरी किशोर ठाकुर, प्रो शशि भूषण कुमार, प्रो ड संदीप कुमार यादव, प्रो सुदेश सौरव, प्रो ड सत्येंद्र कुमार राम, प्रो आलोक कुमार यादव, प्रो भारती कुमारी एवं सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।



उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

खगड़िया (एनएसबी)। एस एल डीएवी पब्लिक स्कूल खगड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के तेलचित्र पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों और विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन ने कहा कि सरदार पटेल को लौह पुरुष के साथ-साथ अखंड भारत का निर्माता भी कहा जाता है क्योंकि उनके कूटनीतिक संवाद और ढ़ संकल्प के बल पर 560 से अधिक रियासत भारतीय संघ में शामिल हुए और आज का आधुनिक भारत का भौगोलिक नक्शा उनके योगदान का नतीजा है।उन्होंने बच्चों से कहा कि वो सरदार पटेल के आदर्शो पर चलें जिनका ढ़ निश्चय,आशावादिता अनुकरणीय है। स्कूल के शिक्षक रंजीत सिंह ने कहा कि सरदार पटेल अदम्य साहस ,अनुशासन और कठोर निर्णय लेने की क्षमता के धनी थे। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि वो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने संकल्प और निर्णय से पीछे नहीं हटते थे । रिम्मी सिन्हा ने कहा कि सरदार पटेल उच्च पद और प्रभाव के बावजूद अत्यंत विनम्र, जमीन से जुड़े और सीपूर्ण जीवन जीने वाले नेता थे।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह ,श्याम कुमार झा ,ष्ण मोहन कुमार , शाश्वत कुमार, प्रेरणा प्रीति,आशीष वर्मा और अन्य शिक्षकों ने भारत के लौह पुरुष को महान स्वतंत्रता सेनानी और महान नेता के रूप में याद किया।



कार्यक्रम में प्राचार्य व अन्य।

मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर भूमि पूजन

बेलदौर(एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की आमसभा आयोजित की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा विधिवत भूमि पूजन और शिलान्यास संपन्न कराया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के इस प्रमुख आस्था केंद्र के नवनिर्माण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई। मालूम हो कि 1978 में दुर्गा मंदिर बना था जो पुराना भवन जगह की नया मंदिर का निर्माण होगा। आमसभा के दौरान श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पुराने ढांचे को हटाकर नए सिरे से विशाल मंदिर बनाने का प्रस्ताव पारित किया। लंबे समय बीतने के कारण भवन काफी जर्जर हो चुका था और श्रद्धालुओं की बढ़ती तादाद के आगे परिसर छोटा पड़ रहा था। वही समाजसेवी ओमप्रकाश क्रांति ने बताया कि पूर्व में मंदिर को दान दी गई जमीन का एक बड़ा हिस्सा जमींदार द्वारा अन्य व्यक्ति को बेच दिए जाने से जगह छोटी हो गई। इसे देखते हुए अब मंदिर को वर्तमान स्थल से थोड़ा पीछे ले जाकर भव्य रूप में तैयार किया जाएगा।वही कारोबारी कपिल देव साह ने मंदिर निर्माण में 25 लाख एकमुश्त हार्डवेयर प्रतिष्ठान चलाने वाले कारोबारी कपिल देव साह ने दान देने की बात कही।वही चेयरमैन प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रंजन राज ने बताया कि मंदिर का शिलान्यास विधिवत हो चुका है अब युद्धस्तर पर निर्माण आगामी नवंबर माह के पहले सप्ताह से तेज गति से शुरू करा दिया जाएगा। पारदर्शी व्यवस्था निर्माण कार्य और सहयोग राशि के पारदर्शी प्रबंधन के लिए मंदिर कमेटी के बैंक खाते के संचालन की औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। मौके पर मुख्य पार्षद ममता कुमारी, समाजसेवी ओमप्रकाश क्रांति, शिव कुमार अग्रवाल, श्रवण भगत, सुशील शर्मा, विपिन भारती सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



भूमि पूजन में शामिल लोग।

हाइड्रोजन ईंधन से लेकर वंदे भारत की आधुनिक तकनीक तक इरिमी में विशेषज्ञों ने साझा किए भविष्य की रेल के गुर

दो दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का समापन, तनाव प्रबंधन, टीसीएमएस सीबीसी कपलर और उभरती रेल प्रौद्योगिकी पर हुआ व्यापक मंथन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल की बदलती तकनीकी जरूरतों, आधुनिक ट्रेनों के विकास और भविष्य की रेल प्रणालियों को लेकर जमालपुर स्थित भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान (इरिमी) में आयोजित दो दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का शनिवार को समापन हो गया। 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित इस संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने हाइड्रोजन ईंधन, तनाव प्रबंधन, उभरती रेल प्रौद्योगिकी और वंदे भारत ट्रेनसेट की अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में इरिमी के संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश और स्वामी परमतेज ने तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। इसमें कार्यस्थल पर मानसिक संतुलन बनाए रखने, तनाव से निपटने और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सकारात्मक ष्टिकोण अपनाने पर चर्चा हुई। वहीं, सीनियर डीएमई शकूरबस्ती आलोक भट ने अनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। पूर्व रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक अरुण अरोड़ा ने उभरती प्रौद्योगिकियों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मानाश कुमार पोद्दार ने पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे के ऐतिहासिक एवं तकनीकी पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं, एससीआरए के नितिन कुलश्रेष्ठा ने भी तकनीकी विषयों पर विचार रखे। इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने हाइड्रोजन ईंधन को भविष्य की ऊर्जा के रूप में रेखांकित करते हुए इसकी तकनीकी बारीकियों और रेल परिवहन में इसकी संभावनाओं को सरल भाषा में समझाया। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक डिंपी गर्ग ने मुख्य संबोधन में कहा कि आधुनिक रेल प्रणालियों और बदलती परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप अधिकारियों की तकनीकी दक्षता एवं ज्ञान को लगातार अद्यतन रखना जरूरी है।






,महाप्रबंधक का स्वागत करते डीन, समारोह में अतिथि के साथ बात करते महानिदेशक।

दोपहर के सत्र में मेधा कंपनी के विशेषज्ञों ने वंदे भारत ट्रेनसेट की ट्रेन कंट्रोल एंड मैनेजमेंट सिस्टम (टीसीएमएस) की कार्यप्रणाली समझाई। वहीं, वेब टेक के प्रतिनिधियों ने सीबीसी कपलर की तकनीकी विशेषताओं पर जानकारी दी।संगोष्ठी में ब्रेकिंग सिस्टम, हाइड्रोजन ट्रेनसेट, आपदा प्रबंधन, सीबीसी डायनेमिक्स और आधुनिक ट्रेन नियंत्रण प्रणालियों पर भी विस्तार से मंथन हुआ। समापन पर संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक कार्यप्रणाली से जोड़ने और रेलवे अधिकारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिभागियों ने भी आयोजन को उपयोगी बताया।

ब्राउन शुगर मामले में फरार चल रहा नामजद आरोपी गिरफ्तार


गिरफ्तारी की जानकारी देते रेल पुलिस।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेल पुलिस जमालपुर की टीम ने मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की बरामी के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागलपुर के चंपानगर निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। रेल पुलिस ने उसे भागलपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने बताया कि बीते 26 मई को जमालपुर रेल क्षेत्र में ब्राउन शुगर बरामद किया गया था। इस मामले की जांच के दौरान रोहित कुमार का नाम सामने आया था। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। मामले में नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रेल पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना और लगातार प्रयासों के आधार पर उसे भागलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। रेल पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।छापेमारी अभियान में एसआई अमरेश कुमार, अल्बीना हसदा तथा कांस्टेबल अनिशा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, गुलफान शाह और अजीत कुमार सिंह शामिल थे। रेल पुलिस के अनुसार, मादक पदार्थो से जुड़े मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी रहेगा।

पटेल जयंती पर हलिमपुर में माल्यार्पण राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर प्रखंड के इंद्ररुखी पंचायत के हलिमपुर गांव में पटेल चौक पर शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू पंचायत अध्यक्ष सनी कुमार ने की।मुख्य अतिथि जदयू जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने माल्यार्पण के बाद कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 565 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी थी। उनका जीवन त्याग, साहस, नैतिकता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। आज देश को जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि युवाओं को अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी बोध होना चाहिए। एकता बिना समानता अधूरी है। नशा और भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ युवाओं को आगे आना होगा। सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर केवल माल्यार्पण और भाषण तक सीमित न रहकर उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि जाति और धर्म की दीवारें तोड़कर आपसी भाईचारा, नैतिकता और सामाजिक समरसता स्थापित करना ही लौह पुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर जदयू के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, कालू मंडल, छोटू कुमार, गणेश मंडल, रिंकू मंडल, प्रवीण कुमार, पप्पू राम, लगन मंडल सहित बड़ी संख्या में युवा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।


पटेल जयंती मनाते जदयू नेता।

रेलवे परिवार ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस जमालपुर लोको शेड में मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल केके दास,पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।डीआरएम ने दीप प्रज्वलित कर सरदार वल्लभभाई पटेल के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया और देशभक्ति के नारे लगाए गए। लोको शेड परिसर में आयोजित एकता दौड़ में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।इस दौरान स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत स्क्रैप-टू-आर्ट पहल और शून्य अपशिष्ट प्रथाओं को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को डीआरएम ने सम्मानित किया।मौके पर अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए दिल्ली रवाना हुए मुंगेर के कांग्रेसी

मुंगेर(एनएसबी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए मुंगेर जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जत्था शुक्रवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हुआ। जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल के नेतृत्व में रवाना हुए जत्थे में जिला कांग्रेस महासचिव संजय कुमार पोद्दार और प्रदेश कांग्रेस ओबीसी उपाध्यक्ष सोनी कुमारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।राकेश कुमार मंडल ने कहा कि देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं। जनता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। मताधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी की सुरक्षा के लिए कांग्रेस अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज उठा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चल रही स्पेशल ट्रेन

भागलपुर-पटना के बीच चलेगी तीन जोड़ी विशेष ट्रेन

9, 16 और 23 नवंबर को होगा परिचालन। - सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशन पर भी रुकेगी ट्रेन।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्तभीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने भागलपुर और पटना के बीच छठ पर्व विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष ट्रेन के परिचालन से पर्व के दौरान बिहार आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्तरेल सुविधा मिलेगी।रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 03431 भागलपुर-पटना छठ विशेष ट्रेन 9, 16 और 23 नवंबर 2026 को भागलपुर से सुबह 11रू10 बजे रवाना होगी तथा उसी दिन शाम 5रू10 बजे पटना पहुंचेगी।वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 03432 पटना-भागलपुर छठ विशेष ट्रेन 9, 16 और 23 नवंबर 2026 को पटना से रात 8रू45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन तड़के 2रू40 बजे भागलपुर पहुंचेगी।इस विशेष ट्रेन का ठहराव पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में निर्धारित किया गया है। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान (स्लीपर) श्रेणी तथा वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 03431 भागलपुर-पटना छठ विशेष ट्रेन में आरक्षण की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।छठ पर्व के मद्देनजर इस विशेष ट्रेन के परिचालन से भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को पटना आने-जाने में सहूलियत होगी। इससे पर्व के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्तभीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी।

कारखाना जमालपुर में 14 अधिकारी-कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेल इंजन कारखाना जमालपुर के हिंदी लाइब्रेरी सभागार में अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता कारखाना कार्मिक पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। इस दौरान सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सुखमय भविष्य की कामना की गई।विदाई समारोह में कारखाना के डब्ल्यूएम लाल साहब, रेलवे स्कूल के शिक्षक सोमदत्त मिश्रा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुब्रत मिश्रा, चीफ इंस्ट्रक्टर मनोज कुमार, सुनील कुमार यादव और मीना देवी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। सभी को कारखाना प्रशासन की ओर से सम्मानित कर विदाई दी गई।इस अवसर पर कारखाना कार्मिक पदाधिकारी ने कहा कि अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं के माध्यम से संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कारखाना प्रशासन उनके प्रति आभार प्रकट करता है और उनके स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना करता है।वहीं, सेवानिवृत्त हो रहे लाल साहब ने कारखाना प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए गीत की पंक्तियां श्कल हमसे बेहतर आएंगे, सुनने वाले, देखने वाले.श् गुनगुनाईं। उनके इस भावुक गीत ने समारोह के माहौल को कुछ देर के लिए गमगीन कर दिया। उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी भी भावुक नजर आए। समारोह में लेखा अधिकारी अमर कुमार, ड़ संजय, सहायक कल्याण अधिकारी संजय कुमार ताती सहित कारखाना के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

जनता दरबार में भूमि विवाद के 16 मामलों की सुनवाई, पांच का निष्पादन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से जुड़े भूमि विवाद के कुल 16 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें 13 पुराने और तीन नए मामले शामिल थे। सुनवाई के दौरान पांच मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया गया।जनता दरबार में जमालपुर, ईस्ट कलोनी, नया रामनगर और सफियासराय थाना क्षेत्र से संबंधित भूमि विवाद के मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान जमीन से जुड़े विवादों के समाधान के लिए संबंधित पक्षों की दलीलें सुनी गईं और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया अपनाई गई। सदर बाजार निवासी मनोरंजन विश्वकर्मा और अवध किशोर विश्वकर्मा के बीच जमीन विवाद से जुड़े मामले की भी सुनवाई हुई। इसके अलावा नया टोला केशोपुर निवासी मोहन कुमार, सुषमा देवी, विभीषण मंडल, प्रमोद कुमार, मिथिलेश पासवान के पुत्र परशुराम यादव, आशा देवी, प्रेम रजक, सुभद्रा देवी तथा छोटी आशिकपुर निवासी सुबोध तांती से जुड़े मामलों पर भी विचार किया गया।अंचलाधिकारी ने संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

सूखा नशा के खिलाफ अभियान में आम जनता से एसपी ने की अपील एसपी ने किया जमालपुर थाना का औचक निरीक्षण

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने शनिवार को जमालपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड अफ अनर दिया। एसपी ने करीब दो घंटे तक थाना की व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान हमेशा अलर्ट रहने तथा क्षेत्र में नियमित गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता के साथ कुशल व्यवहार बनाए रखने और वारंटियों एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई करने पर जोर दिया।इस दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान की कार्यप्रणाली पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बेहतर पुलिसिंग की व्यवस्था को आगे भी बरकरार रखने का निर्देश दिया।


थाने का निरीक्षण करते एसपी।

वहीं, विभिन्न लंबित कांडों की समीक्षा के लिए संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा।एसपी ने कहा कि सूखा नशा को जड़ से समाप्त करने के लिए मुंगेर पुलिस अभियान चला रही है। इस अभियान को सफल बनाने में आम जनता की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो की सहभागिता से ही युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाने में सफलता मिलेगी।निरीक्षण के दौरान शिव अमृत प्रकाश कौशिक, एसआई साहबराम, सुजीत सिंह, लक्ष्मीनारायण, रमेश, यशोदा कुमारी, एएसआई अखिलेश कुमार, बालेश्वर प्रसाद यादव, कंचन यादव, कंचन कुमारी सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। निरीक्षण पूरा करने के बाद एसपी मुंगेर के लिए रवाना हो गए।

संक्षिप्त खबरें

किसानों को दी गई उन्नत खेती एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड कृषि कार्यालय के सभा भवन में वासंतिक रबी महोत्सव सह कार्यशाला-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी, चौथम ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और षि विभाग के अधिकारियों से खेती-किसानी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी मौसम में उन्नत षि तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, बीज उपचार, मिट्टी की जाँच, उर्वरक प्रबंधन, जैविक खेती तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न षि कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था, ताकि किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक षि पद्धतियों को अपनाकर अपनी षि उत्पादकता और आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक, शस्य एवं बीज विश्लेषण, सुश्री रचना कुमारी ने उपस्थित किसानों को रबी मौसम में विभिन्न फसलों की उन्नत खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि षि विभाग द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर गेहूँ, मक्का, मसूर, सरसों एवं चना सहित अन्य रबी फसलों के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी भूमि, षि आवश्यकता एवं उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप समय पर अनुदानित बीज प्राप्त करें तथा निर्धारित षि तकनीकों का पालन करते हुए समय से बुआई करें, जिससे बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। प्रखंड षि पदाधिकारी सह आत्मा के प्रतिनिधि निर्मूल कुमार ने किसानों को बीज उपचार के महत्व, मिट्टी की नियमित जाँच तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि खेती की बेहतर पैदावार के लिए स्वस्थ एवं प्रमाणित बीजों का उपयोग, बुआई से पूर्व बीज उपचार और मिट्टी की उर्वरता के अनुरूप खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न षि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी तथा किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। रबी जागरूकता महाअभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पंचायत स्तर तक किसानों को षि संबंधी योजनाओं और तकनीकों की जानकारी पहुँचाने के उद्देश्य से एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित चलंत प्रचार वाहन की व्यवस्था की गई। इस प्रचार वाहन को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, चौथम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पंचायतवार भ्रमण के लिए रवाना किया। यह प्रचार वाहन विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर किसानों को रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, षि विभाग की योजनाओं तथा आधुनिक षि तकनीकों के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में प्रखंड षि पदाधिकारी अनुषा कुमारी ने किसानों को उर्वरक खरीद की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विकसित फ्रेमवर्क फर फर्टिलाइजर सेलएप्लीकेशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी, चौथम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, चौथम, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी श्री राज रतन पांडेय, प्रखंड षि पदाधिकारी (जैविक) श्री विजेता कुमार सहित षि विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सोनपुर मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया

सोनपुर (एनएसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2026 को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सोनपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी रेलकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित 'रन फर यूनिटी' में अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर से अधिकारी क्लब तक आयोजित इस दौड़ के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस आयोजन के माध्यम से सभी रेलकर्मियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। एकता ही हमारी शक्ति है और अखंडता ही राष्ट्र की पहचान।


लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंति मनाई गई।

सोनपुर मंडल में नए श्रम संहिताओं पर कार्यशाला-सह-जागरूकता सत्र का आयोजन

जौनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 को सामुदायिक भवन, सोनपुर में नए श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं इनके विभिन्न प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला-सह-जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री दिलीप पासवान ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), पटना के कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से प्रिंसिपल एम्प्लायर्स, ठेकेदारों एवं उप-ठेकेदारों को नए श्रम संहिताओं के प्रावधानों एवं उनके अनुपालन संबंधी दायित्वों से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान संसद द्वारा अधिनियमित नई श्रम संहिताओं के प्रभावी एवं एकरूप क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें पंजीकरण, लाइसेंसिंग, वैधानिक अनुपालन, अभिलेखों का संधारण, कानूनी दायित्व, वेतन संबंधी प्रावधान, सामाजिक सुरक्षा, व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य तथा कार्यस्थल पर बेहतर कार्य परिस्थितियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विभिन्न ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों की सहभागिता रही। कार्यशाला का उद्देश्य सभी संबंधित पक्षों को श्रम कानूनों के प्रति जागरूक करना तथा निर्धारित प्रावधानों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। कार्यशाला के माध्यम से श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण तथा श्रम कानूनों के अनुरूप पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।


मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला।

महेश्वरी चौक अतिक्रमण हटाने के बावजूद सजाई दूकान

सोनपुर (एनएसबी) शहर के महेश्वरी चौक पर से रेलवे की जमीन पर और सड़क किनारे सजी फल-मछली- चाय दूकान सहित अन्य दूकानों का जिला प्रशासन के आदेश पर अनुमंडल प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों की अवैध दूकान हटा दी। इन दिनों वहीं स्थान पर सज गई सभी दूकान। सूत्रों से मिली जानकारी रेलवे की जमीन पर सजी दूकान का अवैध वसूली रेलवे कर्मचारी होती आ रही है। जिला प्रशासन द्वारा हटाने का क्या औचित्य है। जबकि महादलित परिवार का लोगो ने रेलवे की जमीन पर पक्का घर बनाकर रह रहा है। लेकिन उसे छुआ तक नहीं गया और सड़क किनारे लगी दूकान का तोड़फोड़ हटाने का प्रयास किया गया। राहगीरों का कहना है कि चाय दूकान में सुबह से शाम तक असामाजिक तत्वों का आने-जाने का सिलसिला लगा रहता है। चाय दूकान में छुपकर नशीले पदार्थ का सेवन कर अक्सर बवाल किया करते रहते हैं। गरीबी की आड़ में जो खेल राहगीर देख रहे, वह न्याय प्रिय नहीं है और समय-समय उत्पात मचाते रहते हैं। अनुमंडल प्रशासन अक्सर अवैध अतिक्रमण को हटाती है और दो चार दिन बाद सज-धज कर दूकान वैसे युवाओं की सेवा में तत्पर दिखती है। वहीं शांति प्रिय लोगों का कहना है कि अनुमंडल प्रशासन की पहल तो सराहनीय है, लेकिन इसकी पुर्नावृति न हो इसके लिए उचित कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए। ताकि शांति व्यवस्था बनी रहें।

संक्षिप्त खबरें

जनता दरबार में आठ भूमि विवादों की हुई सुनवाई, चार मामलों का त्वरित निष्पादन

शेष मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित

विद्यापतिनगर एनएसबी। भूमि संबंधी विवादों के त्वरित एवं पारदर्शी निपटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं पीटीसी रविन्द्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े कुल आठ मामलों की सुनवाई की गई। इनमें चार मामलों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष चार मामलों में आवश्यक सुनवाई एवं कार्रवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। जनता दरबार में फरियादियों ने अपनी-अपनी भूमि संबंधी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनते हुए संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की। साथ ही शेष मामलों में निर्धारित तिथि पर आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। इस दौरान राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

जनता दरबार में दस में चार मामला निष्पादित

दलसिंहसराय एनएसबी। भूमि बिवाद से संबंधित समस्याओं को लेकर अंचल कार्यालय पर शनिवार को जनता दरबार आयोजित की गयी जनता दरबार में पुराने सात मामले के अलावे नया तीन मामला सामने आया कुल मिलाकर दस मामले अधिकारियों के सामने उपस्थापित किया गया सभी समस्याओं एवं विवाद से संबंधित कागजातों के मुआयना के बाद आपसी समन्वय के आधार पर चार मामलों का निष्पादन किया गया शेष छ मामला में अगली तिथि निर्धारित की गयी वहीं घटहो थाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अगली तिथि तय की गयी जनता दरबार में अंचलाधिकारी मो जमशेद पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार, कार्यालय सहायक राम कुमार कर्ण के अलावे समस्या से जुड़े लोग थे

अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी और थानाध्यक्ष की मौजूदगी में 521.540 लीटर शराब नष्ट

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार की उपस्थिति में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान कुल पांच कांडों से संबंधित 521.540 लीटर शराब नष्ट की गई। विनष्टीकरण की कार्रवाई के दौरान 377 लीटर देशी शराब तथा 144.540 लीटर विदेशी शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। इस प्रकार कुल 521.540 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में संपन्न हुई। इस संबंध में अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि जब्त शराब के विनष्टीकरण की कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सुरक्षित शनिवार और बैग लेस डे का हुआ आयोजन

समस्तीपुर एनएसबी। प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत फोकल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान के द्वारा सुरक्षित शनिवार और बैग लेस डे का आयोजन किया गया। इस क्रम में उन्होंने स्वच्छता विषय पर विस्तार से चर्चा की और इसे जीवन के लिए आवश्यक बताया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने कहा कि हमें अपनी आदतों में व्यक्तिगत स्वच्छता, पीने के पानी की स्वच्छता,शौचालय की स्वच्छता, रसोईघर की स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता, हाथ धोने के सही तरीके और कचरा प्रबंधन से संबंधित जानकारी रखने की आवश्यकता है। इसलिए स्वच्छता की समझ, गंदगी से बचाव की तैयारी होनी चाहिए। वहीं शिक्षक विमल कुमार साह ने स्वच्छता और जीवन सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल कराया।दूसरे सत्र में " स्वच्छता हमारी संस्कृति " थीम पर वर्ग वार अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस संगोष्ठी के आयोजन की आवश्यकता महसूस की। मौके पर बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब, इको क्लब के सदस्य,शिक्षा सेवक कैलाश सदा आदि ने भरपूर सहयोग किया।इसी बीच मध्याह्न भोजन साधन सेवी संतोष कुमार धीरज ने विद्यालय के गर्म पके भोजन की गुणवत्ता का औचक निरीक्षण किया और संतुष्टि व्यक्त किया।वहीं रसोइया सह सहायक के मानदेय भुगतान से संबंधित जिज्ञासा का भी यथोचित समाधान किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शांति समिति की बैठक आयोजित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार की शाम पूसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने की। इस दौरान सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार सहित, धोबगामा मुखिया राजीव कुमार सहित शांति समिति के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता अंकित त्रिवेदी ने दिया इस्तीफा

कल्याणपुर एनएसबी। भाजपा किसान मोर्चा के समस्तीपुर उत्तरी के जिला प्रवक्ता अंकित कुमार त्रिवेदी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्तरासाड़ी गांव निवासी अंकित त्रिवेदी ने 31 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष को संबोधित अपना इस्तीफा पत्र जारी कर पदमुक्त करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हाल ही में हुए बिहार विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर संगठन के निदेर्शानुसार कार्य करने के उद्देश्य से वह अपने वर्तमान पद से इस्तीफा दे रहे हैं। अंकित त्रिवेदी के इस अचानक इस्तीफे के बाद स्थानीय राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संगठन उनके इस फैसले पर क्या निर्णय लेता है।

विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में दो युवक घायल

कल्याणपुर एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि घायलों की पहचान मथुरापुर गांव निवासी रंजन कुमार और कोयलाम गांव निवासी मनीष कुमार के रूप में की गई है। पुलिस को घटनाओं की सूचना दे दी गई है और दोनों मामलों में छानबीन की जा रही है।

ई. अभिषेक आनंद बने छात्र जदयू के समस्तीपुर जिलाध्यक्ष, कार्यकताओं ने जताई खुशी

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर निवासी ई. अभिषेक आनंद को समस्तीपुर जिला छात्र जदयू का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बिहार प्रदेश छात्र जनता दल यूनाइटेड, पटना की ओर से जारी मनोनयन पत्र के बाद क्षेत्र के छात्र जदयू कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। कार्यकताओं ने इस मनोनयन को संगठन के लिए एक ऊजार्वान और उत्साहवर्धक कदम बताया है। अभिषेक आनंद के जिलाध्यक्ष बनने पर कल्याणपुर विधायक महेश्वर हजारी, समस्तीपुर विधायक अश्वमेघ देवी, संजीत कुशवाहा, शंकर महतो, वीरेंद्र सिंह उर्फ वीर बाबू, मुकेश कुमार, दुर्गेश राय, विशाल कुमार, अंकित कुमार, कुंदन कुमार गुड्डू, मो. तबरेज और शुभकांत ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं ने बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिले में छात्र संगठन को एक नई मजबूती मिलेगी।

जनगणना 2027 : द्वितीय चरण के प्रथम बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

समस्तीपुर एनएसबी । भारत जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणन) के निमित्त जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं शासकीय सेवकों के प्रथम बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दिनांक 31.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे अनुमंडलीय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को जनगणना कार्य में सटीकता, गोपनीयता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन व प्रशिक्षण में उपस्थित पदाधिकारियों एवं शासकीय सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी : कुलपति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई



पूसा एनएसबी । डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. पीएस पांडेय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सामूहिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर भ्रष्टाचार रोकने के प्रति सजग रहने की अपील की।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय और केंद्र स्तर पर भ्रष्टाचार के निवारण के लिए उचित फोरम बनाए गए हैं। सभी कर्मचारियों को समर्पित भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्हें यह भी समझना चाहिए कि उन्हें मिलने वाला वेतन समाज के लोगों के योगदान से आता है। ऐसे में अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह और ईमानदार रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को सौंपे गए दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विश्वविद्यालय विभिन्न रैंकिंग में भी शीर्ष संस्थानों में शामिल हो रहा है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीके प्रणव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय में पारदर्शी कार्यप्रणाली विकसित की गई है। फाइलों का निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है, जबकि टेंडर सहित अन्य खरीद प्रक्रियाएं भारत सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर सतर्क रहते हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में टेक्निकल सेल के प्रभारी डॉ. रवीश चंद्रा एवं सतर्कता अधिकारी डॉ. साहू ने भी अपने विचार रखे। समारोह में विश्वविद्यालय के सभी डीन, वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शनिवार को समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर चौक स्थित इंदिरा गांधी स्मारक स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा पूर्व गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सह पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा स्मारक कमिटी, विशनपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा स्मारक कमिटी के अध्यक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता ठाकुर मनोज भारद्वाज, संचालन कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रंजन शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह समस्तीपुर नगर निगम की मेयर अनीता राम ने दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि, भारत रत्न इंदिरा गांधी भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि एक सशक्त और दृढ़ निश्चयी अंतरराष्ट्रीय नेत्री थीं। उन्हें पूरी दुनिया में आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अमेरिका की आंखों में आँखें डाल कर 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का निर्माण कराया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स की समाप्ति और हरित क्रांति जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने देश की आर्थिक स्वायत्तता, एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा।

अपने सम्बोधन के क्रम में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रंजन शर्मा तथा इंदिरा स्मारक कमिटी के अध्यक्ष ठाकुर मनोज भारद्वाज ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश की 562 छोटी-बड़ी रियासतों को एकीकृत कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इसीलिए उन्हें लौह पुरुष और भारत के बिस्मार्क के रूप में याद किया जाता है। देश की एकता और अखंडता के सूत्रधार भारत रत्न सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में दोनों महान नेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री देविता देवी गुप्ता, परमानंद मिश्र, आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मना चिराग पासवान का जन्मोत्सव समारोह



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने की। इस शुभ अवसर पर पार्टी के उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी तथा उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां वितरित कीं।

इस दौरान सभी कार्यकताओं ने श्री पासवान के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की मंगलकामना की। जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने कहा कि, चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। उनका संकल्प ह्वबिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्टह्व बिहार के विकास एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत है। मौके पर जिला प्रधान महासचिव राजकिशोर हजारी, जिला प्रवक्ता नीरज भारद्वाज, युवा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष मुकेश सिंह, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जय किशोर पोद्दार, नगर अध्यक्ष शुसांत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम पासवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, रिना सहनी, सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर बच्चों ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की दिखी झलक

विद्यापतिनगर एनएसबी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में शनिवार को विशेष जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न धर्मों की पारंपरिक वेशभूषा एवं प्रतीकात्मक मुखौटों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, धार्मिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। गतिविधि के दौरान हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदायों की वेशभूषा में सजे चार बच्चों ने एक साथ खड़े होकर ह्यएक भारतश्रेष्ठ भारतह्न की भावना को प्रदर्शित किया। बच्चों ने संदेश दिया कि धर्म, भाषा और संस्कृति अलग-अलग होने के बावजूद सभी की राष्ट्रीय पहचान एक है। हम सभी भारतीय हैं और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी गई। बताया गया कि स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधान शिक्षक मो. मेराज ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान देने के साथ उनमें सामाजिक सद्भाव, समानता, बंधुत्व और राष्ट्रीय एकता जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है। सभी धर्म प्रेम, शांति और मानवता का संदेश देते हैं। इसलिए बच्चों को बचपन से ही जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे की आस्था एवं संस्कृति का सम्मान करने की सीख दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है।

पंच पति की गोली मार कर हत्या



सरायरंजन एनएसबी। शुक्रवार की देर शाम रायपुर बुजुर्ग पंचायत के पंच के पति सुबोध राय की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में नाराजगी थी, जो शनिवार को सड़क जाम और प्रदर्शन के रूप में सामने आया जब आक्रोशित लोगों ने बरूणा पुल चौक पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। सड़क जाम के कारण चौक के दोनों तरफ छोटीझबड़े वाहनों की कतारें लग गई। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सुबोध राय की हत्या में शामिल बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। इसके अलावा प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने बरूणा पुल चौक और आसपास के गांवों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाए, ताकि ग्रामीण भयमुक्त होकर रह सकें। जाम की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर सड़क यातायात बहाल कराया।

गन्ना किसानों को बड़ी सौगात, 17 यंत्र बैंकों की स्थापना को स्वीकृति

गन्ना उद्योग मंत्री ने चीनी मिल, एफपीओ एवं एटीएसपी को वितरित किए स्वीकृति पत्र





गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के सिधवलिया भारत शुगर मिल में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार द्वारा 17 यंत्र बैंकों की स्थापना के लिए चीनी मिल, एफपीओ एवं एटीएसपी के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बरौली एफपीओ के संचालक श्री रतिकांत पाण्डेय को यंत्र बैंक की चाबी भी प्रदान की गई। प्रत्येक यंत्र बैंक की स्थापना के लिए परियोजना लागत का 80 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 8 लाख रुपये तक, प्रदान किया जाना है। इस पहल से गन्ना किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा खेती की लागत एवं श्रम संबंधी कठिनाइयों को कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान गोपालगंज जिले में गन्ना नर्सरी की स्थापना के लिए दो सामान्य वर्ग एवं दो अनुसूचित जाति के किसानों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। माननीय मंत्री द्वारा उपेन्द्र कुमार एवं राकेश राय को गन्ना नर्सरी स्थापना हेतु स्वीकृति पत्र सौंपे गए। गन्ना नर्सरी स्थापना के लिए 15 लाख रुपये की परियोजना लागत पर 75 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 11 लाख 25 हजार रुपये तक, देय है। इस अवसर पर सिधवलिया चीनी मिल के महाप्रबंधक विकास कुमार त्यागी, गन्ना उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुबोध कुमार सुधांशु, ईख पदाधिकारी श शिवशंकर आजाद सहित भारत शुगर मिल के अन्य पदाधिकारी एवं चीनी मिल से जुड़े लगभग 100 किसान उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गोपालगंज में आयोजित हुई नशा मुक्ति मिनी वॉकाथोन, 450 से अधिक युवाओं ने लिया भाग





गोपालगंज, (दैनिक नवसंदेश) सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर माय भारत, गोपालगंज एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्ति मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। बिहार राज्य में इस विशेष आयोजन के लिए गोपालगंज जिले का चयन किया गया था। मिंज स्टेडियम, गोपालगंज से प्रारंभ हुई इस मैराथन में 450 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की गरिमामयी उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार एवं जिला युवा अधिकारी शशांक मित्तल भी उपस्थित रहे। अधिकारियों के साथ 450 से अधिक युवाओं ने नशे के विरुद्ध सामूहिक रूप से शपथ ली। माय भारत, भारतीय खेल प्राधिकरण, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय और सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बारिश के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 वीं जयंती गया जिला जदयू कार्यालय में धूमधाम से मना

गयाजी (एनएसबी)। लौह पुरुष, भारत रत्न एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर गया जिला जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में भव्य एवं गरिमामय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला जदयू अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने की।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी लोगों ने उनके महान व्यक्तित्व, अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के शिल्पकार और राष्ट्रीय एकता के सबसे बड़े प्रतीक थे। स्वतंत्रता के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराकर उन्होंने अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनकी दूरदर्शिता, राजनीतिक कौशल और दृढ़ नेतृत्व के कारण भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सका। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी का संपूर्ण जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। देश की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बनाए रखना हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अजय कुशवाहा ने आगे कहा कि आज के समय में सरदार पटेल जी के विचार और भी प्रासंगिक हैं। समाज में जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करना आवश्यक है। हमें उनके आदर्शों को केवल जयंती समारोह तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि अपने व्यवहार और सामाजिक जीवन में भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) सामाजिक न्याय, समावेशी विकास, सामाजिक सद्भाव और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की विचारधारा में विश्वास रखता है। सरदार पटेल जी के राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जदयू नेता मधुसूदन राय,अवध बिहारी पटेल, अलेक्जेंडर खान,विनोद कुमार,धनंजय शर्मा,अरुण राव, ज्योति दांगी,बृजराज पांडे, कैलाश पासवान, पप्पू दांगी, मितम्बरा लोहड़े,दिनेश सिन्हा, प्रभात राउत, विनोद यादव,सियाराम मिश्रा , दयानंद विश्वकर्मा,रामबली बिंद,संजीव कुमार, अमरजीत कुशवाहा, गौतम पटेल, अमित कुमार,अमरनाथ राय,सीमा गुप्ता,कुंदन चौधरी, एवं वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

भारी मात्रा में शराब बरामद

गयाजी (एनएसबी)। शहर के नौआगढी मोहल्ला मे पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अबैध शराब बरामद किया हैं। पुलिस पुलिस मामले के छानबीन में जुटी है । बताया जाता है कि पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गया पुलिस ने की पहल

गयाजी। दिनांक 31.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में गया जिले के सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गणमान्य व्यक्तियों एवं युवाओं के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं युवाओं को राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही, देश की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाने तथा समाज में शांति, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।



आगामी कालचक्र पूजा को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक 31.10.2026 को बोधगया स्थित बीटीएमसी सभागार में आगामी कालचक्र पूजा के मद्देनजर पर्यटन व्यवस्था, महाबोधि मंदिर एवं उसके आसपास की यातायात व्यवस्था तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, जिलाधिकारी, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा, सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

टिकारी अनुमंडल में नशे के कारोबार पर सवाल, लगातार बरामदगी से बढ़ी चिंता

टिकारी। शिक्षा और पहलवानी की पहचान रखने वाला टिकारी अनुमंडल अब अवैध नशे के धंधे के लिए चर्चा में आने लगा है। लगातार हो रही गांजा बरामदगी ने इस धंधे की जड़ों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला कोंच थाना क्षेत्र का है, जहां शुक्रवार को कौड़िया गांव के पास गया-गोह मुख्य मार्ग से पुलिस ने 1 क्विंटल गांजा लदा ट्रक जब्त किया। चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। बरामद गांजे की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गया-गोह और कोंच-पंचानपुर मार्ग नशा तस्करों के लिए कॉरिडोर बनता जा रहा है। ट्रक और पिकअप वाहनों के जरिए खेप इधर से उधर भेजी जाती है। पिछले कुछ महीनों में इस क्षेत्र में गांजा और अवैध शराब की कई खेप पकड़ी जा चुकी हैं। सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा इस क्षेत्र में कहां से आ रहा है और इसकी आपूर्ति कहां की जा रही है? क्या इसके पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है? इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक रंजन का कहना है कि पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश की जा रही है। जरूरत है कि पुलिस अधीक्षक स्तर पर टिकारी अनुमंडल में नशे के इस नेटवर्क पर विशेष अभियान चलाकर इसकी जड़ पर प्रहार किया जाए, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके।

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान का मनाया जन्मदिन

अरवल (एनएसबी)। जिला मुख्यालय के आनंद विहार रिसॉर्ट मे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष करोड़ो कार्यकत्ताओं के प्रेरणास्रोत ,भारत सरकार के केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन सैकड़ो कार्यकताओं ने केक काटकर उत्साह एवं उंमग के साथ कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया । जन्मदिन समारोह की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया , उन्होंने जन्मदिन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को बिहार के आम अवाम मुख्यमंत्री के रूप में लोग देख रहे है । बिहार फर्स्ट -- बिहारी फर्स्ट विजन से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग पार्टी से जुड़ रहे है । केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन देश ही नही बल्कि विदेशों में भी शुभचिंतकों के द्वारा जन्मदिन उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया । जन्मदिन समारोह में जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला उपाध्यक्ष रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला सचिव भोला पासवान , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , कलेर प्रखंड एजाज अहमद , कुर्था प्रखंड अध्यक्ष नूतन भाष्कर , पंकज कुमार , शरद प्रकाश , सूर्य कुमार , बृजा पासवान सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से शामिल हुए ।



स्टैच्यू ऑफ यूनिटी गई बिहार के 1200 सामाजिक कार्यकताओं की टोली



बिहार से गए लोग।

अरवल(एनएसबी)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर से ह्यसंकल्प से सिद्धि तकह्ण अभियान के तहत 31 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ह्यनक्सल मुक्त भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारतह्ण का संदेश देने के उद्देश्य से बिहार के 22 नक्सल प्रभावित जिलों से करीब 1200 सामाजिक कार्यकताओं की टोली गुजरात के एकता नगर पहुंची। यहां सभी ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और नक्सलवाद मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद एवं बिहार भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक, पंचायती राज प्रकोष्ठ आनंद कुमार चंद्रवंशी ने भी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा निर्माण के लिए चलाए गए राष्ट्रव्यापी लौह संग्रह अभियान में उन्होंने भी योगदान दिया था। ऐसे में आज उसी प्रतिमा को करीब से देखने और स्पर्श करने का अवसर मिलना उनके लिए भावुक एवं गौरवपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और मजबूत राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ण का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देंगे।

चलती ट्रेन से गिर रही महिला का जान बचाई

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक-31.10.26 को गाड़ी संख्या 13553 आसनसोल-वाराणसी फास्ट पैसेन्जर गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर 14:22 बजे आयी और अपने निर्धारित ठहराव के बाद अपने गन्तव्य को धीरे-धीरे प्रस्थान करने लगी उक्त गाडी को स्टेशन पर तैनात प्र0आ0 सुजित कुमार सिंह ने निगरानी करते हुए पास कराने लगे तथा चलती गाडी मे यात्रियो को चढने से मना करते हुए धीरे-धीरे चल रही गाडी पर निगरानी रख रहे थे तथा गाडी के साथ-साथ धीरे-धीरे आगे के तरफ बढ रहे थे। इसी क्रम मे पार्शल कार्यालय के सामने तीन महिला मना करने के बाद भी चलती गाड़ी में चढ़ने का प्रयास करने लगी तीनो महिला यात्री द्वारा चलती गाड़ी में चढ़ने का प्रयास किया गया, जिसके दौरान एक महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ी तथा तेजी से प्लेटफार्म और चलती गाड़ी के बीच गैप में जाने लगी उक्त यात्री के प्लेटफॉर्म से नीचे गिर जाने तथा चलती गाड़ी की चपेट में आग गई।

बोधगया को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार : डॉ. प्रेम कुमार

ध्यान केंद्र, सड़क, पेयजल, सीवरेज, स्वच्छता एवं पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने पर हुई विस्तृत चर्चा

गयाजी (एनएसबी)। अध्यक्ष, बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार आज पर्यटन के दृष्टिकोण से बोधगया के समग्र विकास हेतु बीटीएमसी सभागार, बोधगया में आयोजित परिचर्चा में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। परिचर्चा में बोधगया को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक विकसित एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं तथा पर्यटकों की सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी एवं बोधगया विश्वस्तरीय धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन स्थल हैं। यहां वर्षभर देश-विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक, तीर्थयात्री एवं बौद्ध श्रद्धालु आते हैं। भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं। हमारा उद्देश्य बोधगया को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना तथा यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से बोधगया में लगभग 163 करोड़ रुपये की लागत से ध्यान केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। सुजाता बाईपास के लिए पुनर्निविदा की प्रक्रिया प्रस्तावित है। दोमुहान फोरलेन, एनएच-82 के घूघड़ीटांड़ से बोधगया तक सड़क निर्माण तथा दुबहल से बोधगया मार्ग की योजनाएं प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने से बोधगया की सड़क संपर्कता बेहतर होगी तथा पर्यटकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 138 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति योजना संचालित है। वहीं लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य भी जारी है। इन योजनाओं के माध्यम से बोधगया में स्वच्छ पेयजल एवं बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। परिचर्चा के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया में प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा एवं शहर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए भिक्षावृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर ठोस पहल करनी चाहिए। उन्होंने पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित कर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा सड़क किनारे लगने वाले दुकानदारों के लिए उचित स्थान पर वेंडिंग जोन बनाने की आवश्यकता बताई। इससे यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और स्थानीय दुकानदारों को भी व्यवस्थित रूप से रोजगार करने का अवसर मिलेगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का दो दिवसीय आयोजन संपन्न



सम्मान ग्रहण करते प्रतिभागी।

30 विद्यालयों के 94 प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित

अरवल (एनएसबी)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, अरवल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का दो दिवसीय आयोजन इंडोर स्टेडियम, अरवल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष युवा उत्सव का मुख्य विषय 'विकसित भारत एवं नशा मुक्त भारत' रखा गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, सांस्कृतिक प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के कुल 30 विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कुल 94 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें लोक समूह गायन में 52, लोक समूह नृत्य में 32 तथा चित्रकला प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त युवाओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन का भी आयोजन किया गया। युवा उत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना, स्थानीय कला एवं संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना तथा युवाओं में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा नशामुक्त समाज की स्थापना का संदेश भी दिया गया। प्रतियोगिताओं के परिणाम एवं विजेता प्रतिभागियों का विवरण निम्नवत है- लोक नृत्य प्रतियोगिता लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति एवं पारंपरिक नृत्य कला की झलक प्रस्तुत की। प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, जयपुर, कलेर। विजेता प्रतिभागी आनंदी, खुशी, सुरुचि, प्रिया, पल्लवी, साक्षी, नीतीश कुमार एवं आकाश कुमार। द्वितीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, फखरपुर। विजेता प्रतिभागी चंदन कुमार, मुन्ना कुमार, राकेश कुमार, सनी कुमार, आनंद कुमार, पप्पू कुमार, पुष्पजीत कुमार, आशीष कुमार, शंभू कुमार एवं प्रिंस कुमार। तृतीय स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, किंजर। विजेता प्रतिभागी तन्वी कुमारी, रिद्धि कुमारी, काजल कुमारी, समीक्षा कुमारी, पलक मल्होत्रा, श्रेया गुप्ता, शुभम, हंसराज, काजल कुमारी एवं गीतांजलि राज। लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता में विद्यालयों की टीमों ने सामूहिक समन्वय, तालमेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय, करपी। विजेता प्रतिभागी गुड़िया कुमारी, पिंकी कुमारी, आरती कुमारी, खुशी कुमारी, रानी कुमारी, अंशु कुमारी एवं प्रीति कुमारी। द्वितीय स्थान पीएम श्री उच्च विद्यालय, रोहाई। विजेता प्रतिभागी नंदनी कुमारी, सपना कुमारी, काजल कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियांशु कुमारी, रिया कुमारी, अंजली कुमारी एवं छोटेलाल ।चित्रकला प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूनम कुमारी बालिका उच्च विद्यालय, अरवल। द्वितीय स्थान सौरभ कुमार उच्च विद्यालय, कुर्था। तृतीय स्थान अर्चना कुमारी उच्च विद्यालय, बेलसार। नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन का आयोजन दो दिवसीय युवा उत्सव के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं कविता लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, नशे के दुष्परिणामों एवं

महाबोधि मंदिर परिसर का जिला पदाधिकारी ने किया विस्तृत निरीक्षण साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



गयाजी (एनएसबी)। बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर परिसर में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा मंदिर परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर की संपूर्ण साफ-सफाई, दीवारों की पेंटिंग एवं रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था, परिसर में अवस्थित तालाबों की सफाई, आवश्यक स्थानों पर साइनेज लगाने, शौचालयों की स्वच्छता, टूटे हुए टाइल्स की मरम्मत तथा परिसर में उगी झाड़ियों एवं अनावश्यक वनस्पतियों की सफाई सहित विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर के संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षक एवं एकरूप रंग-रोगन कराया जाए, ताकि मंदिर परिसर का सौंदर्य और अधिक निखरे तथा यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो।जिला पदाधिकारी ने साफ-सफाई की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए। परिसर के किसी भी हिस्से में कूड़ा-कचरा, गंदगी अथवा जलजमाव की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि साफ-सफाई की व्यवस्था केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इसका नियमित अनुश्रवण भी किया जाए। शौचालयों की स्वच्छता, तालाबों की सफाई तथा परिसर के सभी सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर में प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर की स्वच्छता, सुंदरता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि पर्यटकों को कहीं भी थोड़ी-सी भी गंदगी देखने को नहीं मिले।

प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से रात्रि में महाबोधि मंदिर के शीर्ष भाग (गुंबद) पर की जाने वाली आकर्षक रोशनी की व्यवस्था का जानकारी लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि मंदिर के गुंबद पर पड़ने वाली आकर्षक रोशनी के संचालन की समयावधि बढ़ाई जाए तथा यह रोशनी पूरी रात जलती रहे। इससे रात्रि के समय दूर से भी महाबोधि मंदिर की भव्यता एवं सुंदरता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर बोधगया की अंतरराष्ट्रीय पहचान एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र है।

निमार्णाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का डीएम ने क्या निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने करपी प्रखंड के झिकटिया में निमार्णाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा करपी प्रखंड अंतर्गत झिकटिया में निमार्णाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल का भ्रमण कर संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से योजना की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों, निर्माण की गुणवत्ता, उपलब्ध कराई जा रही आधारभूत सुविधाओं तथा कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्रियों एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य संपादित किए जाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित प्राक्कलन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक शिथिलता या लापरवाही नहीं बरती जाए। साथ ही, निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण क्षेत्र के युवाओं एवं खेल प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना साबित होगा। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने, अपनी प्रतिभा को निखारने तथा विभिन्न खेल विधाओं में अभ्यास करने के लिए बेहतर अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। ग्रामीण क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार होने से खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। जिला पदाधिकारी ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन अरवल द्वारा जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं युवाओं के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मगध विवि में नई परंपराः सेवानिवृत्ति के दिन ही दो प्राचार्यों को सौंपा गया पीपीओ कुलपति ने किया सम्मानित



गयाजी (एनएसबी)। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में शनिवार को दो अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी और कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम् ने आर.एल.एस.वाई. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण रजक और एस.एन. सिन्हा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघन प्रसाद को सेवानिवृत्ति के दिन ही उनका पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया। विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारियों ने दोनों सेवानिवृत्त प्राचार्यों को सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी के कार्यकाल में विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कड़ाई से सुनिश्चित किया है कि किसी भी सेवानिवृत्त शिक्षक अथवा शिक्षकेतर कर्मचारी को अपनी पेंशन और देयकों के लिए कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े।

संक्षिप्त खबरें

पुलिसकर्मियों द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन

हाजीपुर/एनएसबी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली के आदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) के नेतृत्व में पुलिस केंद्र, हाजीपुर से रामाशीष चौक तक सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों



एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करना तथा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेना था।

तख्त साहिब में सजा दीवान, संत समागम पर सजा विशेष, शबद कीर्तन



पटना सिटी/एनएसबी। संत बाबा अजीत सिंह की 14 वीं स्मृति पर्व पर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में विशेष दीवान का आयोजन हुआ. विशेष दीवान आरंभ होने से पहले चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ. इसके उपरांत कथा वाचक ज्ञानी दलजीत सिंह ने संत के जीवन दर्शन पर कथा की. तख्त साहिब के रागी जत्थों में भाई हरभजन सिंह,भाई ज्ञान सिंह,अरविंद सिंह निगरुण व बिक्रम सिंह,आशा दी वार भाई जगत सिंह व शबद कीर्तन भाई हरजीत सिंह व सोदर चौकी हरभजन सिंह ने की. विशेष दीवान का समापन तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने अरदास,हुकूमनामा व शस्त्र दर्शन कराया. आयोजन में पदधारक व संगत शामिल हुए.

याद किया पटेल व प्रियदर्शिनी को

पटना सिटी/एनएसबी। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी आयरण लेडी इंदिरा गांधी की स्मृति पर्व पर अलग अलग कार्यक्रम हुए. कांग्रेस के पूर्व सचिव डॉ विनोद कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद मनोज मेहता,राजेश कुमार पासवान, विनोद गांधी, मनीष मेहता, हरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, रवि रंजन, गौतम कुमार, रामेश्वर पासवान, दीनदयाल मेहता, मो फखरु द्दीन, मो जावेद समेत अन्य शामिल हुए. कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठके अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में मालसलामी में जयंती मनी. इसमें टुनटुन शर्मा, श्याम यादव, मनोज कुमार, टिंकू कुमार, सुमित कुमार, कृष्ण कुमार शामिल हुए. बच्चों में पाठ सामग्री बांटी गयी.

उर्दू गजल के रंग पर संगोष्ठी

पटना सिटी/एनएसबी। उर्दू गजल के रंग पर किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित हुई. संगोष्ठी का उद्घाटन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो डॉ अबू बकर रिजवी ने करते हुए कहा कि उर्दू गजल अदब की आबरू है. संगोष्ठी में पूर्व कुलपति प्रो डॉ. एजाज अली अरशद,मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो डॉ अशोक कुमार ने भी विचार रखे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार ने की. कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रो उमेश कुमार ने की. आयोजन में उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो अब्बास, प्रो डॉ शाइस्ता अंजुमन नूरी, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ मो शहाबुद्दीन, अजय सिंह चप्पू समेत विश्वविद्यालय व कॉलेज के शिक्षक,कर्मी व विद्यार्थी उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में लौहपुरु ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया. वहीं सद्भावना एकता रैली निकाली गयी. वक्ताओं ने कहा कि गजल केवल प्रेम और भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का खूबसूरत माध्यम है.

विजय श्री सम्मान समारोह कल

पटना सिटी/एनएसबी। अधिवक्ता संघ के सत्र 2026-28 के निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों के शपथग्रहण सह विजय श्री सम्मान समारोह का आयोजन गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में सोमवार दो नवंबर को होगा. संघ के नव निर्वाचित महासचिव संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अधिवक्ता संघ के भवन में यह आयोजन किया गया है. इसमें निर्वाचित अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रस्तावित समारोह में अधिवक्ताओं के अलावा न्यायिक पदाधिकारी भी शामिल होंगे.

रेडियोथेरेपी विभाग ने आयोजित की ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

पटना सिटी/एनएसबी। एनएमसीएच के ऑडिटोरियम में ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ अनिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. जिसका उद्घाटन कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो उषा कुमारी ने की. आयोजन में अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रो राजीव रंजन सिन्हा, उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कैंसर से बचाव की जानकारी भी दी. कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि पद्मश्री सुधा वर्गीस ने महिलाओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और डॉ निभा मोहन ने महिलाओ को वर्ष मे एक बार मेमोग्राफी कराने पर बल दिया. कार्यक्रम में डॉ दीप्ति राय,एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ मुकुल कुमार सिंह,डॉ बिजॉय कुमार,डा सत्येंद्र शर्मा,डा मोतीलाल दास,डॉ अलख निरंजन व डा मनोवर समेत अन्य चिकित्सक व पीजी स्टूडेंट शामिल थे. आयोजन में अस्पताल के मरीजों व परिजनों को भी कैंसर से बचाव के लिए जागरूक किया गया.

तख्त साहिब में अखंड पाठ

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में संत बाबा ज्ञानी अजीत सिंह की स्मृति में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ शुक्रवार को भी चला. तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिह की देखरेख में चल रहे अखंड पाठ का समापन शनिवार को होगा. उसी दिन विशेष दीवान सजेगा. इसमें शबद कीर्तन और कथा वचन के बीच संत समागम होगा.

भाजपा नेताओं ने पूर्व सांसद के निधन पर जताया दुख

पटना सिटी/एनएसबी। पटना साहिब के भाजपा नेताओं ने पूर्व सांसद आरके सिन्हा के निधन पर दुख जताते हुए कहा है कि उनका निधन राजनीतिक व सामाजिक जगत की अपूरणीय क्षति है. पूर्व सांसद के निधन पर विधायक रतनेश कुमार,किरण ऑटो मोबाइल्स के निदेशक सह वाणज्यि मंच के सह संयोजक नितिन कुमार रिंकू, प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्र,महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता,प्रवक्ता राजेश साह,प्रदीप काश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा व महासचिव संजय कुमार सिन्हा, सुरेश सिंह पटेल,संजय सिंह, अविनाश पटेल, लड्डू चंद्रवंशी,पंकज कुमार गुप्ता,गुंजन कुमार, विनोद शौडिंक,शंकर चौधरी,आदि चित्रगुप्त मंदिर के प्रधान सचिव सुदामा सिन्हा समेत अन्य ने दुख जताया है.

चिराग पासवान के 44वें जन्मदिन पर हाजीपुर में धूमधाम से मना जश्न, केक काटकर दी गईं शुभकामनाएं



हाजीपुर/एनएसबी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी के 44वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज जिला कार्यालय, सुल्तानपुर इंडस्ट्रीज एरिया, हाजीपुर में भव्य रूप से जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वैशाली जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अपने प्रिय नेता का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने वैशाली जिला इकाई की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान जी केवल हमारे नेता ही नहीं, बल्कि हमारे आदर्श और देश के करोड़ों युवाओं की उम्मीद एवं प्रेरणा के प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण से पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। हम सभी उनके विकसित बिहार और सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी गुड्डू कुमार जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि जन्मदिन समारोह में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं तथा अपने लोकप्रिय नेता के उज्ज्वल भविष्य और लंबी आयु की कामना की।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव श्री हरिहर पासवान, रणविजय चौरसिया, संगीता सिंह , पवन राज, राकेश पासवान, मुकेश पासवान, संतोष स्वराज, पंकज साह, संजय चौधरी, देवाशीष शुक्ला, वर्षा कुमारी, रिंकू कुमारी, श्रुति प्रिया, हाजीपुर प्रखंड अध्यक्ष नौशाद खां, प्रमोद पासवान, कबीर कुमार, सोनू कुमार, मुकेश साह ,पंकज झा, गणेश सिंह, रामावतार पासवान, अविनाश कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, रौनक कुमार, राजीव निराला, विवेक चौधरी, अमरेश सिंह, विशेश्वर पासवान, अजीत चंद्रवंशी सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संत जोसेफ स्कूल सिंघाड़ा में एकता दिवस के मौके पर किया गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



महुआ/एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के संत जोसेफ स्कूल सिंघाड़ा में एकता दिवस के मौके पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। वहीं इस मौके पर छात्र छात्राओं ने एकता दिवस के रूप में शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि हम सभी भारतीय एक है और पूरे एकता के साथ सबों के साथ मिलजुल कर रहेंगे वहीं अपने घर,परिवार, विद्यालय के साथ-साथ समाज में भी एकता एवं भाईचारे का संदेश फैलाएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक भारतीय संस्कृति की एकता को बढ़ावा देने को लेकर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति करते हुए भारतीय एकता का संदेश दिया। जिसे देखकर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ कई गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सचिव सत्येंद्र सिंह, प्रबंधक सीमा सिंह ,प्राचार्य विवेक कुमार के साथ-साथ विद्यालय के दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैंकड़ों छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। वही इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कई अन्य विद्यालयों में भी एकता दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि की सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के मौके पर 31 अक्टूबर को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



गोरौल/एनएसबी। विभागीय निर्देश के आलोक में गोरौल प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कोरीगाँव मे अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में की गई।संगोष्ठी के थीम स्वच्छता ही संस्कृति पर चर्चा की शुरूआत करते हुए प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने उपस्थित अभिभावकों से स्वच्छता ही सेवा को अपनाने का निवेदन किया। साथ ही अपने-अपने बच्चों को प्रतिदिन स्नान करवा कर साफ सुथरा पोशाक में विद्यालय भेजने का भी निवेदन किया।

मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई को लेकर विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। वर्ग शिक्षिका विभा कुमारी ने बच्चों के शैक्षिक प्रगति से अभिभावकों को अवगत करवाया।वहीं शिक्षक राजीव रंजन ने अभिभावकों से निवेदन किया कि बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजें एवं जो गृह कार्य दिया जाता है उसको घर पर पूरा करवाने में बच्चों का सहयोग करें।प्रधान शिक्षक ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे प्रतिदिन शाम में घर पर एक घंटा पढ़ाई कर सके ऐसी व्यवस्था आप लोगों को करनी चाहिए। बैठक में अभिभावक संतोष कुमार, गुड्डू कुमार, सरिता देवी, ललिता देवी, शांति देवी,अवथेश कुमार,पिंकी कुमारी, सविता कुमारी, रूपा देवी सहित अन्य शामिल हुए।

काव्य गोष्ठी में याद किये गए बटोहिया गीत के रचयिता रघुवीर नारायण

पटना सिटी/एनएसबी। 'भोजपुरी सरधा मंच-राष्ट्रीय' की मासिक ऑनलाइनभी काव्य-गोष्ठी में बटोहिया गीत के रचयिता रघुवीर नारायण की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने भोजपुरी में अपनी रचनाओं का पाठ करते हुए कहा कि रघुवीर नारायण को भोजपुरी भाषा का शेक्सपियर कहा जाता था। बटोहिया जैसे गीत की रचना से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली । गोष्ठी की अध्यक्षता प्रमिला 'श्री' तिवारी ने की। इस अवसर पर पंडित जगदीश नारायण ओझा,नंद कुमार मिश्र "नक्कू मझव्वी", संजय सिंह चंदन, सुश्री श्वेता सिंह, रिंकू दुबे वैष्णवी,, पांडेय सरिता राजेश्वरी, श्वेता चौबे,, राघव पांडेय, उमेश तिवारी, दुर्गा मिश्र, गोविंद कुमार मिश्र,, कुमार संजीव, लाखन सिंह, विनोद सिंह, अनिल सिंह , डाक्टर शैलेश सिंह 'शौर्य' आदि ने भोजपुरी में अपनी रचनाओं का पाठ किया ।

सेवानिवृत शिक्षक के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

महुआ/एनएसबी। पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघाड़ा, सीआरसी प्रखंड महुआ, जिला वैशाली मे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर सिंघाड़ा महेश प्रसाद सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया ।सर्वप्रथम विद्यालय परिवार के ओर से पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर महेश प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया।तत्पश्चात बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पंकज कुशवाहा, उपाध्यक्ष ललित दास के द्वारा उन्हें पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।साथ ही साथ प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास,कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा सचिव अरुण कुमार, उपाध्यक्ष अमित कुमार,वैशाली उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर रामबालक राय ,उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण कुमार मध्य विद्यालय कन्या के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार,पूर्व बि आर पी सलाउद्दीन ,उच्च माध्यमिक विद्यालय बालूघाट के प्रधानाध्यापक उमेश साह , शिक्षक अरविंद कुमार , पुस्तकालय अध्यक्ष सुरेश कुमार उच्च माध्यमिक विद्यालय सुपौल टरिया के प्रधानाध्यापक जगन्नाथ कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघाड़ा के शिक्षिका विशाखा प्रियदर्शनी,ममता कुमारी ,नेहा कुमारी, अनिता कुमारी रूबी मुस्कान ,जंदाहा प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर देढ़पुरा के शिक्षक अजीत कुमार द्वारा संचालन किया गया ।अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विज्ञान स्वरूप सिंह के द्वारा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक के लंबी उम्र एवं स्वस्थ रहने की कामना की गई और उनके द्वारा किए गए कार्यों को उपस्थित शिक्षक को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी गई ।बिहार सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है ।प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्नत शिक्षा ,कौशल युक्त ,शिक्षा एवं समावेशी शिक्षा के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। तभी जाकर आज के बच्चे कल के भारत के भविष्य होंगे।श्री महेश बाबू के द्वारा 20 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न विद्यालय में प्रधानाध्यापक एवं सीआरसी का कार्य सफलतापूर्वक निर्वहन किया जो अनुक्रनिय है ।उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा उन्हें अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया और उन्हें लंबी उम्र की कामना की गई । अंत में धन्यवाद ज्ञापन कर सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

शिक्षाविद विजय सिंह की पत्नी का निधन

पटना सिटी/एनएसबी। वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद तथा श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल सुधार समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह की धर्मपत्नी शकुंतला देवी का निधन शुक्रवार को देर रात मंगल तालाब के समीप आवास पर हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थी। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार खाजेकलां घाट पर संपन्न हुआ। मुखाग्नि पति विजय कुमार सिंह ने दी। वे अपने पीछे पति विजय कुमार सिंह, दो पुत्र हर्षवर्धन सिंह एवं राजवर्धन सिंह तथा पुत्रवधु अनामिका राय के साथ भरापुर कुनबा छोड़ गईं हैं। शवयात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के राजनेता, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, स्थानीय नागरिक आदि शामिल हुए और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

महनार में सुधा डेयरी की समिति ने 191 पशुपालकों को बांटे डेढ़ लाख रुपये

महनार/एनएसबी। सुधा डेयरी पटना के अंतर्गत वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा संचालित फटिकबारा पूर्वी दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के पशुपालकों के बीच वर्ष 2025-26 के प्रथम बोनस का वितरण किया गया। समारोह का उद्घाटन डॉ. अजय कुमार राय, प्रबंधक सारहण वीपीएमयू, हेमंत राय, जोनल प्रभारी हाजीपुर डेयरी, अध्यक्ष राजीव सिंह, सचिव अमन कुमार सिंह, प्रो. रामलौलीन राय और सामाजिक कार्यकर्ता मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ गुल्लू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। एक अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 191 पशुपालकों के बीच कुल डेढ़ लाख रुपये वितरित किए गए। सभी को दूध कैन और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। दूध उत्पादन में प्रमोद राय प्रथम, ललित सिंह द्वितीय, बैजू राय तृतीय, विकास कुमार चौथे, गिरिधर सिंह पांचवें, अर्जुन पासवान छठे, सुरेश राय सातवें, जमींदार सहनी आठवें, संगीता सिंह नौवें और नंदकिशोर सिंह दसवें स्थान पर रहे। हेमंत कुमार राय ने पशुपालकों को मिलने वाली आर्थिक सहायता और पशु चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं, मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ गुल्लू सिंह ने महनार में स्थायी कृत्रिम गभार्धान केंद्र खोलने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रामलौलीन राय ने की। मौके पर सम्मी सिंह, अरविंद कुमार ठाकुर, अंकुश कुमार और रामलला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।



स्वर्गीय सच्चिदानंद पाठक प्रतियोगिता ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का समापन

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर के कुशवाहा आश्रम में आयोजित दो दिवसीय ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। खराब मौसम के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ और सभी वर्गों में कड़े मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के टीम इवेंट में बालक वर्ग में जहानाबाद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि पटना दूसरे तथा भोजपुर और कटिहार संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं बालिका टीम वर्ग में भोजपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पटना दूसरे तथा वैशाली और पूर्वी चंपारण की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। एसोशिएशन के महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया की व्यक्तिगत मुकाबलों में

वैशाली टीम को मिला तीसरा स्थान महिला वर्ग में



विजेता खिलाड़ी अंडर-12 बालक एकल वर्ग में अरपित ने प्रथम, वेदांत ने द्वितीय तथा मोहम्मद जैद और ऋषि कुमार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।जबकी अंडर-12 बालिका एकल वर्ग में सबा प्रथम, शिवांशी द्वितीय तथा संस्कृति और सौम्या संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, अंडर-15 बालक एकल वर्ग में आदित्य पुष्कर ने प्रथम, नितिन आनंद ने द्वितीय तथा सौम्यजीत और मंजय मोनल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में आर्या ने प्रथम, प्रन्या ने द्वितीय तथा अन्वी और सलोनी प्रिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर साफ्ट टेनिस एसोशिएशन आफ बिहार के उपाध्यक्ष आलोक आजाद, पटना जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि मेहता, वैशाली जिला सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के सचिव रवि रंजन कुमार सहित विभिन्न जिलों के खेल पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक कश्यप ने किया।इस बात की जानकारी वैशाली जिला सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव रवि रंजन कुमार दी।

संक्षिप्त खबरें

मीरगंज से बथुआ आ रही यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची, टला बड़ा हादसा

बारिश और नमी के कारण धंसी सड़क की मिट्टी, मीरगंज-बथुआ मार्ग पर हादसा

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) मीरगंज से बथुआ यात्रियों को लेकर जा रही एक बस बिरछा बथुआ गांव के मुख्य पथ पर असंतुलित होकर सड़क किनारे लुढ़क गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बताया कि तेज गति से आ रहे एक ट्रक को साइड देने के क्रम में अचानक दूसरा ट्रक ओवरटेक कर सामने आ गया। विपरीत वाहन को बचाने के लिए जब बस को अधिक साइड दी गई, तो बारिश के कारण गीली और नम सड़क की मिट्टी धंस गई। जिससे बस किनारे की खेतों के गढ़े में लुढ़क गई। घटना की सूचना मिलते ही फुलवरिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चालक की तत्परता और सूझबूझ के कारण एक भीषण हादसा टल गया। बस में सवार सभी सुरक्षित यात्री दूसरे वाहन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। बस मालिक को घटना की सूचना दे दी गई है और वाहन को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया जारी है।



जमीनी विवाद को ले मां बेटे का सर फोड़ा

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर थाना क्षेत्र के चैमुखा गांव में जमीनी विवाद को ले मां बेटे को मारपीट कर सर फोड़ दिया।घायल महिला विमला देवी ने अपने ही बगल के मुकेश कुशवाह, दुर्गेश, रमाकांत, गुड्डू ,भीम कुशवाहा तथा संगीता देवी के विरुद्ध गाली गलौज,मारपीट, जानलेवा हमला तथा गले से मंगलसूत्र चोरी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहां है कि वह अपने खेत में काम कर रही थी कि उसी समय उपरोक्त सभी लोग एक राय होकर अपने अपने हाथों में लाठी डंडे एवं लोहे का राड लेकर आए। और गंदी गंदी गालियां देने लगें।मना किया तो मारपीट करने लगे।शोर सुनकर बचाने आए पति बदन कुशवाहा तथा बेटे करन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच भीम कुशवाहा ने हाथ में लिए लोहे के राड से जानलेवा हमला कर दिया जिससे बेटे करण का सर फट गया और लहुलुहान हो जमीन पर गिर पड़ा। जाते-जाते संगीता देवी ने गले से 20 हजार रुपए किमत का मंगलसूत्र खिंच ली। वहीं दूसरी ओर से रमाकांत भगत ने बदन भगत, अर्जून,विपीन,करन,विमवा देवी तथा चन्दा देवी के विरुद्ध मारपीट करने तथा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

सरकारी जमीन पर बने तीन पक्के मकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप, अंचल अधिकारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड के मौजे खजुरी गामें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए तीन पक्के मकानों को हटवाया गया।अंचल प्रशासन की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, खजुरी मौजे में तीन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्के मकानों का निर्माण करा लिया था।सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की जानकारी मिलने के बाद अंचल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया।इसके बाद अंचल अधिकारी मनोरंजन शुक्ला के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की।टीम ने अवैध रूप से किए गए निर्माण को हटवाया। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कुचायकोट थाने की पुलिस भी मौके पर तैनात रही।अंचल अधिकारी मनोरंजन शुक्ला ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

बरगछिया और पकड़ी श्रीकांत में 24 के विरुद्ध अतिक्रमणवाद के तहत नोटिस जारी



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड के राजस्व ग्राम उचकागांव टोला बरगछिया और बैरिया दुर्ग पंचायत के पकड़ी श्रीकांत गांव में सड़क की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों की अब दिक्कत बढ़ने वाली है। दोनों गांव में अतिक्रमण वाद के तहत पैमाइश के आधार पर चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध उचकागांव सीओ विजय कुमार ने नोटिस जारी किया गया। जिसमें उचकागांव प्रखंड के उचकागांव राजस्व ग्राम के बरगछिया टोला निवासी लक्ष्मण प्रसाद, रामाशीष प्रसाद, राजेश प्रसाद और बैरिया दुर्ग पंचायत के पकड़ी श्रीकांत गांव निवासी हीरामन चैधरी, अरविंद यादव, विमल मांझी, सोहनलाल मांझी, बिट्टू कुमार, जितेंद्र कुमार राम सहित 24 लोग शामिल है। अतिक्रमण वाद के तहत नोटिस जारी होने के बाद शनिवार के दिन उचकागांव अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में सभी अतिक्रमणकारियों ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। जिसके बाद सीओ विजय कुमार ने सभी अतिक्रमणकारियों को 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया है।

अर्नब तूफान ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, सैकड़ों एकड़ में धान की फसल बर्बाद

बारिश और तेज हवा से खेतों में गिरी धान की फसल, आलू और सरसों की बुवाई पर भी मंडराया संकट



(गिरे हुए धान का फसल व खेतो में लगा पानी)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) अर्नब तूफान के प्रभाव से हुई लगातार बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है।वहीं, कटाई के बाद खेतों में रखी धान की फसल भी बारिश में भींगकर खराब होने के कगार पर है।शुरूआती आकलन के अनुसार, प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल प्रभावित हुई है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट की आशंका गहराने लगी है।बारिश और तेज हवा के कारण कई खेतों में धान की तैयार फसल जमीन पर गिर गई है। इससे धान की बालियां मिट्टी और पानी के संपर्क में आ गई हैं।खेतों में जलजमाव के कारण किसानों के लिए फसल की कटाई करना भी मुश्किल हो गया है।वहीं, जिन किसानों ने धान की कटाई कर फसल खेतों में रखी थी, उनका धान भी बारिश में भींग गया है।लगातार नमी रहने से धान के दाने काले पड़ने, सड़ने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।तूफान के असर ने आलू और सरसों की खेती करने वाले किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। आलू की बुवाई कर चुके किसानों के खेतों में पानी जमा होने से बीज सड़ने और अंकुरण प्रभावित होने का खतरा है।वहीं, सरसों की बुवाई के बाद हुए जलजमाव से बीज गलने और पौधों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।किसानों का कहना है कि खेती के लिए बीज, खाद, जुताई और मजदूरी पर पहले ही काफी खर्च किया जा चुका है। ऐसे में अचानक मौसम बदलने से उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।यदि जल्द खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई और मौसम अनुकूल नहीं रहा, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।प्रभावित किसानों ने प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

अर्नब चक्रवार्ती तूफान से गिरे फसल, टूटी किसानों की कमर



उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) बंगाल की खाड़ी से चलकर पश्चिम बंगाल होते हुए उत्तर बिहार से होकर गुजरने वाली अर्नब चक्रवार्ती तूफान ने उचकागांव प्रखंड के किसानों की तैयार धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिससे किसानों की कमर टूट गई है। उचकागांव प्रखंड क्षेत्र में गेहूं की कम हुई पैदावार के बावजूद भी किसी तरीके से किसानों ने धान की फसल की बुवाई की थी। परंतु गुरुवार के दिन से आए अर्नब चक्रवार्ती तूफान के कारण प्रखंड के उचकागांव, ब्रह्माईन, मथौली, डोरापुर, सिसवनिया, त्रिलोकपुर, जमसड़, हरपुर, परसौनी खास, नवादा परसौनी, मनबोध परसौनी, दहीभाता, झीरवां, उजरा नारायणपुर, राजापुर, बलेसरा सहित प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की धान की तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। चक्रवाती तूफान के कारण आई तेज हवा से किसानों की अधपकी धान की फसल टूट कर जमीन पर गिर गई है। वहीं शुक्रवार की पूरी रात से लेकर सुबह तक जारी बारिश में किसानों की गिरी हुई फसल डूब कर बर्बाद हो गई है। यह स्थिति तब है कि जब अधिकांश किसानों की फसल 10 दिन के अंदर ही कट कर खेती से घरों तक आने वाली थी। काफी संख्या में किसानों ने चक्रवार्ती तूफान से पहले ही धान की फसल को काटकर सूखने के लिए खेतों में ही छोड़ दी थी, ऐसी फैसले भी पूरी तरीके से बर्षा के पानी में डूबी हुई है। शनिवार के दिन काफी संख्या में किसान पानी में डूबी धान की फसलों को बटोरते नजर आएं। जबकि ऐसी अधपकी फसलें जो 10 दिन के अंदर ही पक कर तैयार होने वाली थी, तेज हवाओं के कारण टूट कर गिरने से पूरी तरीके से बर्बाद हो गई है। जिससे चक्रवार्ती तूफान के कारण किसानों की धान की फसल बर्बाद होने से कमर टूट गई है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी गौरव कुमार वरुण ने कहा कि चक्रवात की समाप्ति के पश्चात किसानों की फसलों की हुई क्षति का आकलन किया जाएगा।

पंचायत सरकार भवनों में मिलेंगी सभी सरकारी सुविधाएं

प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके गांव और पंचायत में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।सरकार की योजना है कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों के लिए सरकारी सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनें, जहां उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड और जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े।यह बातें बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शनिवार को कुचायकोट प्रखंड के बेलबनवा गांव में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।मंत्री ने कहा कि राज्य में निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा बनकर तैयार भवनों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। पंचायतों में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए भी सरकार प्रयासरत है।इसके तहत विभिन्न विभागों में प्रतिनियुक्त पंचायत कर्मियों को उनके मूल विभाग में वापस भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि पंचायतों में कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हो सके।उन्होंने कहा कि पंचायतों के विकास में संसाधनों की कमी बाधा नहीं बनेगी।पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।सरकार की प्राथमिकता है कि पंचायत स्तर पर ही लोगों को अधिक से अधिक सरकारी सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हों।पंचायत चुनाव से जुड़े सवाल पर मंत्री ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से परिसीमन की प्रक्रिया की जा रही है।इसके पूरा होने के बाद चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित समिति पंचायतों के विकास कार्यों का संचालन करेगी।मंत्री शनिवार की शाम करीब पांच बजे बेलबनवां गांव में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।इस दौरान रालोमो के जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, चंद्रिका कुशवाहा, भाजपा नेता उमेश प्रधान, विनय कुमार, धर्मवीर प्रसाद, प्रकाश कुमार उर्फ गुड्डू, राकेश सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा और संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समय पर नहीं पहुंचा मध्याह्न भोजन, छुट्टी के बाद घर लौट गए बच्चे

देर से भोजन पहुंचने पर प्रधानाध्यापकों ने लेने से किया इनकार
एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सरकारी विद्यालयों में बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मध्याह्न भोजन योजना का लाभ समय पर नहीं मिलने से इसकी व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। भोजन आपूर्ति करने वाली एजेंसियों की लापरवाही के कारण विद्यालयों में निर्धारित समय के बाद भोजन पहुंच रहा है।इसका खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।शनिवार को कुचायकोट प्रखंड के मध्य विद्यालय पहाड़पुर और प्राथमिक विद्यालय सोनपुर समेत कई विद्यालयों में दोपहर एक बजे भोजन पहुंचाया गया।तब तक विद्यालयों में छुट्टी हो चुकी थी और बच्चे घर लौट चुके थे।ऐसी स्थिति में प्रधानाध्यापकों ने भोजन लेने से इनकार करते हुए उसे वापस लौटा दिया।बताया जाता है कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन देर से पहुंचने की शिकायत कोई नई नहीं है।प्रधानाध्यापक लगातार इस समस्या को उठाते रहे हैं।शुक्रवार को भी सेमरा पंचायत के कई विद्यालयों में दोपहर दो बजे के बाद भोजन पहुंचने की शिकायत सामने आई थी।इसके बावजूद भोजन आपूर्ति करने वाली एजेंसियों की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है।समय पर भोजन नहीं पहुंचने से बच्चों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।वहीं, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल उठ रहे हैं।इस संबंध में मध्याह्न भोजन योजना के प्रखंड प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि भोजन देर से पहुंचने की शिकायत अब तक किसी शिक्षक ने नहीं की है।यदि इस तरह की शिकायत मिलती है तो वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित एजेंसी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

अनियंत्रित ट्रक ने वृद्ध महिला को कुचला, मौके पर मौत

बैंक से काम निपटाकर पैदल घर लौट रही थीं सदिकन खातून, हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के एन एच-27 पर पोखरभिंडा गांव के समीप शनिवार की शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान नौकाटोला गांव निवासी नथुनी अंसारी की पत्नी सदिकन खातून के रूप में हुई है।हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।मिली जानकारी के अनुसार, सदिकन खातून शनिवार को सासामुसा स्थित बैंक में अपना काम निपटाने के बाद पैदल ही घर लौट रही थीं। इसी दौरान पोखरभिंडा गांव के समीप एनएच-27 पर तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक से कुचल जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कुचायकोट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।महिला के पास मौजूद सामान के आधार पर उनकी पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई।इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया।

गणित और विज्ञान की प्रतिभा को परखने के लिए होगी टैलेंट सर्च परीक्षा

गोपालगंज में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय और सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों में बनाए गए परीक्षा केंद्र

18 नवंबर तक होगा ऑनलाइन आवेदन

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट गोपालगंज जिले के स्कूली विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और गणितीय क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलने जा रहा है। इसके लिए विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार की ओर से श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स-2026 एवं सर सी.वी. रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस-2027 का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय गणित दिवस-2026 और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2027 के अवसर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पटना के तत्वावधान में आयोजित इस परीक्षा के लिए गोपालगंज जिले में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, गोपालगंज सहित सभी राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जाएगी।जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने निर्धारित केंद्रों पर परीक्षा में शामिल होंगे।प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 24 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी 18 नवंबर 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।प्रवेश पत्र 22 नवंबर तक डाउनलोड किया जा सकेगा। परीक्षा की संभावित तिथियां 24, 25 और 26 नवंबर निर्धारित की गई हैं।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा की पहचान करना और वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को लैपटॉप, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।वहीं, जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले को पांच हजार और द्वितीय स्थान पाने वाले को तीन हजार रुपये, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।नकद पुरस्कार की राशि विद्यार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी।राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सागर सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ और तार्किक क्षमता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और अभिभावकों से अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कराने की अपील की।महाविद्यालय की ओर से परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां की जाएंगी।

बथुआ बाजार में सड़कों पर समंदर

अर्णव तूफान के बाद जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) चक्रवाती तूफान अर्णव के प्रभाव से पिछले दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने फुलवरिया प्रखंड के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र बथुआ बाजार की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। बाजार की मुख्य सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं। जिससे आम राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर बने जानलेवा गड्ढों में जलजमाव होने के कारण स्थिति और भयावह हो गई है। आए दिन बाइक व साइकिल सवार गड्ढों का अंदाजा न मिलने से गिरकर घायल हो रहे हैं। पानी में तड़पते घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाना स्थानीय दुकानदारों की मजबूरी बन गया है। आक्रोशित दुकानदारों का कहना है हम अपनी दुकानदारी चलाएं या दिनभर घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाएं। दुकानदारों ने पथ निर्माण विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर विभाग नींद से कब जागेगा और इस बदहाल सड़क का कायाकल्प कब होगा। स्थिति यह है कि बारिश के पानी के साथ-साथ आसपास के होटलों व रेस्टोरेंटों से निकलने वाला बदबूदार गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इस तीखी दुर्गंध के कारण ग्राहकों ने बाजार की ओर रुख करना बंद कर दिया हैं। जिससे व्यापार पूरी तरह ठप पड़ गया है और व्यवसायियों पर आर्थिक संकट मंडराने लगा है। प्रशासनिक उपेक्षा से आक्रोशित व्यापारियों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई और सड़क की मरम्मत नहीं शुरू हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

बारिश और तेज हवा ने किसानों की बढ़ाई परेशानी, खेतों में गिरी धान की फसल

तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड, सब्जियों की खेती प्रभावित, दलहन की बुवाई पर भी संकट

कटेया (दैनिक नवसंदेश) चक्रवाती तूफान अर्णव के प्रभाव से कटेया प्रखंड में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन ऐन वक्त पर मौसम की बेरुखी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तेज हवा और बारिश के कारण कई खेतों में धान की फसल जमीन पर गिर गई है। वहीं, लगातार बारिश से तापमान में गिरावट आने के कारण ठंड का भी एहसास होने लगा है। मौसम की इस मार का सबसे अधिक असर धान उत्पादक किसानों पर पड़ा है। खेतों में तैयार खड़ी फसल हवा के झोंकों से गिरकर बिछ गई है। कई जगहों पर गिरी हुई फसल में बारिश का पानी जमा हो गया है। इससे धान की कटाई में मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो खेतों में गिरी फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और उपज का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। लगातार बारिश ने सब्जी की खेती करने वाले किसानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। खेतों में जलजमाव और तेज हवा के कारण सब्जियों की फसल प्रभावित हो रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सताने लगी है। वहीं, रबी सीजन की तैयारी में जुटे किसानों के सामने भी समस्या खड़ी हो गई है। इस समय दलहन फसलों की बुवाई शुरू होनी है, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त नमी के साथ कई जगह जलजमाव की स्थिति बन गई है। ऐसे में खेत तैयार करने और समय पर बुवाई करने में बाधा आ रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार होने के बाद कटाई की तैयारी चल रही थी। इसी बीच लगातार बारिश ने पूरी कृषि व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो धान की कटाई में देरी होगी और रबी फसलों की बुवाई का समय भी प्रभावित हो सकता है। एक ओर खेतों में तैयार फसल को बचाने की चिंता है तो दूसरी ओर अगली फसल की खेती को लेकर किसान परेशान हैं। मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की मेहनत और उनकी आर्थिक उम्मीदों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

धान किसान निबंधन में लापरवाही पर वेतन अवरूद्ध

दो प्रखंडों के पदाधिकारियों पर हुई कार्रवाई

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने किसान निबंधन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई की है। पूर्व निर्धारित 50 हजार किसानों के निबंधन लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने एवं शिथिलता बरतने पर सिधवलिया एवं बैकुण्ठपुर के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों का वेतन अवरूद्ध करने तथा स्पष्टीकरण का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को किसान निबंधन में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि सभी योग्य किसानों को धान अधिप्राप्ति का लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए प्रखंडवार 174 समितियों का चयन किया गया है।